e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 134
गुरुवार
18.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 I मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

सुविचार

छोटे फैसलों से ही बड़ी सफलता मिलती है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 39⁰ |
| न्युनतम | 24⁰ |

### सीएम चयन को लेकर कर्नाटक का सियासी नाटक उफान पर, बैठकों का दौर जारी

# नए सीएम को लेकर सस्पेंस बरकरार

### सीएम की रेस में शामिल सिद्धारमैया व डीके शिवकुमार के बाद लिंगायत और दलित नामों पर भी चर्चा शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कर्नाटक का सियासी नाटक अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है. पार्टी आलाकमान अभी सीएम पद को लेकर फैसला नहीं ले पाया है. सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों ही दिग्गज नेता हैं और मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोंक रहे हैं.कांग्रेस अबतक सीएम के लिए कोई नाम तय नहीं कर पाई है। पार्टी के अंदर इस पर गहन मंथन चल रहा है। पूर्व सीएम सिद्धरामैया और डीके शिवकुमार के नाम सुर्खियों में छाया रहा। लेकिन अब अंदरखाने जो खबर आ रही है उसके मुताबिक पार्टी के अंदर तीसरे नाम पर भी चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक सीएम पद के लिए लिंगायत और दलित नामों पर भी पार्टी चर्चा कर रही है।आलाकमान के लिए किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल फैसला हो रहा है.डीके शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद को लेकर अड़े हुए हैं. इस बीच पार्टी में ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी चर्चा हुई. इस पर भी डीके शिवकुमार ने शर्त जाहिर कर दी है. सूत्रों की मानें तो डीके शिवकुमार का कहना है कि अगर यह एक साझा समझौता है तो भी पहले ढाई साल का कार्यकाल मुझे दिया जाए



जबकि दूसरा सिद्धारमैया को. डीके शिवकुमार का कहना है कि मुझे पहला कार्यकाल दिया जाए या फिर मुझे कुछ नहीं चाहिए. मैं उस स्थिति में भी चुप रहूंगा. डिप्टी सीएम पद के लिए डीके शिवकुमार ने साफ मना कर दिया है. अब कांग्रेस आलाकमान आपस में मिलेंगे और उसके बाद ही नए सीएम के नाम का ऐलान होगा.इस बीच सूत्रों के हवाले से यह भी खबर सामने आई है कि आलाकमान का यह कहना है कि सिद्धारमैया या डीके शिवकुमार अकेले शपथ नहीं लेंगे. यह एक सामूहिक नेतृत्व है. साथ ही शपथ लेने के लिए 8-10 मंत्रियों की जरूरत है. कांग्रेस आलाकमान अब कर्नाटक में वन मैन शो नहीं चाहता है. पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच अब इन सब मुद्दों पर बातचीत चल रही है.इसके अलावा कर्नाटक में जीत के बाद दिल्ली आए कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ने राहुल गांधी से मुलाकात की है. तमाम रस्साकशी के बीच कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि इस समय पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विचार-विमर्श कर रहे हैं. जब भी कांग्रेस कोई फैसला करेगी हम सूचित करेंगे. अगले 48-72 घंटों में, हमारे पास कर्नाटक में एक नया मंत्रिमंडल होगा.

#### अभी 2 से 3 दिन और लगेंगे

तमाम रस्साकशी के बीच कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा है कि इस समय पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विचार-विमर्श कर रहे हैं. जब भी कांग्रेस कोई फैसला करेगी हम सूचित करेंगे. अगले 48-72 घंटों में, हमारे पास कर्नाटक में एक नया मंत्रिमंडल होगा. गौरतलब है कि इस रस्साकशी के बीच डीके शिवकुमार ने अपने समर्थकों और अपने खेमे के विधायकों के साथ दिल्ली में अपने भाई और सांसद डीके सुरेश के आवास पर मुलाकात की है. पार्टी आलाकमान की ओर से कहा जा रहा है कि डीके शिवकुमार सीएम बनने के फैसले पर अड़े हुए हैं. ऐसे में शिवकुमार ने अपने समर्थकों से मुलाकात की है, इसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं.

## सीएम के नेतृत्व में उत्कृष्ट विद्यालय की ऐतिहासिक पहल, हो रही सराहना

### कुल सीट की तुलना में अबतक 246 प्रतिशत आए अधिक आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झरना कच्छप अपनी बेटी का नामांकन अब राज्य सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए उत्कृष्ट विद्यालय में कराना चाहते हैं। ताकि उनकी बच्ची भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर सके। इसके लिए उन्होंने टीवीएस उच्च विद्यालय, धुर्वा में छठी कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन दिया है। मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए झरना ने कहा गरीब के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने की यह पहल सराहनीय है। ऐसे ही हजारों माता - पिता और अभिभावक हैं, जो सरकार द्वारा शुरू किए गए सीबीएसई संबद्धता प्राप्त 80 उत्कृष्ट विद्यालयों नामांकन के लिए अपने बच्चों का आवेदन जमा कर रहें हैं। मालूम हो कि झारखण्ड में पहली बार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास के बाद अभिभावकों में अपने बच्चे-बच्चियों के नामांकन को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। बड़ी संख्या में अभिभावकों द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखण्ड सरकार की उत्कृष्ट विद्यालय की इस ऐतिहासिक पहल को सराहा जा रहा है। उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु



#### बढ़ाई गई आवेदन जमा करने की समय सीमा

अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई को होगा, प्रथम मेधा सूची 7 जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

17 मई की शाम 5:30 बजे तक कुल 12146 उपलब्ध सीट की तुलना में अबतक 29863 आवेदन विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया गया है। सबसे अधिक आवेदन देवघर से 3247, पलामू से 2322, लोहरदगा से 2254, गिरिडीह से 1708 एवं रामगढ़ से 1498 आवेदन अबतक प्राप्त हुए हैं। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में अबतक कुल 29863 आवेदन बच्चों के जमा हुए हैं।

## क्विक न्यूज

### तलाक का कारण लव मैरिज : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को लव मैरिज पर बड़ी टिप्पणी की और कहा है कि लव मैरिज से तलाक की नौबत आ रही है। दरअसल जस्टिस बीआर गवई और संजय करोल की पीठ ने एक शादी से जुड़े विवाद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसी दौरान एक वकील ने कोर्ट को बताया कि ये एक लव मैरिज है।बार एंड बेंच के मुताबिक जस्टिस गवई ने कहा, ज्यादातर तलाक लव मैरिज से ही हो रहे हैं। दरअसल कोर्ट ने मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था, जिसका पति ने विरोध किया। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि हाल के एक फैसले के मद्देनजर वह सहमति के बिना तलाक दे सकते हैं। इसके बाद भी बेंच ने मध्यस्थता की बात कही। गौरतलब है कि देश में लव मैरिज का काफी प्रचलन है। पुराने दौर में अरेंज मैरिज ज्यादा होती थीं लेकिन अब नए युवाओं का ध्यान लव मैरिज की तरफ ज्यादा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी इस ओर इशारा करती है कि लव मैरिज में आगे चलकर रिश्ते संभल नहीं पा रहे हैं, जिसका नतीजा तलाक के रूप में सामने आ रहा है।

### अदाणी ग्रुप के खिलाफ जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिया सेबी को समय

**नई दिल्ली :** अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की ओर से लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड को जांच के लिए तीन महीने का समय दिया है। अदालत ने सेबी को 14 अगस्त तक स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट देखने के बाद 30 सितंबर तक जांच खत्म करने पर आदेश दिया जा सकता है। शेयर बाजार के कामकाज में सुधार पर एक्सपर्ट कमिटी की रिपोर्ट सभी पक्षों को दी जाएगी। 11 जुलाई को इस पर चर्चा होगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ मामले की सुनवाई कर रही है। पीठ ने बुधवार को सेबी को जांच स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ में जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने दो मार्च को यूएस शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग द्वारा अदाणी ग्रुप के खिलाफ स्टॉक हेरफेर के आरोपों की जांच के लिए छह सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 11 जुलाई को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

## फ्लाइट में धूम्रपान करने वाला यात्री गिरफ्तार

एजेंसी

**बेंगलुरु :** केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में प्रवीण कुमार नाम के एक यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. बताया जा रहा है कि आरोपी ने अहमदाबाद से बेंगलुरु जाने वाली एक उड़ान में कथित रूप से धूम्रपान किया. जानकारी के अनुसार प्रवीण कुमार मंगलवार दोपहर 1 बजकर 10 मिनट पर अकासा एयरलाइंस के क्यूपी-1326 उड़ान में अहमदाबाद से बेंगलुरु पहुंचा. आरोप है कि उसने विमान के बीच रास्ते में धूम्रपान कर एयर ट्रैफिक कंट्रोल नियम-25, सहयात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षा का उल्लंघन किया था.अधिकारियों ने कहा कि केआईएएल एसएनवी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के ड्यूटी मैनेजर की शिकायत के आधार पर प्रवीण कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि



अहमदाबाद से बेंगलुरू जा रही अकासा एयर की फ्लाइट क्यूपी-1326 का एक यात्री विमान के शौचालय में धूम्रपान करते पाया गया. हमारे चालक दल ने आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया और यात्री को बेंगलुरु में उतरने पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की मदद से स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया. अधिकारी ने कहा कि हम इस मामले की जांच में अधिकारियों की मदद कर रहे हैं. आपको बता दें कि इससे पहले अप्रैल में, इंडिगो की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया था कि दिल्ली-बेंगलुरु इंडिगो उड़ान के आपातकालीन दरवाजे के फ्लैप को कथित तौर पर खोलने की कोशिश करने के लिए नशे में धुत एक 40 वर्षीय यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. विज्ञप्ति के अनुसार, घटना आईजीआई हवाईअड्डे से उड़ान संख्या 6ई 308 में हुई थी.घटना का विवरण देते हुए इंडिगो ने कहा था कि दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट 6ई 308 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने नशे की हालत में आपातकालीन निकास के फ्लैप को खोलने की कोशिश की. एयरलाइंस ने कहा था कि इस उल्लंघन को नोटिस करने पर, बोर्ड पर मौजूद चालक दल ने कप्तान को सतर्क किया और यात्री को उचित रूप से सावधान किया गया. उक्त उड़ान के सुरक्षित संचालन पर कोई समझौता नहीं किया गया. बेंगलुरु पहुंचने पर यात्री को सीआईएसएफ को सौंप दिया गया था.

## एसीबी ने कार्यपालक अभियंता को किया गिरफ्तार, जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एसीबी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दुमका में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता संजय कुमार को गबन एवं पद के दुरुपयोग के आरोप मे गिरफ्तार किया। रांची अरगोड़ा स्थित बसंत विहार कॉलोनी से बुधवार की सुबह गिरफ्तारी हुई है। बाद में बुधवार की दोपहर कार्यपालक अभियंता को एसीबी ने धनबाद न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसीबी डीएसपी ने बताया कि वर्ष 2018-19 में कार्यपालक अभियंता संजय



कुमार गिरिडीह में पदस्थापित थे। उनके खिलाफ चापाकल, डीप बोरिंग, शौचालय निर्माण के एवज में अवैध राशि वसूली मे केस संख्या 2/18, 4/19 और 14/19 मामले दर्ज हुए थे। साथ ही दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर आपदा प्रबंधन विभाग से भी राशि निकालने का आरोप है। जिसकी जांच निगरानी विभाग को सौंपी गई थी। इन्ही मुकदमों की जांच के संदर्भ में एसीबी की विशेष टीम ने कार्यपालक अभियंता संजय कुमार को रांची से गिरफ्तार किया है।

### अयोध्या बाबरी विवाद में मुस्लिम पक्ष के वकील रहे जफरयाब जिलानी का निधन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अयोध्या बाबरी विवाद में मुस्लिम पक्ष के वकील रहे जफरयाब जिलानी का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। जफरयाब जिलानी मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मेंबर रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त वह बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के अध्यक्ष और यूपी के अपर महाधिवक्ता के पद पर भी रह चुके हैं। जफरयाब जिलानी लंबे समय के बीमार चल रहे थे। मई 2021 में सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्थिति गंभीर होने के चलते उन्हें तत्काल आइसीयू में रखकर उपचार शुरू किया गया था। न्यूरो विभाग के डाक्टरों के अनुसार प्रारंभिक जांच व सीटी स्कैन में पता चला कि उनके ब्रेन के अगले हिस्से में खून का थक्का जमा हुआ था, जिसकी सफल सर्जरी करके उसे हटाया गया। हालांकि उसके बाद कुछ समय के लिए वह स्वस्थ थे।

### दिल्ली-सिडनी एयर इंडिया फ्लाइट में उड़ान के दौरान गंभीर टर्बुलेंस, 7 यात्री हुए घायल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया के सिडनी जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को बीच हवा में गंभीर टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा. इसकी वजह से सात यात्रियों को चोटें पहुंचीं. समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बुधवार को यह जानकारी दी. उड़ान के दौरान हवा के बहाव में अचानक बदलाव होने से विमान के झटके खाने को टर्बुलेंस कहा जाता है. डीजीसीए ने बताया कि घायल यात्रियों को सिडनी पहुंचने पर इलाज मुहैया कराया गया.

## देश के 115 ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने बुधवार को छह राज्यों हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में आतंकवाद-नशीले पदार्थ तस्करों-गैंगस्टरों के गठजोड़ के मामलों में 100 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की. आतंकवाद रोधी एजेंसी ने राज्य पुलिस बलों के साथ मिलकर तड़के ही परिसरों और संदिग्धों से जुड़े अन्य स्थानों पर छापेमारी की.छापेमारी पिछले साल एनआईए द्वारा दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के सिलसिले में की जा रही है. एजेंसी ने इस साल 25 जनवरी को गैंगस्टर से आतंकवादी बने लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा के करीबी सहयोगी दीपक रंगा को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार किया था. दीपक हिंसक हत्याओं सहित कई अन्य आतंकवादी और आपराधिक अपराधों में शामिल रहा है. एनआईए ने दिल्ली-एनसीआर में 32 जगह, पंजाब-चंडीगढ़ में 65 जगह पर छापेमारी की. उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़, बरेली और लखीमपुर में छापे मारे गए हैं. राजस्थान में 18 जगह व मध्य प्रदेश में 2 जगह झापेमारी की गई. मिली जानकारी के अनुसार एनआईए ने कुछ दिन पहले ही 19 नेताओं और विभिन्न संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों, दो हथियार आपूर्तिकर्ताओं और नेटवर्क से जुड़े एक बड़े फाइनेंसर को गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) के तहत गिरफ्तार किया है.

### समीर वानखेड़े को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मुंबई एनसीबी के पूर्व जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े को सीबीआई ने आर्यन खान क्रूज ड्रग्स केस में समन भेजा है. सीबीआई ने बताया कि वानखेड़े को मामले में गुरुवार को पूछताछ के लिए बुलाया है. आर्यन खान क्रूज ड्रग्स मामले में सीबीआई ने समीर वानखेड़े के ठिकानों पर हाल ही में छापेमारी भी की थी. इस दौरान सीबीआई ने बताया था अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को कथित तौर पर ड्रग्स मामले में नहीं फंसाने के लिए उनके परिवार से 25 करोड़ रुपये रिश्वत के तौर पर मांगने को लेकर वानखेड़े के खिलाफ केस दर्ज किया है.

### सुप्रीम कोर्ट में जातीय गणना पर सुनवाई टली

एजेंसी

**पटना :** बिहार में जातीय गणना पर पटना हाईकोर्ट की रोक के बीच सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई होनी थी। हालांकि, शीर्ष अदालत के जज जस्टिस संजय करोल ने इस मामले में सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिससे इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। बता दें कि पटना हाईकोर्ट ने बीते चार मई को जाति आधारित गणना पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए तीन जुलाई की तरीख तय कर दी। इसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची और याचिका दायर कर जातीय गणना जारी रखने की अपील की।

## केंद्रीय कैबिनेट ने आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) को मंजूरी दे दी है। इस पर 17 हजार करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय होगा। कार्यक्रम की अवधि 6 वर्ष है। इससे 2,430 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्ति की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई स्कीम 2.0 को मंजूरी प्रदान की है। इसमें लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए




केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि पीएलआई योजना इलेक्ट्रोनिक उपकरणों, मोबाइल और टेलीकॉम उपकरणों के उत्पादन के क्षेत्र में सफल रही है। इससे इन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ा है और भारत इनका बढ़ा निर्यातक बना है। उन्होंने कहा कि अब सरकार आईटी हार्डवेयर क्षेत्र के लिए भी योजना लेकर आई है। इससे इस क्षेत्र का उत्पादन 3.35 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ेगा। क्षेत्र को 2,430 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त होगा और प्रत्यक्ष तौर पर 75 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं अप्रत्यक्ष तौर पर 2 लाख से ज्यादा रोजगार पैदा होंगे। सरकार के अनुसार भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित घरेलू बाजारों की आपूर्ति करना चाहती हैं और साथ ही भारत को एक निर्यात केंद्र बनाना चाहती हैं।

## एमपी को मिला चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार

एजेंसी

**भोपाल :** केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल-संसाधन के बेहतर उपयोग, जल-संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिए मध्य प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 की सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में प्रथम स्थान के लिए चुना गया है। पुरस्कार समारोह शीघ्र ही होगा, जिसमें प्रदेश को ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को जनसम्पर्क अधिकारी अंकुश मिश्रा ने दी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि के लिए मध्य प्रदेश के नागरिक,जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारियों को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में




पर्यावरण के साथ सामंजस्य से विकास की ओर सतत आगे बढ़ते रहने में भारत आज विश्व का मार्गदर्शक है। जल-संरचनाओं का संरक्षण, संवर्धन एवं उचित प्रबंधन, पर्यावरण-संरक्षण का एक महत्वपूर्ण घटक है। यह बहुत गौरव की बात है कि समूचा मध्य प्रदेश इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास कर रहा है, यह सम्मान मध्य प्रदेश की इसी सोच का प्रमाण है। चतुर्थ राष्ट्रीय जल पुरस्कार के अन्तर्गत राज्यों, संगठनों और व्यक्तियों आदि को 11 विभिन्न श्रेणियों-सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ मीडिया (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक), सर्वश्रेष्ठ स्कूल, कैंपस उपयोग के लिए सर्वश्रेष्ठ संस्थान श्रेणी में आरडब्ल्यूए/धार्मिक/ उच्च शिक्षण संस्थान, सर्वश्रेष्ठ इंडस्ट्री, सर्वश्रेष्ठ एनजीओ, सर्वश्रेष्ठ वॉटर यूजर एसोसिएशन और सीएसआर गतिविधि के लिए सर्वश्रेष्ठ उद्योग की श्रेणी में पुरस्कृत किया जा रहा है। विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। हितधारकों और लोगों को जल-संसाधन प्रबंधन के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने और प्रोत्साहित करने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय जल पुरस्कार की परिकल्पना की गई है। यह पुरस्कार, पानी के महत्व के प्रति जनता के बीच जागरूकता पैदा करने और प्रभावी जल प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करने का भी प्रयास करते हैं। जल शक्ति मंत्रालय द्वारा पहला राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2018 में प्रदान किया गया था। जल-आंदोलन को जन-आंदोलन में बदलने के लिये 2019 में जल शक्ति अभियान और जल जीवन मिशन शुरू किया गया था, जिसमें कई पुनर्भरण संरचनाएँ बनाई गई और इसमें करोड़ों लोग शामिल हुए। राष्ट्रीय जल पुरस्कारों ने सर्वोत्तम जल-संसाधन प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने के लिये स्टार्ट-अप्स के साथ प्रमुख संगठनों को वरिष्ठ नीति निर्माताओं के साथ जुड़ने और विचार-विमर्श करने का एक अच्छा अवसर प्रदान किया है।

# आम लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका : जोबा मांझी

➲डीएमएफटी के तहत 62.55 करोड़ से अधिक की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का हुआ उद्घाटन एवं शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू दौरे पर पहुंची राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने कहा बुधवार को कहा कि आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं को बच्चों को तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। अपनी जिम्मेदारी का सही से निर्वहन करें। बच्चों के जीवन सवारने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचायें। बच्चों को कुपोषण से बचाव किया जा सके। इसके लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित राज्य की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अच्छादित करने के कार्य में तत्परता दिखाएं। मानदेय देने एवं अन्य कठिनाइयों को दूर करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। मंत्री स्थानीय टाउन हॉल में पलामू जिले के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में श्वष्टष्टश्व (अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण समारोह के शुभारंभ के मौके पर बोल रहीं थीं। समारोह के दौरान डीएमएफटी के तहत 62 करोड़ 55 लाख 58 हजार 638 रुपए की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच टैब, स्कूल किट का वितरण किया। इसके अलावा पलामू जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर सरकार की विशेष जोर है। साथ ही निर्धारित आयु सीमा के पूर्व उनकी शादी नहीं हो, इसके लिए भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू उपायुक्त द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को विशेष रूप से सुविधा दिये जाने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के सोच से यहां के बच्चे बेहतर करेंगे। पलामू के इस मॉडल को राज्य के अन्य जिलों में भी बढ़ाया जाएगा। पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि अधिकांशतः आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययन के लिए आते हैं। उनके लिए सरकार की ओर से टीएचआर की व्यवस्था की गई है, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। उनके पढ़ाई के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पाठ्यसामग्री दी जा रही है। साथ ही आंगनवाड़ी सेविका को टैब उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चों की शिक्षा को रूचिकर बनाते हुए बेहतर शिक्षा दी जा सके। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में डीएमएफटी के तहत योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन से जिलेवासियों को फायदा होगा। समारोह में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मौके पर उक्त अतिथियों के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


# सभी के सहयोग से होगा क्षेत्र का विकास, समस्याएं होंगी दूर : मंत्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आमलोगों की समस्याएं भी दूर होगी। समन्वय के साथ कार्य करने से बेहतर परिणाम आएंगे। यह बातें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री-सह- जिला योजना समिति की अध्यक्ष जोबा माझी ने कही। वे बुधवार को पलामू जिले में जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। पलामू के उपायुक्त बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला योजना समिति पंचायतों एवं नगरपालिका द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित करने एवं संपूर्ण जिला के लिए विकास योजना जैसे- शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उर्जा क्षेत्र का प्रारूप तैयार करने हेतु जिला योजना समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त कहा जिला योजना समिति के सदस्यों की अनुशंसा वाली योजनाओं को इसमें रखते हुए अनुमोदित एवं स्वीकृत की जाएगी। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने जिला योजना समिति के पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने विगत 4 वर्षो में प्राप्त आवंटन एवं योजनाओं की संख्या एवं उसकी प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित आंकड़ों से अवगत कराते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत योजनाओं की संख्या 101 है। वहीं प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 1968.76 लाख है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 194 योजना जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत किया गया है, जिसकी अनुमानित प्रशासनिक स्वीकृति 5289.37 लाख रुपए है। बैठक में मंत्री जोबा माझी, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं जिला योजना समिति के सभी सदस्यगण, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुजीत कुमार सिंह सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फंदे से लटकते हुए नव विवाहिता महिला का शव मिला





उदय कुमार को हिरासत में लेकर थाना ले जाते हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छत्तरपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्माकला (बउडहवाखाड) कॉलेज मोड़ के समीप विष्णुदेव यादव के घर में उसके पुतोहु सिमा देवी (20 वर्ष) का फंदे से लटकता हुआ शव मिला । वही लड़के के मां ने बताया कि घर में कोई नहीं था सभी पुरूष बाहर काम करने चले गए और हम भी घास लेने चले गई थी लौटने के बाद देखा तो कमरा बंद है और दरवाजा खोलने पर अंदर फंदे से लटकते हुए नजर आई। मृतक महिला कि दो महीने पहले उदय कुमार से शादी हुई थी वही लड़की के परिजन ग्राम तुकतुका निवासी का कहना है कि लड़की को हत्या करके उसे फांसी का रूप दिया गया है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इसके परिवार में लगभग 3 महीने में 3 नौजवान लोगों जिसमें 2 महिला एक पुरुष ने जहर खाकर एवं फांसी लगाकर जान दे दी घर-घर में शराब बनता है और मोहल्ले का माहौल खराब है ग्रामीणों ने भी बताया कि मोहल्ले में हर एक शराब बनाने वाले के घर के नौजवानों की मौत जहर खाने से या फांसी लगाने से हो चुका है ग्रामीणों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मोहल्ले में अगर शराबबंदी नहीं कराया गया तो आगे भी इस तरह की घटना होने की संभावना बनी रहेगी है जबकि यह क्षेत्र नगर पालिका वार्ड नंबर 15 अंतर्गत आता है घटनास्थल पुलिस पहुंची शव को कब्जे में लिया लड़की के परिजन के शिकायत पर लड़के उदय कुमार पुलिस ने हिरासत में लेकर थाना ले गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर भेज आगे की करवाई में जुटी।

# बेटी ने रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए पिता को दी मुखाग्नि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भवनाथपुर :** बेटा ही पिता की चिता को मुखाग्नि देता है। यह रूढ़िवादी परंपरा मंगलवार को टूटती नजर आई जब मृत पारा शिक्षक की इकलौती बेटी ने बेटा की तरह अपने पिता को मुखाग्नि दी।यही नहीं मरणोपरांत होने वाली सभी संस्कार को भी विधिवत पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दुहराई। बता देंकी हरिहरपुर मध्य विद्यालय के पारा शिक्षक आशेशवर सिंह कि सोमवार को हृदयाघात से उनकी मौत हो गई थी। मौत के बाद अंतिम संस्कार हरिहरपुर सोन नदी के तट पर किया गया। पारा शिक्षक की पुत्री आशतिका वर्तमान में दिल्ली के जेएनयू की छात्रा है। आशतिका सिंह ने सभी रूढ़िवादी परंपरा को तोड़ते हुए अपने पिता को मुखाग्नि दी, इतना ही नहीं पिता को कंधा लगाते हुए श्मशान घाट तक गई। जो एक बेटे की तरह फर्ज पूरा किया। इतना ही नहीं पिता के मरनोपरांत सभी संस्कार खुद पूरा करेंगी। इस वाक्या से मौके पर उपस्थित सभी लोगों के दिल पसीज गया। बहुत लोगों ने इस बेटी की तारीफ भी की तो कुछ लोगों ने रूढ़िवादी परंपरा का हवाला देकर गलत भी बताया।लेकिन आशतिका सिंह में कहा कि बेटा बेटी में कोई फर्क नहीं है मैं अपने पापा का सभी संस्कार पूरा करूंगी। उल्लेखनीय है कि आशेशवर सिंह के एक पुत्र और एक पुत्री थे लेकिन 12 वर्ष पूर्व बीमारी से पुत्र इस दुनिया से चल बसा बस एक पुत्री बची है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक राधा कृष्ण तिवारी का हृदय गति रुकने से हुआ मौत

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राधाकृष्ण तिवारी का हृदय गति रुकने से मंगलवार की रात मौत हो गई। बुधवार को स्वर्गीय तिवारी का दाह संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। वे अपने पीछे 2 पुत्र व दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। विदित हो कि सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय तिवारी मोहम्मदगंज उत्तर कोयल परियोजना स्कूल में पदस्थापित थे। 5 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होकर गांव में ही परिवार के साथ रहते थे। वे ईमानदार, शांत स्वभाव व उच्च विचार के व्यक्ति थे। गांव समाज में इनके व्यक्तित्व के सभी कायल रहते थे। इनके निधन की खबर सुनते हीं शोक की लहर दौड़ गई।

## डेमा गांव में लगा जलमीनार खराब, ग्रामीण परेशान

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड 3 ग्राम डेमा तथा पूर्णाडीह में लगा जलमीनार करीब तीन वर्ष से खराब पड़ी हुई है। जिसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पानी के लिए भटक रहे हैं। पेयजल की लोगों के सामने किल्लत हो गई है। बावजूद इसके हरिहरगंज नगर पंचायत प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।



ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार लगने के बाद गांव को लोगों को लगा था, कि अब पेयजल की किल्लत नहीं होगी। लोगों को पानी के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। शुरुआती में इसका लाभ भी मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पीएचईडी विभाग से भी आग्रह किया गया किंतु विभागीय कर्मियों ने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत के गठन के बाद नगर पंचायत अंतर्गत सभी जलमीनार व चापाकल को नगर प्रशासन को सौंप दिया गया है इसका जिम्मा नगर पंचायत के जिम्मे है। ग्रामीणों ने कहा कि नगर पंचायत गठन होने से अब और परेशानी बढ़ गई है। नगर प्रशासन पदाधिकारी व कर्मी कोई ध्यान नहीं देते हैं। नगर पंचायत अंतर्गत जो भी चापाकल तथा जल मीनार लगा हुआ है उसे पीएचईडी के कर्मी बनाने से असमर्थ हैं। अब लोगों के सामने पेयजल की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने नगर प्रशासन से शीघ्र जलमीनार मरम्मत करवाने की मांग की है।

## 15 वें वित्त मद से जन उपयोगी पांच योजनाओं का शिलान्यास



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को पाचाडूमर पंचायत के मुखिया श्यामसुंदर बैठा एवं केतार प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद के संयुक्त उपस्थिति में 15वें वित्त मद्द से जनउपयोगी पांच योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात नारियल तोड़कर किया गया। उक्त योजना गम्हरिया गांव में सुदर्शन साह के घर से मेन रोड तक दो लाख 49 हजार 500 रु की लागत से पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम बिजडीह में राधे के घर से मेन रोड तक दो लाख 27 हजार 991 रु की लागत से पीसीसी पथ मरम्मती, ग्राम पाचाडूमर में अक्षयवर प्रसाद के घर से होटल तक एक लाख 91हजार की लागत से नाली मरम्मती, राकेश चौकीदार के घर से जल मीनार तक एक लाख 47 हजार 900 सौ की लागत से नाली पट्टी निर्माण, नाग बाबा के पास चबूतरा निर्माण 79 हजार की लागत से किया गया। इस मौके पर बीडीसी राजकुमार राम, उदय प्रसाद, राकेश प्रसाद, राजू सिंह, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## बढ़ते तापमान के बीच पानी की घोर किल्लत

# पानी की लेयर अंदर जाने से कई चापाकल हुए बेकामयाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पांडू, पलामू :** बढ़ते तापमान के बीच जल संकट इन दिनों गहराता जा रहा है. पांडू प्रखंड में एक तरफ जहां गर्मी से लोग परेशान है तो दूसरी तरफ पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में लगे चापाकल एवं जल मीनार बेकामयाब हो चुके हैं. लोगों की माने तो पूर्व से ज्यादा इस वर्ष पानी का संकट गहराया है। जल संकट से जूझ रहे लोगों ने तत्काल बंद पड़े चापाकल एवं जल मीनार को चालू करने की मांग की है. कहा इसे चालू हो जाने से जरूर कुछ ना कुछ राहत मिलेगी। बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र में ऐसे कई जल मीनार एवं चापाकल है जिसे इस पानी के संकट में भी चालू नहीं कराया जा सका. चाहे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि हो या विभाग किसी ने भी इसे चालू कराने में अब तक पूर्ण रूप से रूचि नहीं ली। हालांकि कई पंचायतों के जनप्रतिनिधि ने बंद पड़े चापाकल को चालू कराने का प्रयास किया है परंतु अभी भी क्षेत्र में बहुत सारे चापाकल एवं जल मीनार सूखे पड़े हैं।

# विजेता छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र व पुरस्कार



प्रभात मंत्र संवादाता

**विश्रामपुर :** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचाम्पा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में बीते मंगलवार को रिलायंस ट्रेंड्स द्वारा ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया था। जिसमें स्कूल के बच्चों को दो ग्रुप में बांटा कर सम्मलित किया गया था। जूनियर ग्रूप में कक्षा एक से कक्षा पांच तक के जबकि सीनियर ग्रुप कक्षा छ्ः से दशम तक के बच्चे शामिल हुए थे। जिसका परिणाम बुधवार को प्रार्थना सभा मे घोषित किया गया। जूनियर ग्रुप मे अंश प्रथम, अनन्या द्वितीय व आरव तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर ग्रुप मे दिपिका प्रथम,परी द्वितीय और आयुषी तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता छात्र छात्राओं को प्रार्थना सभा में ही प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मिश्रा,रिलायंस ट्रेंड्स के स्टोर मैनेजर संजीव कुमार मिश्रा, डीएम बौद्धनाथ यादव, अकाउंटेंट रत्नेश कुमार, विकास चौबे, अजित तिवारी, शैलेश चौबे, सुरेंद्र कुमार, नंदकिशोर, आभा चौबे, चाचंला, प्रतिमा, प्रतिभा, मधु, पियूष सहित कई शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट के निदान के लिए विधायक ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर पीएमओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से कार्रवाई करने को कहा है। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार को समस्या का समाधान कर जलशक्ति मंत्रालय एवं हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराने का आग्रह किया है। पीएमओ द्वारा पत्र पर तत्काल कार्रवाई करने पर विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक श्री सिंह ने उम्मीद जताई है कि जलशक्ति मंत्रालय के आग्रह पर पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में जलसंकट का तत्काल समाधान करेगा। मालूम हो कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के मध्यम से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट का निदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि झारखण्ड प्रदेश के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। विगत वर्ष बरसात में औसत से भी काफी कम बारिश होने के कारण भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट निचे चला गया है। फलस्वरूप सरकारी एवं निजी नलकूप एवं पेयजल कूप सूख गए हैं। जन के अलावा जंगली जानवर भी पानी के लिए भटक रहे हैं। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया है।

## विश्रामपुर पुलिस ने फरार अभियुक्त के हुसैनाबाद स्थित घर पर इश्तेहार तामिल कराया



**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर थाना कांड संख्या 65/2017 धारा 147/ 148/ 149/ 323/ 341/ 307/ 385/ 386/ 387/ 427/ 120b /504/506 भादवि एवं 17 सीएल एक्ट के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त हुसैनाबाद थाना के चौवा चट्टान गांव निवासी दीपक रजवार के घर पर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार विश्रामपुर थाना प्रभारी ने तामिला कराया। विश्रामपुर थाना बताया कि अभियुक्त को 16 जून 2023 तक आत्मसमर्पण करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

# शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था को हर व्यक्ति तक पंहुचायेगा मगध फाउंडेशन : केएन त्रिपाठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मगध फाउंडेशन की पलामू जिला कमिटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से शैलेश चंद्रवंशी को जिला प्रमुख, नन्दगोपाल त्रिपाठी को महासचिव तथा जीशान खान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसे लेकर एक बैठक मंगलवार को हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष केएन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार ने कहा कि आज देश में जातिपाति, सांप्रदायिक भेदभाव के आधार पर वोटबैंक की राजनीति की जा रही है जिससे देश कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे ज्यादा मजबूत मगध साम्राज्य के समय था। चाणक्य और चंद्रगुप्त ने जिस मगध साम्राज्य की नींव रखी उसे सम्राट अशोक ने सर्वोच्च शिखर पर पंहुचाया। मगध फाउंडेशन का उद्देश्य उसी गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करना है ताकि भारत पुनः उसी तरह मजबूत और सशक्त हो सके। इसके लिए मगध कालीन भारत के अंतर्गत आनेवाले सभी राज्यों एवं देशों के अंदर राज्य, जिला तथा प्रखंड कमिटियों का गठन किया जायेगा। ये सभी कमिटियां ÷मैं ही भारत हूँ÷ का उद्घोष करते हुए गांव-गांव तक राष्ट्रीय एकता और भाईचारा का संदेश फैलाते हुए भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर स्थापित करने के लिए दिनरात कार्यरत रहेंगी और सभी लोगों को मगधकालीन इतिहास से अवगत कराते हुए भारत को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत और राज्य सरकारों की तमाम योजनाओं के बावजूद अभी भी देश की बहुत बड़ी आबादी शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। मगध फाउंडेशन बिना किसी भेदभाव के सीएसआर फंड के माध्यम से मगधकालीन भारत के अंतर्गत आने वाले गांवों के वंचित लोगों तक शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था पंहुचाने का कार्य करेगा। पलामू जिला कमिटी के नवमनोनीत प्रमुख शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि मैं पलामू जिला कमिटी की मजबूती के लिए मगध फाउंडेशन के सैनिक की भांति डटा रहूंगा। मगध फाउंडेशन के सेंट्रल कमिटी के वरीय सदस्य सी एस दुबे ने कहा मगध फाउंडेशन का गठन एक ऐतिहासिक परिघटना है जो भारत का आगामी सामाजिक और साँस्कृतिक परिदृश्य तय करेगा जिसके प्रभाव से वर्तमान नफरत की राजनीति भी बदलेगी।

# ग्रामीणों ने रोजगार सेवक पर पीसी मांगने सहित लगाए कई गंभीर आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले में वैसे तो भ्रष्टाचारियों की कोई कमी नहीं है, फिर भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराने के उद्देश से ही मनरेगा कार्य कराया जाता है, वहीं मनरेगा कर्मी द्वारा भोले भाले ग्रामिणों से खुलेआम पीसी मांगा जा रहा है, पीसी जी हाँ आपने असमाजिक तत्वों द्वारा पीसी मांगना सुना होगा लेकिन अगर समाज के बीच रह कर सरकारी पैसों से पैमेंट लेने वाला व्यक्ति ही पीसी का मांग करें तो क्या करें ग्रामीणो की शिकायत कौन सुनेगा पीसी नहीं देने पर काम नहीं करने दिया जा रहा है। ऐसा हीं एक मामला पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत अन्तर्गत जरही टोला से प्रकाश में आया है। बुधवार को जरही टोला के ग्रामीणों ने पंचायत सचिवालय पहुंचकर रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के प्रति नाराजगी जाहिर किया है। ग्रामीण उदेश चौधरी,मिथलेश राम, कमलेश चौधरी, सरिता देवी, यशोदा देवी, कैलि देवी, बिरझू राम, सुरेश पाल, बिरझू चौधरी, शिवपूजन चौधरी, बाबूलाल चौधरी, रामशिस प्रजापति, अजीत राम, बिकर्मा चौधरी, असरेश पाल, विवेक पाल सहित कई लोगो ने रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि किसी भी योजना में काम कराने के लिए पीसी मांगा जाता है, जिसका एक साक्ष्य भी मौजूद है। रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के द्वारा पोटो हो खेलमैदान समतली करण में खुद डिमांड मार कर पैसा निकाल लिया गया जो व्यक्ति बाहर में काम कर रहा है, स्थल पर एक दिन भी काम नहीं किया है, वैसे लोगो के नाम डिमांड लगाकर पैसे की निकासी कर ली गई है। वहीं स्थल पर कार्य करने वाले मजदूर अभी भी मजदूरी के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणों ने रोज़गार सेवक पर जॉब कार्ड बनाने के नाम पर एक, एक हज़ार रुपए लेने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से रोज़गार सेवक पर कारवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणो ने बताया की लोकनाथ राम के घर से करकटा सिवान तक मनरेगा के तहत सड़क निर्माण के लिए रोजगार सेवक द्वारा 1.5 लाख रुपए पिसि का मांग किया गया है।

## इलाज करा कर लौटने के क्रम में लूटपाट की शिकार हुई महिला

**हुसैनाबाद, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के बेगमपुरा गांव निवासी संतोष पाल की पत्नी मनिता देवी ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर लूट पाट व मार पीट की प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि वह अपने बड़े पुत्र सोनू कुमार को जपला के एक निजी क्लीनिक में आई थीं। हाथ का प्लास्टर कराने में देरी हो जाने के कारण घर जाने के लिए ऑटो नहीं मिला। उन्होंने अपने देवर विकास कुमार को बाइक लेकर घर से जपला बुलाई। बाइक से घर जाने के क्रम में जपला नबीनगर पथ के बसारी के पास चार लोगों ने अचानक हमला कर दिया। देवर ने बाइक रोक दी। लुटेरों ने मनिता देवी के गले से सोना का चेन ले लिया।साथ ही बचे हुए 12 सौ रुपए ले लिए। नबीनगर की ओर से आ रहे एक वाहन पर सवार लोगों ने हल्ला किया तो लुटेरे बाइक से भाग गए। भागते हुए दो लुटेरों को पहचान लिया। उनमें संजय उर्फ मंटू व छोटू राज हुसैनाबाद के ग्राम बिहारी बिगहा के निवासी हैं। मनिता देवी ने कहा है कि सामने आने पर चारों को पहचान लेंगी। इस संबंध में थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि महिला मनिता देवी के आवेदन पर हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 111/23 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## एनटीपीसी कोयला खनन ने कोयले का सर्वाधिक प्रेषण रिकॉर्ड किया दर्ज




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 16 मई से 31 मई,2023 तक एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के पालन के हिस्से के रूप में किया जा रहा है।इस अवसर पर एमवीआर रेड्डी, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) द्वारा हिंदी में स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसके बाद नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, एसएससी-सीएंडएम ने अंग्रेजी में विभागाध्यक्षों और कर्मचारी की उपस्थिति में अंग्रेजी में शपथ ली ।संकल्प ने स्वच्छता को बढ़ावा देने और देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे और सप्ताह में कम से कम 2 घंटे समर्पित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कर्मचारियों के साथ बातचीत करते हुए, श्री रेड्डी ने साझा किया कि एनटीपीसी कोयला खनन ने एनटीपीसी पावर स्टेशनों को 115666 मीट्रिक टन कोयले के प्रेषण के साथ एक और मील का पत्थर हासिल किया है, यह अपनी स्थापना के बाद से किसी एक दिन में किया गया अब तक का सबसे अधिक कोयला प्रेषण है। रेड्डी ने उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए कर्मचारियों को बधाई दी।

## 19 मई को वामदलों के कंवेंशन की तैयारी पूरी




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाकपा, माकपा, भाकपा (माले), मासस, आरएसपी, फारवर्ड ब्लाक और एसयुसीआइ(सी) समेत सात वामदलों द्वारा 19 मई को रांची के पुराने विधानसभा भवन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय संयुक्त कंवेंशन की तैयारी पुरी हो चुकी है। इस कन्वेंशन में राज्य के सभी जिलों से वामदलों के 350 से ज्यादा प्रमुख नेतृत्वकारी साथी भाग लेंगें। कन्वेंशन पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा और अपराह्न 4 बजे तक चलेगा। कन्वेंशन में प्रस्तुत किए जाने वाले संयुक्त आधार - पत्र, राजनीतिक प्रस्ताव और आंदोलनों के भावी कार्यक्रम पर चर्चा कर उसे अंतिम स्वरूप दिए जाने के लिए वामदलों की एक संयुक्त बैठक सीपीआई कार्यालय में राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में की गई। वैठक के बाद आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता को सीपीआई(एम) के प्रकाश विप्लव , सीपीआई के महेंद्र पाठक, भाकपा माले के जनार्दन प्रसाद ने संबोधित किया। बैठक में सीपीआई के अजय सिंह, प्रमोद कुमार पांडेय, बी. एन ओहदार, भाकपा माले के शुभेदु सेन,भुवनेश्वर केवट, माकपा के विरेन्द्र कुमार, मासस के सुशांत मुखर्जी ने हिस्सा लिया। वाम दलों के नेताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा एक ओर देश की राष्ट्रीय संपदा की लूट की जा रही है और दुसरी तरफ भारत का संविधान, देश के फेडरल ढांचे व जनतंत्र समेत आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। इसके साथ ही सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक धुव्रीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए आम नागरिकों के बीच नफरत और घृणा का माहौल फैलाया जा रहा है।

## हमारा जीवन हमारी यादें पुस्तक का हुआ विमोचन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नई दिल्ली के जनपथ बिल्डिंग स्थित इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स सभागार में केंद्रीय श्रम मंत्री सह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष हर्ष चौहान ने राजकमल प्रकाशन की ओर से प्रकाशित पुस्तक हमारा जीवन हमारी यादें का विमोचन किया। डॉ. रामानंद ने इस पुस्तक का संपादन किया है। इस पुस्तक में संघर्षों की आग में तपकर आए सामाजिक नायकों के आत्म- वृतांत को संकलित किया गया है। इस पुस्तक में चकमक पत्थर से निकला प्रकाश-कलीराम की जगबीती, मेरी आवाज-धनराज की आपबीती, पथरीली रहें और सागवान के फूल-आशा लकड़ा का आत्म-वृतांत, ऐसे होते हैं नायक-अनिकेत की स्मृति को समर्पित-इन चार पात्रों को शामिल किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि हर एक व्यक्ति की अपनी-अपनी कहानी होती है। हर एक कहानी का अपना मोरल होता है। इस पुस्तक में चार पात्रों का चयन किया गया है, जो देश के अलग-अलग राज्य व गांव से हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि आत्म वृतांत में भाजपा की राष्ट्रीय मेरा सौभाग्य है कि इस पुस्तक में शामिल किए गए चार पात्रों के जीवन संघर्ष को मैने स्वयं देखा है। डॉ. आशा लकड़ा दो बार रांची की मेयर रही। संगठन में सक्रिय रहीं। उनके नेतृत्व में संघर्ष देखने को मिला। मौके पर राजकमल प्रकाशन के अलिंद माहेश्वरी व दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अभिषेक टंडन उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 25 मई को खूंटी जिले में संभावित कार्यक्रम को लेकर बुधवार को जेएसएलपीएस के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सूरज कुमार ने स्थल भ्रमण किया और तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यक्रम के प्रबंधन और आवश्यक कार्यों को लेकर विस्तार में चर्चा की। बताया गया कि राष्ट्रपति के आगमन को को लेकर अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है।साथ ही विधि व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक व्यवस्था, रूट लाइन की व्यवस्था को लेकर पूर्व में ही वरीय पदाधिकारीयों को निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने बताया कि इसे लेकर संबंधित अधिकारियों के दायित्वों को स्पष्ट किया जा चुका है। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त किए जानेवाले अधिकारियों और कर्मियों को आईडी कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। बिरसा कॉलेज स्टेडियम में होनेवाले कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर भी चर्चा की गई।राष्ट्रपति के आगमन पर हेलिपैड की व्यवस्था और कार्केड पदाधिकारी और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों के प्रवेश द्वार और निकासी द्वार, पार्किंग व्यवस्था, भोजन काउंटर और स्टॉल संबंधित कार्यों की जानकारी मुख्य कार्यपालक अधिकारी को दी गई।

# रांची में हुई हिंसा मामले में हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को गत वर्ष रांची में 10 जून को हुई हिंसा मामले पर राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही याचिकाकर्ता को भी कहा है कि वह अगर राज्य सरकार के जवाब पर प्रति उत्तर देना चाहते हैं तो भी दे सकते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि 10 जून हिंसा मामले में कुछ केस को सीआईडी को क्यों सौंपा गया? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है। इससे पहले सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, रांची एसएसपी, डीजी सीआईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। अधिकारियों ने कोर्ट को बताया कि मामले में जांच जारी है, जिस पर कोर्ट ने इन सभी अधिकारियों की अगली सुनवाई में उपस्थिति से छूट प्रदान की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। रांची हिंसा मामले में दायर पंकज यादव की जनहित याचिका में हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव यास्मीन फारूकी समेत रांची उपायुक्त, एसएसपी, मुख्य सचिव, एनआईए, ईडी को प्रतिवादी बनाया है। अदालत से मामले की एनआईए जांच कराकर झारखंड संपत्ति विनाश और क्षति निवारण विधेयक 2016 के अनुसार आरोपियों के घर को तोड़ने का आदेश देने का आग्रह किया है।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामले में गृह मंत्रालय से चार सप्ताह में मांगा जवाब

**रांची:** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को संथालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण जनसंख्या पर प्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले में हाई कोर्ट ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। कोर्ट ने गृह मंत्रालय से पूछा है कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए कैसे प्रवेश कर रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है।




## रिजल्ट 31 जुलाई से पहले जारी करने दिया निर्देश

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में बुधवार को स्थानीय विषय 'हो' के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति में साक्षात्कार लिए जाने के एक साल बीतने के बाद भी जेपीएससी द्वारा रिजल्ट जारी नहीं किए जाने को सरस्वती गगराई एवं अन्य की रिट याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 31 जुलाई से पहले रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया।कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। दरअसल, हो विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। कुछ कारणों से वर्ष, 2019 में इस प्रक्रिया में रुकावट आई थी। बाद में वर्ष 2022 में फिर से प्रक्रिया शुरू हुई थी।

## हाई कोर्ट में खनन पट्टा मामले में राज्य सरकार का जवाब दाखिल

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके करीबियों को खनन पट्टा दिये जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस मामले में राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। अब याचिकाकर्ता की ओर रिजाइंडर दाखिल करने के लिए समय मांगा गया है। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 16 जून की तिथि निर्धारित की है। खनन पट्टा मामले में राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने अपनी बहस में बताया कि सुप्रीम कोर्ट से ऐसी याचिका खारिज हो चुकी है। इस संबंध में हाई कोर्ट के अधिवक्ता और सूचना अधिकार कार्यकर्ता सुनील महतो ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

## केंद्र ने झारखंड के हज यात्रियों के साथ किया सौतेला व्यवहार : अंजुमन इस्लामिया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अंजुमन इस्लामिया रांची ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड से हज यात्रा शुरू होने वाली है। इस बार लगभग 2800 हज यात्री पाक सफर पर जायेंगे। रांची समेत झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग शामिल हैं। इस बार केंद्र सरकार झारखंड के हज यात्रियों के साथ सौतेला व्यवहार की है। उक्त झारखंड के हज यात्रियों को कोलकाता इंबार्केशन प्वाइंट से भेजा जा रहा है। जबकि पूर्व में केंद्रीय हज कमेटी ने घोषणा की थी कि झारखंड के हज यात्रियों को रांची इंबार्केशन प्वाइंट से हज के लिए जद्दा भेजा जाएगा। मगर ठीक समय पर केंद्र सरकार ने झारखंड के हज यात्रियों के साथ धोका किया है। कोलकाता से हाजियों को भेजा जा रहा है। झारखंड सरकार से यह मांग है की हज यात्रियों के लिए सीधे रांची से जद्दा के लिए विमान सेवा उपलब्ध कराई जाय। अगर सरकार ऐसा नहीं करती है तो कम से कम रांची से कोलकाता कनेक्टिंग फलाईट की व्यवस्था करे, जिसका खर्च राज्य सरकार खुद वाहन करे। अंजुमन इस्लामिया रांची के महासचिव डॉक्टर तारिक अहमद ने कहा की राज्य के मुखिया अब तक खामोश क्यों हैं। इस परेशानी को हल करने के लिए आगे क्यूं नहीं आ रहे है। हज कमिटी के चेयरमैन सिर्फ बयान बाजी कर अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष हाजी मुख्तार ने कहा की केंद्र सरकार से संपर्क किया गया है, प्रयास किया जा रहा की रांची से ही हज यात्रियों को भेजा जाए। हज यात्रियों के लिए अंजुमन हमेशा खड़ी है। संवाददाता सम्मेलन में हाजी मुख्तार, डॉक्टर तारिक अहमद, सौक्त सचिव मां शाहिद, मो नजीब, मो नकीब, शाहिद अख्तर तुक्लु, मो लतीफ, मो वसीम, रमजान कुरैशी, शाहीन अहमद समेत कई लोग थे।

## एनआईए ने नक्सली कृष्णा हांसदा को रिमांड पर लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ( एनआईए) ने 15 लाख के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ आनंद को रिमांड पर लिया है। गिरिडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के मंडलडीह, लेधवा निवासी से एनआईए 20 मई तक पूछताछ करेगी। पारसनाथ इलाके का आतंक कृष्णा हांसदा को जनवरी में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एनआईए ने टेरर फंडिंग के एक मामले में जनवरी 2021 में मनोज कुमार, कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ सौरभ दा उर्फ आंनद, सुनील मांझी उर्फ सुनील मुर्मू उर्फ सुनील सोरेन उर्फ चोपा सोरेन और मनोज कुमार चौधरी पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था।

## रेलवे ने बंद किया रास्ता, लोगों ने सड़क पर उतर कर किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नामकुम थाना क्षेत्र के शनि मंदिर के पास मुंडागढ़ा गांव के लोगों ने सड़क पर उतर कर हंगामा किया कुछ देर के लिए रांची-पुरूलिया रोड को जाम कर दिया। इसके चलते सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। सड़क पर उतरे लोगों का कहना था कि उनलोगों के आने-जाने के रास्ता को रेलवे द्वारा बंद कर दिया गया है। जिससे गांव के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। मजबूरन उन्हें रोड जाम करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल ले जाने में हो रही है। दूसरे रास्ते से बहुत दूरी तय करना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्वर्णरेखा नदी का उफान अलग से डराता है। राधा-कृष्ण मंदिर के समीप छोटे पुल के ऊपर से पानी बहता है। लोग पुल भी पार नहीं कर सकते हैं।

## हाई कोर्ट में पलामू प्रमंडल में अवैध माइनिंग की हुई सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले में पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में प्रधान महालेखाकार, झारखंड को मामले में की गई जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया था। सुनवाई के दौरान मामले में गठित तीन सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई पांच जुलाई निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। उन्होंने कोर्ट बताया कि सैटेलाइट इमेज से यह पता लगाना



चाहिए कि इन तीन जिलों में जिन कंपनियों को कितने लैंड पर माइनिंग के लिए लीज मिला है और वे वास्तविक रूप से कितने लैंड पर माइनिंग का कार्य कर रहे हैं। यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपये की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था।

## जिला स्तरीय सहिया कार्यक्रम का हुआ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रिम्स के सभागार में रांची जिला स्तरीय सहिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची उपायुक्त राहुल सिन्हा थे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सहिया बहनों के द्वारा पंचायत स्तर पर बेहतर काम हो रहा है। आगे बताया कि सहिया को उसके काम और प्रदर्शन को देखते हुए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपये, रजत सहिया को प्रत्येक माह 500 रूपये एवं कास्य सहिया को प्रत्येक माह 250 रूपये प्रत्येक माह दिया जाना है। आगे प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ग्राम स्तर पर आप एक चिकत्सक के रूप में कार्य कर रही हैं और चिकित्सक भगवान का दूसरा रूप होता है। कोरोना काल में सहियाओं की कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कारण ही हमारी स्थिति सम्मानजनक रही,



क्योंकि पब्लिक हेल्थ का ध्यान सहियाओं ने बखूबी रखा। मौके पर ही सिविल सर्जन राची द्वारा भी सभी सहियाओं का प्रोत्साहित किया गया एवं उनके कार्यो की सराहना की गई। इस सम्मेलन में प्रत्येक प्रखंड से पांच पांच उत्कृष्ट सहिया को सम्मानित किया गया है। प्रत्येक प्रखंड से एक ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया है।

**झारखण्ड स्वास्थ्य प्रहरी:** सहियाओं को उनके वार्षिक कार्य प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध (स्वर्ण सहिया, रजत सहिया, काव्य सहिया एवं स्वैत सहिया) दिया गया है, साथ ही स्वर्ण सहियाओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक माह 1000 रुपये, रजत सहियाओं को प्रत्येक माह 500 रूपये एवं कास्य सहियाओं को प्रत्येक माह 250 रूपये प्रत्येक माह दिया जाना है।इस प्रोत्साहन राशि का भुगतान राज्य मद से किया जाना है। इस कार्यक्रम के तहत राँची जिला से 456 स्वर्ण सहिया, 714 रजत सहिया एवं 577 कास्य- सहिया का चयन किया गया। साथ ही झारखण्ड स्वास्थ्य प्रहरी के अंतर्गत स्वर्ण, रजत एवं कांस्य श्रेणी से सहियाओं को

**सम्मानित किया गया:** उक्त कार्यक्रम में डॉ विनोद कुमार सिविल सर्जन रांची, डॉ शशि भूषण खलखो एसीएम ओ रांची, डॉ अशीम मांझी डीआरसीएचडी, रांची डॉ शाहिद करीम डीएमडी सह डीटीओ रांची, डॉ ए आर मुस्तफी डीएलडी, रांची डॉ राजीव भूषण जिला महामारी रोग विशेषज्ञ रांची डॉ मनीर अहमद राज्य प्रशिक्षण समन्वयक श्री समरेश सिंह डीपीएम, रांची, प्रीति चौधरी डीपीसी, रांची संजय तिवारी डीडीएम, रांची 51 बीआइटी सहिया साथी एवं सारे प्रखंड से आये सहिया उपस्थित थे।

## सीआईपी में बनेगा 500 बेड का भवन व ओपीडी : बासुदेब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआईपी) ने बुधवार को 106वां स्थापना दिवस मनाया। मौके पर सीआईपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) बासुदेब दास ने सीआईपी की विरासत और हासिल की गई उपलब्धियों और भविष्य में हासिल किए जाने वाले लक्ष्यों के बारे में बताया। उन्होंने 500 बिस्तरों वाले न्यूरोसर्जरी सुविधाओं वाले एक नए ओपीडी भवन की भी घोषणा की। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) प्रोफेसर (डॉ.) दीपक श्रीवास्तव ने मानसिक और सामाजिक कल्याण के लिए प्रबंधन और एक समग्र दृष्टिकोण पर चर्चा की। मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने वैश्वीकरण के कारण छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य में बदलते रुझान पर जोर दिया और छात्रों के




सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और इन चुनौतियों से निपटने के महत्व पर चर्चा की। मंच पर उपस्थित सीआईपी के पूर्व निदेशक डॉ. डी राम, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अविनाश शर्मा, डॉ. दीपांजन, सीआईपी के पूर्व छात्र अध्यक्ष और सवर्णबाला सोरन, मैट्रन, सीआईपी शामिल थे, जिन्होंने सीआईपी बुलेटिन और पूर्व छात्र न्यूजलेटर जारी किया। सीआईपी के छात्रों और स्टाफ सदस्यों को विभिन्न पुरस्कार दिए गए। प्रोफेसर (डॉ.) बासुदेब दास और डॉ. डी राम ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया। इसके अलावा जी20 नेतृत्व के माध्यम से वैश्वीकरण और मानसिक स्वास्थ्य मार्चिंग विषय पर एक सीएमई का आयोजन किया गया था। इसमें डॉ. संजय के मुंडा ने वैश्वीकरण के युग में सीमांत समुदायों के मानसिक स्वास्थ्य विषय, जिसमें हाशिए पर पड़े लोगों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की गई। डॉ निखिल नायर ने एलजीबीटीक्यू और मानसिक स्वास्थ्य पर वैश्विक से स्थानीय स्तर पर बातचीत÷ की।अगला विषय डॉ. मालविका पारिख ने लिया, जिन्होंने ÷मां-बच्चे के मानसिक कल्याण में वैश्विक रुझान~ क्या भारत तैयार है?÷ जहां उन्होंने आधुनिक भारत में मातृत्व के विभिन्न बदलते परिदृश्यों पर जोर दिया। डॉ. पूजा शर्मा और डॉ. चंद्रमौली रॉय ने एंडॉक्सिफेन फ्रॉम कोर्टेक्स टू क्लिनिक विषय लिया। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. बी दास और डॉ. निशांत गोयल ने की।

## बार-बार बिजली गुल रहने से लोग हो रहे हैं परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजकल गर्मी काफी बढ़ गई है, धूप भी काफी तेज है। दिन में लोग अपने घरों में हैं तो सोचते हैं कि थोड़ा पंखा चला ले , फ्रिज में ठंडा पानी रखकर ठंडा कर ले ताकि प्यास बूझे लेकिन ऐसा शायद ही हो पा रहा है। क्योंकि दिन में बिजली बार बार कट रही है, तो वहीं रात में भी आराम नहीं है। रात में भी बिजली कट रही है, जिस कारण से लोग मच्छरों के आतंक से परेशान हो रहे हैं । बिजली विभाग के इस रवैया से रांची शहर के खासकर कांटाटोली, लोवाडीह, नामकुम, लालपुर, चुटिया, डोरंडा, हिंदपीढ़ी, हरमू और इस पास के लोग काफी परेशान हैं। खास करके हार्ट के मरीज के लोगों को और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग पैसा जोड़ जोड़ कर लेती है और बिजली छोड़ छोड़ कर देती है। समय पर बिजली का भुगतान भी किया जा रहा है बावजूद इसके बिजली पूरी तरह से नहीं दी जा रही है। वहीं बिजली भागते सीएमडी एके श्रीवास्तव कहते हैं कि लोड शेडिंग के कारणों से इस तरह की कहीं-कहीं पर समस्याएं आ रही है, लेकिन हम लोगों की पूरी कोशिश होती है कि बिजली सभी को मिले।सीएन शर्मा ने कहा ऐसा नहीं है कहीं कहीं फ्यूज उड़ गया, या ट्रांसफर जल गया तो इस तरह से कुछ जगहों पर परेशानी आती है फिर हम देखते हैं। इस तरह की शिकायतें नहीं आए।

# ओरमांझी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय में विधायक ने लगाया जनता दरबार, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ओरमांझी प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय सभागार में बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने जमीन संबधी ऑनलाइन, लाल/पीला कार्ड, आवास निर्माण, विधवा पेंशन, पेयजल की समस्या, बिजली की समस्या, मनरेगा भुगतान की समस्या, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाणपत्र की समस्या सहित अनेकों समस्याएं विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के जनताओं कि जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं को विभागीय अधिकारियों से सामंजस्यस्थापित कर समाधान शीघ्र किया जाएगा। वही जनप्रतिनिधियों व विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समीक्षा किया। समीक्षा बैठक में कई विभाग के पदाधिकारी नहीं पहुँचने पर उन्हें फटकार भी लगाया गया। वही विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का निपटारा जल्द से जल्द किया जाए। वही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी बिना पैसा के कोई काम नहीं होता है। अंत में विधायक ने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा, सरिता देवी, प्रखण्ड प्रमुख अनुपमा देवी,उप प्रमुख रिजवान अंसारी,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी अंचलाधिकारी विजय केरकेट्टा,सहित प्रखण्ड क्षेत्र के मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य,सहित दर्जनों विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया जल मीनार निर्माण का भूमि पूजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के जरिया पंचायत व करांजी पंचायत सचिवालय भवन के समीप बुधवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के द्वारा किया गया। मौके पर विधायक ने ग्रामीण से मिली और पंचायत भवन के सभागार मे ग्रामीणो के साथ बैठक किया। इस दौरान जल जीवन मिशन योजना के लाभ के बारे उपस्थित लोगो को बतलाया कि किस तरह डीप बोरिंग करके पैम्प के माध्यम से कैसे शुद्ध पेय जल घर घर तक पानी पहुँचाया जायेगा। जिसे पानी की समस्या से लोगो को निजात मिलेगी। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा रही अन्य नये योजनाओं के बारे मे भी जानकारी ग्रामीण को दी। मौके पर बीडीआ डा प्रवीण कुमार, जिपस पूर्वी बेरोनिका उरांव, जिपस पश्चिमी पार्वती देवी, प्रमुख विनीता कच्छप, उप प्रमुख मोदासीर हक, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, पंचायत जरिया के मुखिया कुंवारी कुमारी, करांजी के मुखिया फ्रांसिस्का मंज, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, जगरनाथ भगत, राजीव रंजन अधिकारी, संजय कच्छप, बबलू खान, मो साबीर मीर, मनकु कुजूर, मीर मुस्लिम, फहीम खान,रुस्तम अंसारी, मकबूल जी, मो इस्माइल, सुलेमान तिर्की, मार्टिन तिर्की, सरोज लकड़ा व जल सहिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## संत माईकल +2 स्कूल मूरी में अंग्रेजी कविता पाठ के विजेताओं को सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में बीते शनिवार को अंग्रेजी कविता पाठ का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा यु.के.जी तक के विधार्थीयो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम में बच्चो ने अपनी वर्ग शिक्षिका के निरीक्षण में, सुंदर-सुंदर कविताएं प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्रों को बुधवार को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों में वाचन शैली एवं भाषा की स्पष्टता का विकास करना है। मौके पर स्कूल के प्राचार्य सी. एल प्रजापति ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चो में बौद्धिक क्षमता का विकास तथा आत्मविश्वास की भावना का विकास होता है। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षकगण सिमा कुमारी, शोभा शर्मा, दिपीका कुमारी, रीना साहु, सयुक्ता सिंह देव, श्वेता सिंह, प्रशांत गोराई,श्वेता रिजिस भेंगरा आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत एक घायल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली थाना अंतर्गत लोवादाग के समीप बुधवार की शाम को सिल्ली बंता मुख्य मार्ग पर स्प्लेंडर गाड़ी संख्या JH 01 EA 8761 से दो युवक सिल्ली से मोबाइल बना कर अपने घर झाबरी गांव लौट रहे थे। लौटने के क्रम में दोनों युवक अपने बाइक से असंतुलित होकर गिर पड़े जिसमें झाबरी निवासी सुभाष मुखियार के पुत्र गोरांग मुखियार उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका चचेरा भाई संदीप मुखियार उम्र 17 वर्ष की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम मे हो गई। ग्रामीणों ने दुर्घटना की सूचना सिल्ली पुलिस को दी। सिल्ली थाना के अवर निरीक्षक अनूप टोपनो अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे और घायल को उठाकर सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया तथा मृतक का शव को अपने कब्जे में ले कर सिल्ली थाना लाया गया।



## गर्मी को देखते हुए पानी का स्टॉल लगाया गया



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के जरियागढ़ थाना व कर्रा थाना द्वारा गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए जरियागढ़ थाना परिसर व कर्रा थाना चौक में ठंडा पानी के लिए घड़ा की व्यवस्था कराया गया. ज्ञात हो कि दोनों जगहों पर राहगीरों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था. ठंडा पानी की व्यवस्था हो जाने से राहगीरों को प्रचंड गर्मी में काफी सुविधा मिल रही है और आने जाने राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी गर्मी में अपनी प्यास बुझा रहे हैं. पानी का घड़ा लग जाने से सभी तरह के लोगों यह सुविधा आसानी मिल पा रही है. जरियागढ़ व कर्रा थाना के द्वारा साफ-सफाई के साथ प्रत्येक पानी का उपलब्धता का ध्यान रखा जा रहा है।

## सेवा कार्य के तहत बजरंगदल ने लावारिस गौवंश सेवा कार्य किया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी बजरंगदल के द्वारा गौ सेवा के तहत लावारिस गोवंश को जान बचाने के लिए सुभाष नगर में दल के सदस्य पहुँचे. लावारिस गोवंश का पता जब बजरंगदल के कार्यकर्ताओं को मिला कि एक बछड़ा सुभाष नगर के आसपास में गिरा पड़ा है, जिसकी स्थिति काफी खराब चोटिल है. उक्त बछड़ा को सांस लेने में भी काफी परेशानी हो रही थी. घायल बछड़ा को बचने के लिए स्थानीय पशु डॉक्टर को बुला कर इलाज कराया गया. बताना चाहते है, बजरंगदल पूरी सक्रियता से वर्षो से लावारिस गोवंश गौमाता की सेवा करते आ रहे है. इस कार्य में राँची जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा, खलारी प्रखण्ड संयोजक अमित लोहरा, दीपक वर्मा, संपर्क प्रमुख दीपक तूरी, गणेश महतो ने सहयोग किया.



# असंगठित मजदूरों का अनिश्चिकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल पिपरवार एरिया के जीएम कार्यालय के समक्ष असंगठित मजदूरों का अनिश्चिकालीन धारण तीसरे दिन भी जारी रहा. बताना चाहते है कि प्रबंधन की ओर से लगातार असंगठित मजदूरों को अस्वासन दिया गया था. लेकिन पिपरवार प्रबंधन की ओर से छलावा का कार्य जारी है. असंगठित मजदूरों का सीएमपीएफ बोनस भुगतान 2013 से लेकर 2023 तक नही किया गया.जीएम ऑफिस के समक्ष लगातार धरना जारी होने पर पिपरवार प्रबंधन ने असंगठित मजदूरों का धरना समाप्त करने का आग्रह किया गया. प्रबंधन ने कहा कि असंगठित मजदूरों का समस्या का समाधान करने के लिए तैयार है. परंतु असंगठित मजदूर मनाने के लिए तैयार नही है मजदूरों का कहना है कि जबतक हमारी मांगे नही मान ली जाती तबतक धारणा प्रदर्शन अनिश्चित कालीन जारी रहेगीं.


## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।

(पंचायत शाखा)

**आम–सूचना**

पंचायती राज विभाग झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1159 दिनांक 15.05.2023 के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या–01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉक रिक्ति) के आलोक में इण्टरमिडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 (नियमित एवं बैकलॉक) के राज्य स्तरीय मेघा सूची के आधार पर पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के पूर्व मेधा सूची में अंकित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जाँच दिनांक 22.05.2023 के पूर्व किया जाना निर्धारित है।

अतएव झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची द्वारा इण्टरमिडिएट स्तर (कम्प्यूटर ज्ञान एवं कम्प्यूटर में हिन्दी टंकण अहर्त्ता धारक पद हेतु) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2017 का दिनांक 09.04.2023 को झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के वेबसाईट पर प्रकाशित चयनित अभ्यर्थियों का परीक्षाफल के अनुसार कोडरमा जिला में पंचायत सचिव के रिक्त पदो के विरूद्ध नियुक्ति हेतु आवंटित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 22.05.2023 तक कार्यालय अवधि में अपना मुल शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होकर आयोग को समर्पित प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगें। उक्त अवधि में शैक्षणिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं कराने पर आपकी अभ्यर्थिता समाप्त समझी जायेगी।

उक्त चयनित अभ्यर्थियों की सूची कोडरमा जिले के वेबसाइट **koderma.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR 297603 Panchayati Raj(23-24)D

## समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची

(कल्याण शाखा)

(ब्लॉक-ए, कमरा संख्या- 112, ई मेल- dwo.ranchi@gmail.com):0651-2213348

**पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित आवश्यक सूचना**

छात्र–छात्राओं के लिए:– वित्तीय वर्ष 2022–23 में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत राँची जिला में सूचीबद्ध सभी महाविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा छात्रवृत्ति की राशि उनके खाता में **PFMS** के माध्यम से भुगतान किया जाता है। जिसके लिए छात्र–छात्राओं का बैंक खाता के साथ आधार **SEEDING/MAPPING** होना अनिवार्य है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति राशि का लाभ लेने हेतु सभी योग्य छात्रों/अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर बैंक खाता संख्या को आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** कराना सुनिश्चित करेंगें। छात्रों का बैंक खाता आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** नहीं होने पर छात्रवृति का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही छात्रों की होगी। आधार **Mapping / Inactive** होने या लिंक नहीं होने की जानकारी UIDAI के बेबसाईट https://resident.uidai.gov.in/check-aadhaar-linking-status पर भी प्राप्त की जा सकती है।

महाविद्यालयों/संस्थानों के लिए:– ई–कल्याण पोर्टल पर सूचीबद्ध राँची जिले के सभी महाविद्यालयों/संस्थानों के प्रधानों से अनुरोध है कि अपने संस्थानों के छात्रों की सूची, जिसे संस्थान के द्वारा ई–कल्याण पोर्टल से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत ससमय ऑनलाईन सत्यापित करते हुए सूची डाउनलोड कर हार्ड कॉपी में पुनः जाँच करते हुए प्रत्येक पृष्ट पर सत्यापित कर सत्यापित प्रति, शपथ पत्र के साथ Forwarding Letter महाविद्यालय/संस्थान के Letter Head में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराया जाय। ताकि योग्य छात्र–छात्राओं को छात्रवृति का भुगतान ससमय किया जा सके। सूची उपलब्ध नहीं होने पर छात्रवृति का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही संस्थानों की होगी। साथ ही छात्रों द्वारा भरे गये आवेदन का मूल प्रति प्रमाण पत्र सहित वर्षवार कार्यालय में संधारित रखेगें ताकि जाँच पदाधिकारी द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जा सके।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
राँची

PR 297590 Welfare (23-24)_D


# सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत सरकार के निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र कोडरमा के द्वारा एक दिवसीय कोडरमा युवा उत्सव का आयोजन किया गया।जिसमें बी आर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। विद्यालय के बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिता में भाग लिए । सांस्कृतिक कार्यक्रम में आरुषि कुमारी आर्या आराध्या दिव्या शीतल एवं पायल ने झारखंड की संस्कृति को दर्शाते हुए नृत्य प्रस्तुत किये जिसमें इन्हें तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पेंटिंग कंपीटिशन में विद्यालय की छात्रा प्रिंसेस भव्या प्रथम एवं प्रिंसेस ग्रेसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस युवा उत्सव में सफल हुवे सभी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल एसेम्बली में सम्मानित किया गया।


## पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

**नाशपाती फल नीलामी सूचना**

**वर्ष–2023–24**

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट परिसर के नाशपाती बागान में लगे फलों को तोड़ने की नीलामी दिनांक–31.05.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे, पुलिस अधीक्षक महोदय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष पुलिस उपाधीक्षक श्री कृष्ण कुमार महतो एवं सदस्यों के समक्ष प्रशासनिक भवन के कन्फ्रेन्स हॉल में किया जायेगा जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक–30.05.2023 को शाम 05:00 बजे तक कार्यअवधि में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बागानों का नाम | नाषपाती फल बृक्षों की सं0 | निम्नतम बोली की प्रारंभिक राषि | जमानत की राषि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | **बागान "ए"** (CLI आवास के सामने) | 316 (लगभग) | 3,00,000.00 (तीन लाख) रू0 | 50,000 रू0 |
| 2. | **बागान "बी"** (मैग्जीन सुरक्षा गार्ड क्षेत्र) | 67 (लगभग) | 66,550.00 (छियासठ हजार पाँच सौ पचास) रू0 | |
| 3. | **बागान "सी"** (नाला के उस पार पूर्वी भाग) | 187 (लगभग) | 5,12,435.00 (पाँच लाख बारह हजार चार सौ पैंतीस) रू0 | |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यअवधि में जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में नाशपाती फल निलामी हेतु गठित कमिटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों से अनुमति प्राप्त कर फल बागान देख सकते है। फलों को तोड़ने की नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार है:–

1 बागानों के सामने अंकित जमानत की राशि पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पदनाम से चेक या कैश के रूप में भुगतान/देय होगा, जो नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी ली जायेगी और अन्य असफल व्यक्यिों की जमानत राशि नीलामी के समाप्ती के पश्चात वापस कर दी जायेगी।

2 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालन का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड/आधार कार्ड नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप से प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।

3 नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधित सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपत–पत्र मूल रूप से नीलामी के पूर्व जमा करना होगा।

4 अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक–31.05.2023 को फलों का निलामी का एकरारनमा करना होगा तथा अधिकतम नीलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि तीन दिनों के अंदर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के लेखा शाखा में जमा करना होगा (जमानत की राशि उसमें सामंजित की जायेगी) ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ नीलामी करने के लिए समिति को अधिकार सुरक्षित रहेगा।

5 फल तोड़ने के पूर्व नीलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।

6 अधिकतम बोली वाले व्यक्ति को फलों की देख–भाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वयं होगा जो समिति के कार्यो के अनुरूप कार्य का संपादन करेंगे।

7 फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षतिग्रस्त ना होने पाये यदि क्षति हुई तो नीलामी लेने वाले व्यक्ति से पेड़ की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा।

8 संस्थान के हित में यदि नीलामी का राशि समिति द्वारा निर्धारित दर से कम आता है तो नीलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर नीलामी की जायेगी।

9 नीलामी में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों सदस्यों एवं निविदाकर्त्ताओं को कोविड–19 के सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।

10समिति को यह अधिकार होगा की बिना कारण बताये नीलामी कि शर्तो में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

PR297574 (Police)23-24*D

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
(भूमि संरक्षण निदेशालय)
झारखण्ड, राँची

**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में "जलनिधि" योजनान्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलशन टैंक के निर्माण हेतु कृषकों के लिए सूचना**

झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास मानसुन पर सिमडेगा जिले के कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतू "जलनिधि" नामक योजना वित्तीय वर्ष 2015–16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके। राज्यादेश सख्यां 10 दिनांक 04.05.2023

**योजना का स्वरूप**

**(I) डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पनी पंचायत अंषदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 ईंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P, आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 34 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**(ii) परकोलेशन टैंक निर्माण (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुमानित योजना लागत प्रति ईकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पनी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank – 120ft. Width of Percolation Tank – 100 ft. Depth of Percolation Tank –12ft. Length of Bound – 370 ft Side Slope – 1:1 | योजना लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 129 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

**वितीय वर्ष 2023–24 में परकोलेशन टैंक एवं डीप बोरिंग का प्रखण्डवार लक्ष्य निम्नवत होगा :–**

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | परकोलेशन टैंक | डीप बोरिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | सिमडेगा | 15 | 5 |
| 2 | कुरडेग | 11 | 3 |
| 3 | केरसई | 10 | 2 |
| 4 | पाकरटांड़ | 7 | 3 |
| 5 | कोलेबिरा | 14 | 3 |
| 6 | ठेठईटांगर | 16 | 4 |
| 7 | जलडेगा | 15 | 4 |
| 8 | बोलबा | 9 | 2 |
| 9 | बासंजोर | 5 | 1 |
| 10 | बानो | 27 | 7 |
| | **कुल योग** | **129** | **34** |

**नोट :– प्रखण्डवार निर्धारित लक्ष्य से कम आवेदन प्राप्त होने पर दूसरे प्रखण्ड से प्राप्त आवेदन की स्वीकृति कर ली जायगी।**

डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की **तिथि 31.05.2023** निर्धारित की जाती है।

- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा जिला – सिमडेगा के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जायगा।
- आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
- जिन कृषकों को पूर्व में डीप बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त कराया जा चुका हैं, उनकी पात्रता जलनिधि योजना के लिए मान्य नहीं होगी।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

**आवदेन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय सिमडेगा में जमा लिया जायेगा।**

1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी पंचायत का बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सिमडेगा**
**द्वितीय तल, कृषि भवन, सिमडेगा 835223**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 297558 Agriculture(23-24).D

## मां भुवनेश्वरी महिला समिति ने की मॉम्स किचन टिफिन सर्विस की शुरुआत



**सरायकेला (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला नगरपंचायत क्षेत्र अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह मां भुवनेश्वरी महिला समिति द्वारा मॉम्स किचन नाम से टिफिन सर्विस की शुरुआत की गई है। समिति को दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत केनरा बैंक द्वारा रू 100000 ऋण स्वीकृत की गई थी। जिसकी सहायता से एसएचजी की महिलाओं ने स्वाबलंबी बनने के लिए व्यवसाय की शुरुआत की। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक एवं उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष पिंकी मोदक, नगर पंचायत की सामुदायिक संगठनकर्ता अनमोल कुमारी, सामुदायिक संसाधन सेविका उर्मिला महापात्रा, एवं समिति की अध्यक्ष रितिका सतपति सहित समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन सौंप प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांड्रा पंचायत अंतर्गत कांकी गांव के ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपकर विभिन्न कंपनियों द्वारा हो रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग किया है। ज्ञापन के माध्यम से शिकायत गई है कि कांड्रा व इसके आसपास स्थित विभिन्न आयरन कंपनियों द्वारा भारी मात्रा में धूल- धुआं और प्रदूषण फैलाया जा रहा है। इसके कारण कांड्रा, डुमरा, रापचा, बुरुडीह आदि पंचायत के लोगों का स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। इसे बंद करना अत्यंत आवश्यक है। बताया गया है कि प्रदूषण पर शीघ्र रोक नहीं लगाई जाती है तो सभी ग्रामवासी आंदोलन को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेवारी कंपनी प्रबंधक और प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी, कांड्रा थाना प्रभारी, झारखंड राज्य प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय पदाधिकारी आदि को भी प्रेषित की गई है। इस दौरान कांकी ग्राम प्रधान बिक्रम सिंह सरदार, रायमारा वार्ड सदस्य हरिशंकर सिंह सरदार, सामाजिक कार्यकर्ता राहुल देव महतो समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सापड़ा में विद्युतीकरण कार्य का पुरेंद्र ने किया भूमिपूजन



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्यपुर नगर निगम के गम्हरिया स्थित वार्ड एक के सापड़ा, ऊपर टोला एवं कैवर्त टोला में विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित नप के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह तथा झामुमो नेता महेश्वर महतो ने नारियल फोड़कर भूमिपूजन किया। बताया गया है कि इसके तहत सापड़ा कैवर्त टोला एवं ऊपरटोला में 100-100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस एचटी/एलटी लाइन के लिए करीब 50 पीसीसी पोल लगाए जाएंगे। ग्रामीणों ने बताया कि सापड़ा कैवर्त टोला एवं ऊपर टोला में करीब डेढ़ सौ परिवार रहते हैं। इस दौरान विद्युतीकरण के लिए काम करने वाली एजेंसी यूबी टेक के सुपरवाइजर ने बताया कि विद्युतीकरण का कार्य आगामी दस दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस मौके पर दुर्गा मंडल, निरंजन महतो, रवि कर्मकार, परितोष दास, दिलीप कालिंदी, सुधीर दास, अपीन चंद्र महतो, नेपाल महतो, रास बिहारी महतो, मोहन कालिंदी, गंधा कर्मकार, बुधराम कालिंदी, नारायण हांसदा, सुखलाल कालिंदी, लालचंद कालिंदी, संतोष कुमार, राधेश्याम, उपेंद्र राय सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़ नौ गिरफ्तार, चोरी की 6 गाड़ियां बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पुलिस ने जमशेदपुर के वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। जमशेदपुर की गोलमुरी पुलिस ने चोरी की 6 गाड़ियों के साथ 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में गोलमुरी टुइलाडुंगरी 125 बी ब्लॉक निवासी अमित मुंडा उर्फ टोंटो, बर्मामाइंस हनुमान मंदिर के पास रहने वाले बिट्टू कालिंदी, टुइलाडुंगरी निवासी सागर कालिंदी, टुइलाडुंगरी निवासी बासुदेव बेहरा, टुइलाडुंगरी निवासी रवि महानंद, सिदगोड़ा टाटा लाइन निवासी अमित लोहरा उर्फ गोलू,



बर्मामाइंस रोहित कुमार जायसवाल उर्फ धरती, गुरमित उर्फ गोलू और चाईबासा निवासी पंकज शर्मा शामिल है। उनके पास से होंडा साइन संख्या जेएच 05सीएच 27907, हीरो डिलक्स ओआर14टी 0602, स्कूटी जेएच05एयू 8581, हीरो होंडे स्पलेंडर प्लस जेएच 05जे 9671, एक्टिवा जेएच 05डीइ 4586 और हीरो स्प्लेंडर प्लस जेएच 05 जी 0776 को जब्त किया है. गोलमुरी थाना प्रभारी राजीव रंजन के नेतृत्व में अवर निरीक्षक की टीम कुंदन कुमार सिंह, रितेश तिग्गा, गोपाल कृष्णा, निलेश कुमार, अरविंद कुमार और आरक्षी दिलीप कुमार राम शामिल थे।


## बीएसएनएल का ब्रॉडबैंड 6 दिनों से खराब, ग्रामीण परेशान

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर पंचायत में पिछले 12 मई से बीएसएनएल का ब्रॉडबैंड कनेक्शन खराब होने से ऑनलाइन का सारा काम के साथ-साथ बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस संबंध में बांसगड़ निवासी सीएससी संचालक राकेश मंडल ने बताया कि बीएसएनएल का केबुल लाइन खराब होने की सूचना स्थानीय ऑपरेटर माधव बाउरी को दिए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि बुधवार की देर शाम तक ब्रॉडबैंड कनेक्शन में खराबी होने की वजह से क्षेत्र के वैसे लोग जो सीएससी सेंटर में पैसे का लेनदेन या अन्य काम कराते हैं, खाली हाथ लौट रहे हैं। ऑपरेटर से बात करने पर कहते हैं कि कहां फॉल्ट है पता नहीं चल पा रहा है।

## किताब लवर्स का बुक फेयर लोड द बॉक्स तुलसी भवन में 19 से 21 मई तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर में किताब लवर्स द्वारा सस्ती कीमत पर किताबें बेचने में विशेषज्ञता रखने वाले 3 दिवसीय बुक फेयर का आयोजन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आगामी 19 मई से 21 मई तक किया जा रहा है। उक्त जानकारी किताब लवर्स के सह-संस्थापक और सीईओ राहुल पांडे ने दी। उन्होंने बताया कि, हम जमशेदपुर में बुक फेयर की मेजबानी करके खुश हैं। हमारा बुक फेयर सबसे सस्ती कीमत पर किताबें प्रदान करता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है




कि यह पुस्तक पाठकों की एक विस्तृत श्रृंखला को सेवा प्रदान करता है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, चाहे ग्राहक रहस्य, स्व-सहायता, रोमांस, फिक्शन या नॉन फिक्शन में हों, हमारे पास सभी के लिए किताबें हैं। 3-दिवसीय कार्यक्रम में 20 से अधिक शैलियों की 10 लाख से अधिक नई और पहले से पसंद की जाने वाली पुस्तकें प्रदर्शित की जाएंगी। किताब लवर्स बुक फेयर को जो खास बनाता है, वह इसका अभिनव लोड द बॉक्स कॉन्सेप्ट है, जिसमें फेयर में आने वाले ग्राहक एक बॉक्स के लिए एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं और बॉक्स में जितनी किताबें आ सकती हैं, उतनी किताबें भर सकते हैं। बॉक्स 1199 रुपये से लेकर 2999 रुपये तक तीन साइज में उपलब्ध हैं।

## राजू लोहार हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के कुचाई थाना अंतर्गत दलभंगा ओपी क्षेत्र के पोडाड़ीह गांव में विगत दिनों हुए राजु लोहार हत्या मामले का पुलिस ने उदभेदन करते हुए तीन आरोपी मुनु मुंडा उर्फ हाथी, 24 वर्ष, शुरूमनी मुंडा20 वर्ष व सनिका पाहन 22 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा। बुधवार को सरायकेला थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर उक्ताशय की जानकारी देते हुए सरायकेला एसडीपीओ हरविंदर सिंह ने बताया कि विगत आठ मई को पोडाडीह गांव में पत्थर से कुचल कर छोटासेगोई गांव के राजु लोहार की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया था। मामले पर पुलिस ने अनुसंधान करते हुए मामले के तीन आरोपियों में से मुनु मुंडा को दलभंगा बाजार से गिरफ्तार कर पुछताछ किया गया। उन्होंने अन्य दो आरोपियों की संलिप्तता की बात कही। जिसमें



शुरूमनी मुंडा को भुरकुंडा से व सनिका पाहन को रेंगाबेड़ा से गिरफ्तार किया गया है।एसडीपीओ ने बताया कि पुछताछ में उन्होंने प्रेम संबंध में हत्या करने की बात स्वीकार किया है। हत्या में प्रयुक्त पत्थर, कपडे सहित अन्य नमुने को भी संग्रह कर लिया गया है। प्रेस कांफ्रेंस में दलभंगा ओपी प्रभारी सन्नी टोप्पो भी उपस्थित थे।

# सक्सेस स्टोरी : सबर परिवारों को स्वस्थ व कुपोषण मुक्त रखने की मुहिम 31 गांवों के 382 परिवारों को अबतक पोषण वाटिका से जोड़ा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** घनी आबादी वाले क्षेत्र से अलग सुदूर दुर्गम क्षेत्रों में निवास करने वाले सबर जनजाति को मुख्यधारा में लाने, उनके स्वास्थ्य व उचित पोषण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशील प्रयास किए जा रहे हैं । उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा भी क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सबर टोलों को प्राथमिकता दी जाती है, वहां रह रहे लोगों का रहन सहन, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तथा उनके स्वास्थ व पोषण को लेकर काफी संवेदनशील रहती हैं तथा सबर परिवारों के सामाजिक , आर्थिक उत्थान की दिशा में क्या बेहतर प्रयास हो सकते हैं इसे लेकर पदाधिकारियों को हमेशा दिशा निर्देश देते रहती हैं। इसी कड़ी में जेटीडीएस की परियोजना ने सबर परिवारों



को उनके घरों के सामने खाली स्थान, चापाकाल व जल के दूसरे स्रोत के आसपास पोषण वाटिका अर्थात किचन गार्डन ने उनके जीवन और स्वास्थ्य में बदलाव लाना शुरु कर दिया है। जेटीडीएस ने वर्तमान में पोटका, डुमरिया, मुसाबनी, पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के 18 पंचायत के 31 गांव में 382 आदिम जनजाति परिवारों को पोषण वाटिका से जोड़ा है। जिला उद्यान विभाग के अभिसरण से पोषण वाटिका लगाया जा रहा जिसका शुभारंभ एन.ई.पी की निदेशक द्वारा पटमदा प्रखंड के धुसरा गांव में कुछ माह पूर्व किया गया था।

जेटीडीएस ने किचेन गार्डन के लिए लौकी, करैला, झींगा, टमाटर, भिंडी, लाल साग व अन्य साग का बीज 382 लाभुकों के बीच वितरित किया, साथ ही सघन फॉलोअप एवं बैठक के द्वारा सबर परिवारों को पोषण वाटिका से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जिसका अच्छा परिणाम देखने को मिल रहा है। 5 प्रखंड के 31 गांवों/टोलों में सभी सबर जन जाति के घर सब्जी भाजी लगी हुई है, वे इसका निजी उपभोग के साथ-साथ बाजार में बेचकर थोड़ा बहुत आमदनी भी करने लगे हैं । किचन गार्डेन का उद्देश्य खान-पान में सब्जी के उपयोग से विटामिन और पोषक तत्व को बढ़ावा देकर कुपोषण और रक्त अल्पता की कमी को दूर करना है।

जेटीडीएस के डीपीएम ने बताया कि जनजाति परिवारों के आर्थिक सामाजिक उत्थान के लिए केन्द्र और झारखंड सरकार के सहयोग से आदिम जन जाति के लाभुकों के बीच यह योजना चलाई जा रही है। इस योजना में स्वास्थ्य, शिक्षा, बचत, जीविका, पशुपालन, कृषि पर जागरुकता के साथ प्रत्येक परिवार को उनकी इच्छा और जरुरत के अनुसार पशुधन उपलब्ध कराना तथा बांस और पत्ता से निर्मित उत्पाद, विषय पर प्रशिक्षण देना है । इसके साथ ही उनके टोलों में गल्ला की दुकान, मनिहारी दुकान, चाय-नाश्ता का होटल आदि से जोड़ा जाना है।

## पटमदा में झामुमो प्रखंड कमेटी की बैठक आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला कमेटी के निर्देश पर संगठन मजबूत के मद्देनजर झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी का बैठक गुरुवार को पटमदा प्रखंड के डाक बंगला भवन में दोपहर तीन बजे से आहूत की गई है। जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता व पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। बुधवार को डाक बंगला में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर झामुमो नेताओं ने उक्ताशय की जानकारी दी। प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो ने बताया कि बैठक में पंचायत कमेटी



को मजबूत बनाने व नए लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने हेतु कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई पंचायत कमेटी को पुनर्गठन भी किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार मौजूद थे।

## जुगसलाई शनिदेव मंदिर में झारखण्ड शांति यज्ञ 19 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई दुःखु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड़ स्थित शनिदेव मंदिर में शुक्रवार 19 मई को झारखण्ड शनि शांति यज्ञ (हवन) का आयोजन दामोदर शनि बाबा के द्वारा किया जायेगा। आमवस्या के शुभ अवसर पर प्रातःकाल 7 बजे से नवग्रह पूजा एवं हवन आरम्भ होगा, जो दोपहर एक बजे तक चलेगा। संध्या 5 से 6 बजे तक विशेष नागरिकों के द्धारा हवन पूजन का कार्य किया जायेगा। उक्त जानकारी दामोदर शनि बाबा ने दी। संध्या 7 बजे से संध्या भजन कार्यक्रम होगा,



जिसमें बंगाल के कलाकार अपनी भजनों की प्रस्तुति देगें। इससे पहले दोपहर 11 से तीन बजे तक प्रसाद का वितरण होगा। पूजा के सभी कार्यक्रम पंडित अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा के नेतृत्व में 11 पण्डितों द्धारा किया जायेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने एवं अंतिम तैयारी हेतु बुधवार को मंदिर परिसर में हुई बैठक में प्रमुख रूप से राजेश मेंगोतिया (लडडू), मनोज पुरिया, अरविंद मिश्रा (बब्बु), विमल अग्रवाल, विष्णु सोनकर, धर्मेन्द्र शर्मा, दीपक हल्दिया, मुन्ना, अशोक शर्मा और ज्ञानी शर्मा आदि मौजूद थे।

## करीम सिटी कॉलेज में एनएसएस ने किया कौमी एकता सप्ताह शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर की एनएसएस इकाई ने अपना वार्षिक कार्यक्रम कौमी एकता सप्ताह-2023 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ एस पी महालिक (डीन फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज, कोल्हान यूनिवर्सिटी, चाईबासा × प्रिंसिपल जे वर्कर्स कॉलेज) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज तथा एन एस एस ऑफिसर डॉ आले अली ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि, प्राचार्य एवं प्रोग्राम ऑफिसर के हाथों दीप प्रज्वलित कर कौमी एकता सप्ताह को प्रारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं से भरी हुई सभा को संबोधित करते हुए एक छोटी सी कहानी के सहारे यह संदेश दिया कि यदि हम उन्हें अपना समझ ले जिन्हें हम पराया समझते हैं तो समाज में कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होगी। उन्होंने छात्र छात्राओं से यह भी कहा कि जीवन आपका है, भविष्य आपका है और आपके हाथ में है कि उसे आप किस रूप में विकसित करना चाहते हैं। एनएसएस हमें यह संदेश देता है कि हमारी एकता ही हमें शांति तथा प्रगति प्रदान कर सकती है।

इससे पहले करीम सिटी कॉलेज के पूर्व छात्रों की टीम प्रकृत ने बहुत ही रोचक और सुंदर संगीतमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें सैयद नदीम ने कई गीत प्रस्तुत किए और उनका साथ एनसी जोसेफ, निखिल धनराज, रविंद्र सिंह तथा स्मृति रथ ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मानव घोष ने किया और सैयद साजिद परवेज (एनएसएस कोऑर्डिनेटर) ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों तथा छात्र-छात्राओं के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर एक रैली भी निकाली गई जो महाविद्यालय द्वार से चलकर शहर के चौक चौराहों से होते हुए फिर महाविद्यालय को लौटी। इस रैली को झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि डॉ एसपी महालिक ने रवाना किया।

## किरणमयी जयंती उत्सव के तहत नेत्रहीन फुटबॉल खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेगा बिष्टुपुर श्रीलेदर्स परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में पहली बार आईबीएफएफ नेशनल ब्लाइंड फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत पुरुषों के लिए सातवीं एवं महिलाओं का तीसरा फुटबॉल प्रतिस्पर्धा का आयोजन टीनप्लेट ग्राउंड में 17 मई से लेकर 20 मई तक आयोजित हो रहा है. नेत्रहीनों को उनके हुनर को प्रोत्साहन करने हेतु एवं नारी सशक्तिकरण, नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए वर्ष व्यापी अपने सभी गतिविधियों को किरणमई जयंती उत्सव के नाम समर्पित करने वाले संस्था प्रतीक



संघर्ष फाउंडेशन के आग्रह पर बिष्टुपुर श्रीलेदर्स परिवार ने एवं पार्टनर समाजसेवी शेखर डे के अगुवाई में किरणमई जयंती उत्सव के तहत 20 मई को समापन पर नेत्रहीन फुटबॉल प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ियों के साथ-साथ अन्य को भी मेमेंटो देकर सम्मानित करेगा। श्रीलेदर्स परिवार बिस्टुपुर साथ ही साथ प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के द्वारा खिलाड़ियों के लिए एक दिन का ब्रेकफास्ट के लिए सहयोग भी संस्था के मार्गदर्शक शेखर डे के हाथों होगा। इस अवसर पर श्रीलेदर्स के पार्टनर समाजसेवी शेखर डे, आईवीएफएफ के राजकुमार, श्रीलेदर्स के अभिजीत, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निर्देशक अरिजीत सरकार एवं कुमारेस हाजरा उपस्थित थे।

## संपादकीय

# प्रतिबंध लगाकर सच को नहीं दबा पाएंगे

**अपने** समय के गंभीर सच को सामने लाने वाली साहसिक फिल्म 'द केरल स्टोरी' को लेकर कुछ राजनीतिक दलों, उनकी सरकारों और उनके समर्थक बुद्धिजीवियों ने एक रंग देने का प्रयास किया है जबकि यह फिल्म किसी संप्रदाय के विरुद्ध नहीं है अपितु यह तो आतंकवाद के क्रूरतम चेहरे को सामने लाने का काम कर रही है। जिस संप्रदाय से इस फिल्म को जोड़कर, फिल्म को दर्शकों तक पहुँचने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं, यह फिल्म उस संप्रदाय के लोगों को भी सजग करने का काम करती है। ऐसे में केरल और पश्चिम बंगाल की सरकार ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाकर एक तरह से स्त्रियों पर होनेवाले अमानवीय अत्याचार, एक घिनौनी मानसिकता से किए जानेवाले कन्वर्जन और आतंकवाद का पक्ष लिया है। आखिर यह सच सामने क्यों नहीं आना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुख्यात आतंकी संगठन या अन्य गिरोह किस तरह युवतियों को निशाना बना रहे हैं, कन्वर्जन कर रहे हैं और उनका शोषण कर रहे हैं? इन राजनीतिक दलों, सरकारों एवं उनके समर्थक तथाकथित प्रगतिशील बुद्धिजीवियों का पाखंड देखिए कि यही लोग भारतीय संस्कृति को विकृत रूप में प्रस्तुत करनेवाली फिल्मों के बहिष्कार का भी विरोध करते हैं, जबकि एक दुःखद सच को सामने लानेवाली फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की वकालत कर रहे हैं। बहरहाल, फिल्म निर्माताओं ने सर्वोच्च न्यायालय में जाकर प्रतिबंध को चुनौती देकर उचित ही किया है। निःसंदेह न्यायालय सरकारों को आईना दिखाएगा। इसी फिल्म के संदर्भ में पहले भी न्यायालय ने न्यायसंगत निर्णय दिया और 'द केरल स्टोरी' के माध्यम से आनेवाले सच को समाज तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया। 'द केरल स्टोरी' में जिस साजिश को दिखाया गया है, उसे कोई भी खारिज नहीं कर सकता। देशभर में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं कि मुस्लिम लड़के योजनापूर्वक हिन्दुओं और गैर-मुस्लिम लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। ये लव जिहाद नहीं तो क्या है? इस कड़वे सच से वही लोग इनकार कर सकते हैं, जिन्होंने अपनी संवेदनाओं को खत्म कर दिया है। जिनकी आँखों में शर्म नहीं बची है, वे ही लोग युवतियों के विरुद्ध चल रहे इस घिनौनी साजिश को नहीं देख पाएंगे। हम सब जानते हैं कि केरल और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी प्रमुख वोटबैंक है। दोनों ही राज्यों की सरकारों ने 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाकर तुष्टीकरण की राजनीति का ही संदेश दिया है। परंतु वह भूल गए कि ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम संप्रदाय के प्रति और संदेह का वातावरण बनाने का काम किया है। उल्लेखनीय है कि फिल्म को दिखाया जाना है या नहीं, या किस प्रमाणपत्र के साथ फिल्म का प्रदर्शन होना चाहिए, इसके लिए केंद्रीय स्तर पर एक संस्था पूर्व से है। फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने उचित प्रक्रिया के तहत उसका परीक्षण करने के बाद बाकायदा उसे ए सर्टिफिकेट प्रदान किया है। देश में कानून का शासन है और उसका सम्मान सरकार तथा शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों के साथ सभी को करना चाहिए। अफसोस की बात है कि हमारी सरकारें भी अक्सर राजनीतिक हानि-लाभ की चिंता में महत्वपूर्ण संस्थाओं के अधिकार क्षेत्रों और उनकी मान-मर्यादा का ख्याल छोड़ देती हैं। 'द केरल स्टोरी' को बैन करने का फैसला इसी श्रेणी में आता है।


सर्वोच्च न्यायालय में जाकर प्रतिबंध को चुनौती देकर उचित ही किया है। नि :संदेह न्यायालय सरकारों को आईना दिखाएगा। इसी फिल्म के संदर्भ में पहले भी न्यायालय ने न्यायसंगत निर्णय दिया और 'द केरल स्टोरी' के माध्यम से आनेवाले सच को समाज तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त किया। 'द केरल स्टोरी' में जिस साजिश को दिखाया गया है, उसे कोई भी खारिज नहीं कर सकता। देशभर में अनेक स्थानों पर इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं कि मुस्लिम लड़के योजनापूर्वक हिन्दुओं और गैर-मुस्लिम लड़कियों को निशाना बना रहे हैं। ये लव जिहाद नहीं तो क्या है? इस कड़वे सच से वही लोग इनकार कर सकते हैं, जिन्होंने अपनी संवेदनाओं को खत्म कर दिया है। जिनकी आँखों में शर्म नहीं बची है, वे ही लोग युवतियों के विरुद्ध चल रहे इस घिनौनी साजिश को नहीं देख पाएंगे। हम सब जानते हैं कि केरल और पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी प्रमुख वोटबैंक है। दोनों ही राज्यों की सरकारों ने 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगाकर तुष्टीकरण की राजनीति का ही संदेश दिया है। परंतु वह भूल गए कि ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम संप्रदाय के प्रति और संदेह का वातावरण बनाने का काम किया है।


## अमृत कलश

# सत्य सदा यहीं है

**सत्य** सदा यहीं है। वह है; वही है। किसी भविष्य में उसे उपलब्ध नहीं करना है। तुम यहीं और अभी सत्य हो। इसलिए सत्य कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे पैदा करना है, या जिसके लिए उपाय करना है, या जिसे खोजना है। इस बात को पूरी स्पष्टता के साथ समझ लो, और तभी इन विधियों को समझने और प्रयोग करने में आसानी होगी। मन कामना का यंत्र है। मन सदा चाह में है, सदा कुछ चाह रहा है, सदा कुछ मांग रहा है। और उसका विषय, उसका उद्देश्य सदा भविष्य में होता है। मन को वर्तमान से कुछ लेना-देना नहीं है। वर्तमान क्षण में मन गति नहीं कर सकता, इस क्षण में गति के लिए स्थान नहीं है, गति के लिए मन को भविष्य चाहिए। वह या तो अतीत में गति कर सकता है, या भविष्य में। वर्तमान में वह गतिमान नहीं हो सकता, स्थान ही नहीं है। सत्य वर्तमान में है और मन सदा भविष्य या अतीत में होता है। इसलिए मन और सत्य के बीच मिलन नहीं हो सकता। जब मन कोई सांसारिक विषय खोजता है तो कठिनाई नहीं है। तब समस्या लाइलाज नहीं है; वह हल हो सकती है, लेकिन जब वही मन सत्य को खोजने चलता है तो प्रयत्न असंगत हो जाता है। क्योंकि सत्य यहीं और अभी है। और मन सदा वहा और भविष्य में होता है। मिलन संभव नहीं है। इसलिए पहली बात समझ लो-तुम सत्य को नहीं खोज सकते। तुम उसे पा सकते हो, लेकिन खोज नहीं सकते।

## बोध कथा

# प्रतिशोध विनाशकारी

**दक्षिण** अफ्रीका के राष्ट्रपति बनने के बाद एक बार नेल्सन मंडेला अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ एक रेस्तरां में खाना खाने गये। सबने अपनी अपनी पसंद का खाना आर्डर किया और खाना आने का इंतजार करने लगे। उसी समय मंडेला की सीट के सामने वाली सीट पर एक व्यक्ति अपने खाने का इंतजार कर रहा था। मंडेला ने अपने सुरक्षा कर्मी से कहा कि उसे भी अपनी टेबल पर बुला लो। ऐसा ही हुआ। खाना आने के बाद सभी खाने लगे, वो आदमी भी अपना खाना खाने लगा, पर उसके हाथ खाते हुए कांप रहे थे। खाना खत्म कर वो आदमी सिर झुका कर रेस्तरां से बाहर निकल गया। उस आदमी के जाने के बाद मंडेला के सुरक्षा अधिकारी ने मंडेला से कहा कि वो व्यक्ति शायद बहुत बीमार था, खाते वख़्त उसके हाथ लगातार कांप रहे थे और वह ख़ुद भी कांप रहा था। मंडेला ने कहा नहीं ऐसा नहीं है। वह उस जेल का जेलर था, जिसमें मुझे कैद रखा गया था। जब कभी मुझे यातनाएं दी जाती थीं और मैं कराहते हुए पानी मांगता था तो ये मेरे ऊपर पेशाब करता था। मंडेला ने कहा ,"मैं अब राष्ट्रपति बन गया हूं, उसने समझा कि मैं भी उसके साथ शायद वैसा ही व्यवहार करूंगा। पर मेरा चरित्र ऐसा नहीं है। मुझे लगता है बदले की भावना से काम करना विनाश की ओर ले जाता है। वहीं धैर्य और सहिष्णुता की मानसिकता हमें विकास की ओर ले जाती है।

## पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं

# गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में विश्व को राह दिखाता भारत

प्रह्लाद सबनानी


अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं। वर्ष 2022 में वश्वि बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है।


**भारत** में विशेष रूप से कोरोना महामारी के बीच एवं इसके बाद केंद्र सरकार द्वारा गरीब वर्ग के लाभार्थ चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों के परिणाम अब सामने आने लगे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज की जो सुविधा प्रदान की गई है एवं इसे कोरोना महामारी के बाद भी जारी रखा गया है, इसके परिणामस्वरूप देश में गरीब वर्ग को बहुत लाभ हुआ है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में गरीबी के अनुमान पर एक वर्किंग पेपर जारी किया है। इस वर्किंग पेपर में अलग अलग मान्यताओं के आधार पर भारत में गरीबी को लेकर अनुमान व्यक्त किए गए हैं। इस वर्किंग पेपर के अनुसार, हाल ही के समय में भारत में 1.2 करोड़ नागरिक अतिगरीबी रेखा के ऊपर आ गए हैं। वर्ष 2022 में विश्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2011 में भारत में 22.5 प्रतिशत नागरिक गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थे परंतु वर्ष 2019 में यह प्रतिशत घटकर 10.2 रह गया है। वर्ष 2016 में भारत में अतिगरीब वर्ग की आबादी 12.4 करोड़ थी जो वर्ष 2022 में घटकर 1.5 करोड़ रह गई है। पिछले दो दशकों के दौरान भारत में 40 करोड़ से अधिक नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। दरअसल पिछले लगभग 9 वर्षों के दौरान भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिवेश में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। जिसके चलते भारत में गरीबी तेजी से कम हुई है और भारत को गरीबी उन्मूलन के मामले में बहुत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अतिगरीबी का आकलन 1.9 अमेरिकी डॉलर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन आय के आधार पर किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार किए गए आकलन के अनुसार अब भारत में केवल 0.9 प्रतिशत नागरिक ही इस गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक भारत में करोड़ों नागरिक अतिगरीबी में जीते थे। वैश्विक स्तर पर एक दूसरी परिभाषा के अनुसार भी गरीबी का आकलन किया जाता है। इसके अनुसार जिस नागरिक की प्रतिदिन आय 3.2 अमेरिकी डॉलर से कम है, वह व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन करने वाला नागरिक माना जाता है। इसी प्रकार, संयुक्त राष्ट्र (यूएनडीपी) द्वारा जारी किये गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार भी पिछले 15 वर्षों के दौरान भारत में गरीबी आधे से ज्यादा घटी है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक में भारत ने कई देशों को पीछे छोड़ा है। भारत सरकार ने गरीबवर्ग के नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने में सफल नेतृत्व प्रदान किया है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन स्तर जैसे



मानकों के आधार पर भारत ने अच्छा काम किया है एवं भारत सरकार द्वारा इस संदर्भ में लागू की गई विभिन्न योजनाओं का अच्छा असर हुआ है। भारत ने गरीबी के खिलाफ जंग में एक मिसाल पेश की है। भारत की इस सफलता पर यूएनडीपी ने भारत सरकार की जबरदस्त सराहना की है। भारत में अतिगरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले करोड़ों नागरिकों का इतने कम समय में गरीबी रेखा के ऊपर आना विश्व के अन्य देशों के लिए एक सबक है। इतने कम समय में किसी भी देश में इतनी तादाद में लोग अपनी आर्थिक स्थिति सुधार पाए हैं ऐसा कहीं नहीं हुआ है। भारत में गरीबी का जो बदलाव आया है वह धरातल पर दिखाई देता है। इससे पूरे विश्व में भारत की छवि बदल गई है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2022 प्रतिवेदन के अनुसार ग्लोबल मल्टी डाईमेंशनल पावर्टी इंडेक्स को जारी करने के पूर्व, पूरे विश्व के 111 देशों के परिवारों में सर्वे किए गए। कुल मिलाकर पूरे विश्व के 610 करोड़ नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया एवं यह पाया गया कि पूरे विश्व में 120 करोड़ नागरिक अभी भी अतिगरीबी से जूझ रहे हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी प्रतिवेदन में बताया गया है कि विश्व के विभिन्न देशों में 59 करोड़ गरीब नागरिकों को ईंधन की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। यह परिवार भोजन पकाने के लिए ईंधन एवं घरों में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। जबकि भारत गरीबी के ख़िलाफ़ जंग को बहुत मजबूती के साथ लड़ रहा है। भारत में 41.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा के ऊपर लाए जा चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इसे ऐतिहासिक बदलाव बताया है। भारत में कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान एवं इसके बाद भी अत्यधिक गरीबी के स्तर में कोई बढ़ोत्तरी दर्ज नहीं की गई है जबकि विश्व के अन्य कई देशों में इस संदर्भ में स्थिति अभी भी दयनीय बनी हुई है। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी होमलेस नागरिकों की संख्या 6 लाख से अधिक बताई जा रही है। भारत में 60, 70 एवं 80 के दशकों में हम लगभग समस्त नागरिक हमारे बचपन काल से ही सुनते आए हैं कि भारत एक गरीब देश है एवं भारतीय नागरिक अति गरीब हैं। हालांकि भारत का प्राचीनकाल बहुत उज्जवल रहा है, परंतु आक्रांताओं एवं ब्रिटेन ने अपने शासन काल में भारत को लूटकर एक गरीब देश बना दिया था। अब समय का चक्र पूर्णतः घूमते हुए आज के खंडकाल पर आकर खड़ा हो गया है एवं भारत पूरे विश्व को कई मामलों में अपना नेतृत्व प्रदान करता दिखाई दे रहा है। गरीबी उन्मूलन का क्षेत्र भी अब इसमें शामिल हो गया है। भारत के आर्थिक विकास के संबंच में पिछले कुछ वर्षों से लगातार बहुत अच्छी ख़बरें सुनाई दे रही हैं। सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर, भारत से उत्पादों के निर्यात में तेज होती वृद्धि दर और अभी हाल ही में अंतरराष्ट्री मुद्रा कोष द्वारा जारी एक रिपोर्ट, जिसमें बताया गया है कि भारत में गरीबी में भारी कमी दर्ज की गई है। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी हटाओ का नारा तो बहुत लगाया गया परंतु धरातल पर गरीबी हटती हुई दिखाई नहीं दी थी। गरीबी हटाने के लिए भारत में कई योजनाएं बनी, कई कार्यदल बने एवं कई समितियां बनीं परंतु गरीबी में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं दिया। इस संदर्भ में गठित की गई कुछ महत्वपूर्ण समितियों को यहां दर्शाया जा रहा है। वर्ष 1962 में योजना आयोग कार्य समूह का गठन, वर्ष 1971 वी.एम.दांडेकर और एन.रथ समिति, वर्ष 1979 में अलघ समिति, वर्ष 1993 में लकड़ावाला समिति, वर्ष 2009 में तेंदुलकर समिति एवं वर्ष 2014 में रंगराजन समिति। इसी प्रकार तत्कालीन सरकारों द्वारा उठाए गए कदमों में शामिल हैं, वर्ष 1952 में सामुदायिक विकास परियोजना, वर्ष 1953 में राष्ट्रीय विस्तार सेवा कार्यक्रम लांच किया गया, वर्ष 1970 में सूखा क्षेत्र पीड़ित कार्यक्रम लाया गया, वर्ष 1971 में लघु कृषक विकास एजेंसी की स्थापना की गई। साथ ही, पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए गरीबी कम करने की कोशिश की गई, चौथी पंचवर्षीय योजना में गरीबी से मुक्ति प्राप्त करने, सामाजिक समानता लाने एवं सामाजिक न्याय की स्थापना करने का प्रण लिया गया। परंतु भारत में गरीबी कम करने के संदर्भ में कुछ उत्साहजनक परिणाम दिखाई नहीं दिए थे, जबकि वर्ष 2014 से वर्ष 2022 के बीच वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई समस्त योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की जा सकी हैं। भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं का लाभ कतार में अंतिम पंक्ति में खड़े नागरिक तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया गया है। इसके लिए भारत में ही निर्मित की गई तकनीकी का भी इस्तेमाल किया गया है।

# 'लव जिहाद' के घात पर योगी सरकार का कुठाराघात


राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस 'जिहादी जहर' से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही 'उत्तर प्रदेश वधि वरिुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हज़ारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया। मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे 'लव जिहाद' की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख 'द केरल स्टोरी' से यह मुद्दा पुनः वमिर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे।


**'लव'** के शर्बत में जब 'जिहाद' का जहर मिल जाए तो उसका दर्दनाक और जानलेवा हो जाना लाज़मी है। इस 'लव जिहाद' के जहर की तासीर कुछ ऐसी होती है कि बेबसी, बदनामी, घुटन, टूटन, तड़पन और आंसुओं के सैलाब में डूबती-उतराती मजबूर जिंदगी आखिरकार मौत की दहलीज़ पर दम तोड़ देती है। राष्ट्रद्रोही और इंसानियत के विरोधी इस 'जिहादी जहर' से उत्तर प्रदेश को बचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने साल 2020 में ही 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' को लागू कर दिया था। उसका ही परिणाम है कि प्रदेश की 185 पीड़ित महिलाओं को न्यायालय के समक्ष अपने जबरन धर्म परिवर्तन करवाए जाने की बात कहने का अवसर मिल सका। वहीं नाबालिगों के कन्वर्जन के अब तक 65 मामले दर्ज किए गए हैं। दुर्भाग्य है कि ये अवसर, श्रद्धा, निकिता तोमर, नेशनल शूटर तारा सहदेव, आराधना जैसी हज़ारों लड़कियों को नहीं मिल पाया। उन्हें जिहादी जहर ने बड़ी ही बेदर्दी से लील लिया। मजहबी कट्टरता की कोख से जन्मे 'लव जिहाद' की तपिश से कराहती मानवता की दर्दनाक चीख 'द केरल स्टोरी' से यह मुद्दा पुनः विमर्श का केंद्र बन गया है। दरअसल मतांतरण के माध्यम से राष्ट्रांतरण की कुत्सित चेष्टा आज से नहीं सदियों पुरानी है। लोभ, कपट, झूठ और भय उसके बड़े हथियार हैं। इस्लामी आंक्राताओं ने छल, बल और जबरन धर्मांतरण से भारत को दारुल इस्लाम बनाने की पूरी कोशिश की। लेकिन जबरदस्त प्रतिरोध के कारण वे अपने मंसूबों में नाकामयाब रहे। उसके बाद इसाई मिशनरियों ने भी यही कार्य किए। उद्देश्य उनका भी भारत को 'होली लैण्ड' बनाना था बस शैली इस्लामी आंक्राताओं से थोड़ी जुदा थी। देश और समाज को 'संस्कृति परिवर्तन' के माध्यम से अस्थिर करने की कोशिशें आज भी जारी हैं। हम देख सकते हैं कि रणबांकुरे, योद्धा जनजातियों की भूमि नार्थ ईस्ट आज 'क्रिस्तान' बन अलगाव की आग में तप रही है तो दुनिया को इस्लामिक आग को शोलों में जला रहा 'जिहाद' का मायावी मारीच 'लव जिहाद' का रूप धर देश की बेटियों की जिंदगी को बर्बाद कर रहा है। जबरन धर्मांतरण का सबसे घृणित, अमानवीय और स्त्री विरोधी स्वरूप है 'लव जिहाद'। अफसोस है कि अब इस वीभत्स कार्य में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी शामिल हैं। सार्वजनिक स्थल से लेकर वर्चुअल दुनिया तक पूर्ण नियोजन के साथ शिकार की तलाश होती है। कभी शकील 'शिवम' बनकर आता है तो कभी साहिल 'सेकुलर' चोले में। केरल से कश्मीर तक और कामरूप से कन्याकुमारी तक यही स्थिति है। आजाद भारत में यह आग दिन पर दिन फैल ही रही थी कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के माध्यम से अनुचित तरीकों से 'धर्म परिवर्तन' द्वारा देश और समाज को अस्थिर करने की कुचेष्टओं को संचालित करने वाले तंत्र पर योगी सरकार ने 'विधिक सर्जिकल स्ट्राइक' कर सबको अंचभित कर दिया। इससे प्रेरित होकर अनेक राज्यों ने अपने यहां अवैधानिक धर्मांतरण कानून को लागू किया। यह कानून, धर्म की आड़ में षड़यंत्र करने वालों के मंसूबों को परिणामदायक प्रहार है। अब मिथ्या निरूपण, बल, असम्यक प्रभाव, प्रलोभन या कपट पूर्ण माध्यम द्वारा धर्मपरिवर्तन का कृत्य संज्ञेय एवं गैर जमानती अपराध है। धर्म परिवर्तन के उद्देश्य से ही विवाह किया गया था, यह प्रमाणित होने पर विवाह को शून्य मान लिया जाएगा। सबसे अच्छी बात तो यह है कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' पूर्णतः सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होता है, जिसके कारण भारत का पंथनिरपेक्ष स्वरूप और मजबूत होता है। यह कानून मौजूदा हालातों की जरूरत है। गौरतलब है कि लव जिहाद या रोमियो जिहाद की अवधारणा भारत में साल 2009 में पहली बार केरल और उसके बाद कर्नाटक के कैथोलिक ईसाइयों के शोर के बाद राष्ट्रीय ध्यानाकर्षण का सबब बनी थी। उनका दावा था कि लगभग 4000 बेटियों को प्रलोभन देकर या डरा कर मुसलमान बना लिया गया है। कुछ मामले उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट में भी चले थे। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के.टी. शंकरन ने जबरदस्ती धर्मांतरण की बात को स्वीकार भी किया था। सरकारी जांच एजेंन्सियों ने अपनी विवेचना में यह पाया था कि कुछ इस्लामी संगठन बाकायदा धर्म-परिवर्तन (तगय्युर) की मुहिम चलाए हुए हैं। इस मुहिम को एक आंदोलन का रूप देने की कोशिश लगातार की जा रही है। विदित हो कि राम और कृष्ण की पावन धरा पर न तो कभी प्रेम वर्जित था न ही प्रेम विवाह। लेकिन प्रेम की आड़ में धर्म परिवर्तन के षड़यंत्र को भला कैसे स्वीकार किया जा सकता है? 'रहमान' के 'रमेश' बनकर प्रेम जाल बुनने की घटनाएं तो जब-तब अखबार की सुर्खियां बनती ही रहती हैं। यह एक वृहद सुनियोजित संगठनात्मक षड़यंत्र का हिस्सा है। दरअसल मुस्लिम शादियां शरीयत के अनुसार होती हैं, जिनमें वर और कन्या दोनों का मुस्लिम होना अनिवार्य होता है, अतः शादी के समय धर्मांतरण स्वाभाविक रूप से हो जाता है। लेकिन यदि शादी के लिए मजहब बदलना पड़े तो फिर उसे अंतरधार्मिक विवाह कैसे कहा जा सकता है? इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि 'शादी-ब्याह के लिए धर्म-परिवर्तन आवश्यक नहीं है। यह वैध नहीं है।' कुछ ऐसे ही विचार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के भी थे, जब इंदिरा गांधी की शादी फिरोज गांधी से हो रही थी, तब उन्होंने कहा था कि शादी के लिए धर्म परिवर्तन की जरूरत नहीं है। पीड़ा यहीं से शुरू होती है। जब तक पीड़ति को मालूम होता है कि उसके साथ सुनियोजित छल हुआ है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। अब धर्मांतरण ही एक मात्र विकल्प होता है। उसके बाद भी अपमान, प्रताड़ना और पश्चाताप के अंतहीन अंधेरे पीछा नहीं छोड़ते। यदि पीड़ति ने धर्मांतरण से इंकार कर दिया तो बेरहम कत्ल तोहफे में मिलता है। सारी समस्या, अपने मजहब को सर्वोत्तम मानने के साथ ही उसे दूसरों को भी मनवाने की जिद और जद्दोजहद से शुरू होती है। सुन्नत और फर्ज जैसे लफ्जों के 'दीनी वर्क' में लिपटे होने के कारण जबरन धर्मांतरण के लिए अमानवीयता की हदें लांघने में भी गुरेज नहीं किया जाता है। खैर, यूपी में योगी सरकार की सक्रियता और गंभीरता के कारण इस पर काफी हद तक लगाम लगी है। विदित हो कि 'उ.प्र. विधि विरुद्ध संपरिवर्तन प्रतिषेध अध्यादेश-2020' के अंतर्गत दिनांक 27-11-2020 से 30-04-2023 तक कुल 433 पंजीकृत अभियोगों में 1229 लोग नामजद हुए, 855 लोग गिरफ्तार हुए और 339 मामलों में आरोप पत्र भी दाखिल हो गए हैं।

## नागरिक बोध

# कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति अपने करणीय कर्म के प्रति सदैव समर्पित

**कर्तव्य** का पालन अगर समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्तव्यनिष्ठ है, वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है।जो समर्पित है। उसमें किसी भी तरह की अपेक्षा अथवा प्रदर्शन आदि को अवकाश नही रहता ।वह परमार्थ पोषक एवम प्रामाणिक होता है। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति की कथनी करनी में किसी भी प्रकार का अंतर नही रह जाता। वह जैसा कहता है, वैसा ही करता भी है।ऐसी कथनी करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है। कर्तव्य परिपालन की बात करना और कर्तव्य परिपालन के नाम पर शोर शराबा अलग बात है और कर्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। कर्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे छोड़े उपदेश दिए जाते है। पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दाये बाये देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों है।पर कर्तव्यों के पालन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही है।आज व्यक्ति कर्तव्यों से विमुख हो गया है।इसी विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है।कर्तव्यों के पालन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नही कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्तव्य पालन में ही है।कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह कांटो में भी मुस्कराता है। वह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह उसको पुष्पमाला के रूप में गले मे डाले अथवा निर्ममतापूर्वक मसल दे।लेकिन गुलाब की मुस्कराहट और उसकी सुवास में कोई अंतर नही आता। स्वयं से सुवासित रहकर अपने निकट के वातावरण को सुवासित करते रहना उसका कर्तव्य है और अपने इस कर्तव्य को वह अंत तक बखूबी निभाता है। कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति का हृदय कुसुम सा कोमल एवं वज्र सा कठोर होता है। भारतीय पौराणिक युग के चमकते हुए पात्र, कर्तव्य की सजीव मूर्ति हरिश्चंद्र के नाम से हम भलीभांति परिचित है सत्यनिष्ठ जीवन जीने वाले हरिश्चंद्र से हंसते हंसते अपने विशाल सामाज्य का त्याग कर दिया था इतना ही नही तारा को बेच दिया स्वयं बिक गए, पुत्र रोहित को जब तारा अग्नि संस्कार के लिए मरघट में लेकर आई उस समय का दृश्य सचमुच अत्यंत करुणा से परिपूर्ण बन गया था मर्यादा पुरुषोत्तम राम के द्वारा जटायु की परिचर्या ,घायल हंस की बुद्ध के द्वारा सेवा, कबूतर को बचाने के लिए मेघरथ द्वारा स्वयं की प्रस्तुति, चींटियों की रक्षा के लिए धर्मरूचि द्वारा अपने प्राणों का उत्सर्ग कर्तव्य का परिपालन नही है तो और क्या है? शताब्दिया बीत जाने के बाद भी आज हम कर्तव्यनिष्ठ जनो का आदर पूर्वक स्मरण करते है और उनकी प्रेरणाओं का प्रकाश ग्रहण करते है।

## देश दुनीया से

# क्या कांग्रेस को भारी पड़ेगी यह गलती?

**कुछ** समय पहले तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव के ज्यादातर सर्वेक्षण बता रहे थे कि बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस को बढ़त मिली हुई है। लेकिन चुनाव प्रचार में बजरंगबली के प्रवेश ने सर्वेक्षण करने वालों और विश्लेषकों को नए सिरे से चुनावी माहौल का आकलन करने को विवश कर दिया है। कांग्रेस की बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के साथ ऐसा लग रहा है जैसे पूरा चुनाव इसी पर केंद्रित हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने श्रीराम को ताले में जकड़ा और अब बजरंगबली को बंद करने की बात कर रही है। हर सभा में जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा है और प्रदेश में हनुमान चालीसा से लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य कार्यक्रम होने लगे हैं। यह सब अस्वाभाविक नहीं है। कांग्रेस के कुछ नेता बीजेपी पर चुनाव के हिंदूकरण का भले आरोप लगाएं, यह अवसर उन्होंने स्वयं अपनी नासमझी से दिया है। क्या घोषणापत्र में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का मुद्दा डालने वाले मान रहे थे कि बीजेपी इसे यूं ही जाने देगी? अगर हां तो कहना पड़ेगा कि दुर्दशा के बावजूद कांग्रेस ने न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने के बाद देश के बदले मानस और माहौल को समझा, न अपनी गलतियों से सीख ली। किसी के मन में कांग्रेस की दशा को लेकर संदेह हो तो वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बयान और गतिविधियों पर एक नजर डालना काफी होगा। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर कर्नाटक के वरिष्ठ नेता और प्रदेश अध्यक्ष तक को पता नहीं कि उनके घोषणापत्र में यह विषय है तो कांग्रेस के रणनीतिकार हैं कौन लोग? हालांकि, इस घोषणा में आश्चर्य की कोई बात नहीं। सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही वे शक्तियां उनके इर्द-गिर्द एकत्रित होने लगीं थीं, जिनकी विचारधारा में संघ और बीजेपी को हर हाल में खत्म करने के साथ अपने किस्म का लेफ्ट लिबरल सेकुलर नीतियों का परिवेश कायम करना था। ऐसे लोग यूपीए शासनकाल में उनकी सलाहकार परिषद में थे। और जो सोनिया गांधी के पास नहीं पहुंच सके, उन्होंने राहुल गांधी के इर्द-गिर्द स्थान बनाया। इसके कुछ परिणाम साफ दिखाई दिए। इनका ही प्रभाव राहुल गांधी के बयानों में दिखता है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान संघ के पुराने निकर वाले गणवेश को जलते हुए दिखाना या वीर सावरकर के विरुद्ध अपमानजनक भाषा का प्रयोग इसी सोच का प्रमाण है। पिछले लोकसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में देशद्रोह कानून खत्म करने से लेकर अफस्पा हटाने तक के वायदों के बाद कांग्रेस की विचारधारा को लेकर कोई संदेह नहीं रहना चाहिए। बेशक सारे कांग्रेसी इससे सहमत नहीं हो सकते। लेकिन जिनके हाथों में नेतृत्व है पार्टी की नीतियां उन्हीं के द्वारा निर्धारित होंगी और हो रही हैं। बार-बार कांग्रेस नेताओं द्वारा नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग या संघ और हिंदुत्व विचारधारा के सम्माननीय व्यक्तित्वों के विरुद्ध बयान नेतृत्व को खुश करने के लिए ही दिए जाते हैं। बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात भी इसी सोच का विस्तार है। 2014 तक इस सोच और व्यवहार के विरुद्ध जनता की प्रतिक्रियाओं ने ऐसा वातावरण बनाया, जिसमें नरेंद्र मोदी बड़े समूह की उम्मीद बनकर सामने आए और बीजेपी ने लोकसभा में बहुमत प्राप्त किया। देश का मानस बदल रहा था और कांग्रेस का व्यवहार इसके विरुद्ध था। नरेंद्र मोदी का इतना लोकप्रिय और प्रभावी होना भारतीय राजनीति में पैराडाइम शिफ्ट का परिचायक था।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने श्रीराम को ताले में जकड़ा और अब बजरंगबली को बंद करने की बात कर रही है। हर सभा में जय बजरंगबली का नारा गूंज रहा है और प्रदेश में हनुमान चालीसा से लेकर हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ व अन्य कार्यक्रम होने लगे हैं। यह सब अस्वाभावकि नहीं है। कांग्रेस के कुछ नेता बीजेपी पर चुनाव के हिंदूकरण का भले आरोप लगाएं, यह अवसर उन्होंने स्वयं अपनी नासमझी से दिया है। क्या घोषणापत्र में बजरंग दल को प्रतिबंधित करने का मुद्दा डालने वाले मान रहे थे कि बीजेपी इसे यूं ही जाने देगी? अगर हां तो कहना पड़ेगा कि दुर्दशा के बावजूद कांग्रेस ने न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीति में आने के बाद देश के बदले मानस और माहौल को समझा, न अपनी गलतियों से सीख ली।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



**संक्षिप्त खबरे**

### बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी समेत चार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ पांकी मुख्य पथ पर झाबर ग्राम के समीप बाईक दुर्घटना में पति-पत्नी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराबागी ग्राम निवासी रणविजय सिंह एवं उसकी पत्नी पत्नी प्रमिला देवी पुत्र जगबीर सिंह एवं सूरज सिंह शामिल है द्यघटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉ0 पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक इलाज किया गया द्य इस घटना में घायल प्रमिला देवी को सिर हाथ और पैर में जबकि रणविजय सिंह को कमर सिर में चोट लगी है जबकि दोनों घायल बच्चों को आंशिक रूप से चोटे आई है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त सभी लोग लातेहार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवाड़ी ग्राम से एक शादी समारोह में शामिल हो

कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक से अनियंत्रित होकर झाबर ग्राम के पास

# डायन-भूत को लेकर नुक्कड़ नाटक करते कलाकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला अंतर्गत चंदवा में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर डायन प्रथा को लेकर नुक्कड़ नाटक कराया गया। जिसमें कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि डायन प्रथा समाज के लिए अभिशाप है।अगर किसी की तबीयत खराब होती है, तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाना चाहिए ना की किसी ओझा के पास। डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मानव तस्करी और बाल मजदूरी को लेकर जागरुक किया गया। चंदवा के काली गांव में आयोजित कार्यक्रम में बड़े स्क्रीन के माध्यम से मानव तस्करी से संबंधित सत्य घटना पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखलाई गई, जिसमें बताया गया कि किस प्रकार से लोगों को प्रलोभन देकर मानव तस्करी एवं



बाल मजदूरी के दलदल में धकेला जाता है।रोड सेफ्टी पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग देखने के लिए आए,ज्ञात हो लातेहार पुलिस के द्वारा पूरे लातेहार जिले के विभिन्न थानों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

# एनीमिया मुक्त भारत के तहत एएनएम को प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय के रेफरल अस्पताल में बुधवार को अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एएनएम व सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रीजनल कोर्डिनेटर डॉ आरिफ हुसैन और बीपीएम धीरेंद्र कुमार यादव उपस्थित थे। मौके पर रीजनल कोर्डिनेटर ने एएनएम व सीएचओ को अभियान के तहत 6 से 59 माह के बच्चा को विटामिन ए की गोली और आईएफए सिरफ सप्ताह में दो खुराक देने को कहा। वही 5 से 9 वर्ष के बच्चो को आईएफए गुलाबी गोली सप्ताह में एक बार, 10 से 19 वर्ष के बच्चो को सप्ताह में एक नीला गोली देने और 20 से 49 वर्ष की महिलाओ को एक लाल गोली देने की जानकारी दी। उन्होंने गर्भवती, धात्री और समान्य महिलाओ को हरेक सप्ताह 180 गोली देने के बारे में जानकारी देकर प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका, सहिया के माध्यम से स्कूल और अपने अपने सेंटरो में दवा का वितरण करना है। इन सेंटरो पर खून जांच के दौरान खून की कमी होने पर प्रतिदिन महिलाओ को एक एक गोली देने की जानकारी दी। प्रशिक्षको ने एएनएम को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर दवा वितरण करने को कहा ताकि अनीमिया मुक्त भारत बन सके।

## जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स ने वाहन चेकिंग अभियान का चलाया



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स द्वारा टंडवा और सीमारिया क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान विगत देर रात चलाया गया था। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्रों में पिछले छह महीनों में दर्जनों लोगों ने सड़क दुर्घटना में अपनी जान गवाएँ हैं। इन बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जिला प्रशासन प्रयासरत है और इसी के क्रम में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था, जिसमें कुल 20 वाहनों के कागज़ात को जब्त कर लिया गया हैं। इस अभियान में मुख्यतः उन वाहनों के परिचालन को रोकना था जो निर्धारित नियमों यथा परमिट शर्तों का अनुपालन, आदेशानुसार तिरपाल का होना, प्रदूषण मापदंडों का अनुपालन आदि का उल्लंघन करते हुए पाये गए थे। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त नियमों की अवहेलना पर उक्त 20 वाहनों के कागज़ात मंगलवार रात्रि जब्त किये गए है। तथा आगे भी इस तरह का अभियान चलाकर उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और अवैध उत्खनन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त है। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी, टंडवा थाना बल एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## दो पंचायत सेवकों के भरोसे मयूरहंड के विकास का जिम्मा, ग्रामीण परेशान, राजनेताओं की चुप्पी

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र और चतरा लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की बात करें तो दोनों जन प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी से है लेकिन इन दोनों जनप्रतिनिधियों का वर्णन प्रखंड से कोई लेना देना नहीं है यही वजह है कि मयूरहंड प्रखंड में दो पंचायतसेवकों के भरोसे मयूरहंड के कुल 5 पंचायत को सौंप दिया गया।ये दोनों पंचायत सेवक हाल के दिनों में प्रखंड में बतौर तबादले के रूप में योगदान दिया है। जैसे ही इन दोनों पंचायत सेवकों की पोस्टिंग मयूरहंड प्रखंड में हुई उसके बाद से ही यहां के लोग अपने क्षेत्र के विधायक और सांसद को कोसने लगे और पूछने लगे आखिरकार हम प्रखंडवासियों की यही कसूर है कि मैंने अपना मत आपको दिया। अब विधायक और सांसद को कोसना तो यहां के लोगों की लाजिमी है बस इसलिए कि प्रखंड में सभी तरह के विकास के कार्य बहुत ही धीमा है। रही सही कसर पंचायत सेवकों की पोस्टिंग ने निकाल दिया। कुछ लोगों से प्रभात मंत्र से कहा बजरंग प्रखंड के कुल 10 पंचायतों में कम से कम चार पांच और पंचायत सेवकों का होना जरूरी है ऐसी मगर विधायक और सांसद मयूरहंड प्रखंड को लेकर थोड़ी भी संजीदगी दिखा दे तो निश्चित तौर पर इस कमी को पूरा किया जा सकता है।अब देखना है विधायक जी और सांसद महोदय प्रखंडवासियों की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं।

## सोलर लाइट क्षतिग्रस्त, थाना में शिकायत की गई दर्ज

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के राजकीयकृत मध्य विद्यालय करकट में अज्ञात लोगों ने विद्यालय परिसर में लगे चार सोलर लाइट को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसकी जानकारी विद्यालय परिवार को अगले दिन सुबह में विद्यालय खुलने पर हुई। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी विद्यालय परिसर में लगे नलों पाइपों एवं बागवानी को क्षतिग्रस्त किया गया था जिसकी सूचना पूर्व में बीईईओ और थाना प्रभारी को दिया गया था। उक्त मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यक द्वारा बुधवार को लातेहार थाना में शिकायत दर्ज किया गया है। वहीं मामले की जांच कर उचित कारवाई की मांग की गई है।

# पीएम व अंबेडकर आवास योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में दिन बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरेंद्र किंडो की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना व अंबेडकर आवास योजना को शत प्रतिशत पुर्ण कराने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रखंड के सभी पंचायत सचिव स्वयंसेवक आदि को बीडीओ ने साप्ताहिक लक्ष्य देते हुए कहा की पीएम आवास व अंबेडकर आवास योजना को पुर्ण कराने की दिशा मे कोताही कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा ।साप्ताहिक लक्ष्य के प्रति सभी कर्मी आवास पुर्ण कराने को लेकर अपने अपने पंचायत का भ्रमण कर पीएम आवास व अंबेडकर आवास के वैसे सभी लाभुकों से संपर्क कर उन्हे जल्द से जल्द आवास पुर्ण करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही बीडीओ ने कहा की लाभुकों को आवास पुर्ण करने में आ रही कठिनाईयों से पंचायत



सचिव व स्वयंसेवक लाभुकों से अवगत होकर उन्हे आवास बनाने में मदद करें।साथ ही बीडीओ ने कहा की वैसे लाभुकों की सूची बनाकर कार्यालय को सुचित करें जो सरकारी पैसे लेकर आवास बनाने को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं ।वैसे लाभुकों के प्रति भी जिला प्रशासन सख्त कारवाई करेगी। बीडीओ ने उपस्थित सभी कर्मियों को साप्ताहिक लक्ष्य के प्रति गंभीर होकर कार्य करने का निर्देश दिया ।इधर मनिका प्रखंड में बीडीओ बिरेंद्र किंडो के लगातार क्षेत्र भ्रमण से पीएम आवास योजना व अंबेडकर आवास योजना के पुर्ण कराने को लेकर लाभुकों मे भी हड़कंप व्याप्त है। बुधवार की सुबह बीडीओ बिरेंद्र किंडो द्वारा मनिका प्रखंड के दूंदू पंचायत का दौरा कर पीएम आवास व अंबेडकर आवास योजना के कार्य को देखने पहुंचे जहां पर लाभुकों से आवास योजना को जल्द पुरा करने का निर्देश लाभुकों को दिया। वहीं लाभुकों से आवास योजना को पुरा करने मे हो रही समस्याओं से भी अवगत हुआ। उक्त मौके पर बीडीओ के अलावा पंचायत सचिव व स्वयंसेवक मौजूद थे।

# विधायक किशुन कुमार दास ने पेयजल व स्वच्छता विभाग के सचिव से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को लेकर विधायक किशुन कुमार दास ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव डॉ. मनीष रंजन से मुलाकात की। विधायक किशुन कुमार दास ने सचिव को बताया कि टंडवा प्रखंड में एशिया महादेश का सबसे बड़ा कोयलरी क्षेत्र होने के बावजूद भी इस क्षेत्र के ग्रामीणों को पीने के पानी भी नहीं मिल पा रहा है। जिसपर विभागीय सचिव डा मनीष रंजन ने आवश्वत किया है कि टंडवा, गाड़ीलौंग में शीघ्र ही प्रत्येक घरों में पीने का पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। गौरतलब है कि विधायक किशुन कुमार दास ने बजट सत्र के दौरान भी विधान सभा में इस मामले को उठाया था, जबकि टंडवा क्षेत्र में पेय जल आपूर्ति को लेकर वर्ष 2018 में ही कार्य का आबंटन किया गया था। लेकिन तय सीमा में संवेदक महज 35 फ़ीसदी ही काम पूरा कर पाया था, और उसके बाद उस एजेंसी को काली सूची में डाल दिया गया है। हालांकि पेय जल एवम स्वच्छता विभाग के सचिव डॉ मनीष रंजन ने इस मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए पेय जल एवम स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख रघुनंदन शर्मा को बुलाकर इस मामले को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उसके बाद निर्णय लिया गया कि शनिवार को विभाग का उच्च स्तरीय टीम टंडवा क्षेत्र का दौरा कर, पूरे क्षेत्र में शीघ्र ही जल आपूर्ति की व्यवस्था करेगी।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 जून को

**महुआडांड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार पुलिस के द्वारा अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है जिसमें लातेहार जिला अंतर्गत सभी थानों से एक-एक टीम भाग लेगी। लातेहार पुलिस के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में महुआडांड़ थाना क्षेत्र से भी एक टीम का चयन कर उनको जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। क्रिकेट टूर्नामेंट प्रारंभ होने से पूर्व महुआडांड़ थाना क्षेत्र की टीम चिन्हित कर उनको क्रिकेट किट उपलब्ध कराया जाएगा जिससे वह अच्छी तरह से प्रैक्टिस कर क्रिकेट टूर्नामेंट में पूरी तैयारी के साथ भाग ले सकें। क्रिकेट अभ्यास में महुआडांड़ पुलिस कर्मी एवं पुलिस पदाधिकारी भी खिलाड़ियों के साथ मैदान में रहेंगे जिससे की खिलाड़ियों का चयन किया जा सकेगा। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से निवेदन है कि अपना नाम इस टीम में सम्मिलित करने के लिए दिनांक 18 मई 2023 तक महुआडांड़ थाना आकर लिखवाए। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत डायन बिसाही मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर यह प्रतियोगिता की जा रही है। इसके तहत महुआडांड़ प्रखंड में थाना द्वारा 21 मई को हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## वन व वन्यजीव के संरक्षण हेतु वन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** वन व वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु छिपादोहर वन प्रशासन इन दिनों सक्रिय हो गया है।जंगल और जंगली जानवरों के शिकारियों, लकड़ी माफियाओं और जंगल को आग से बचाने के लिए वन विभाग जंगली क्षेत्र में निवास करने वाले वनवासी लोगो को जागरूक कर रहे है। जंगल से सटे गांव में प्रतिदिन वनकर्मी लोगो को जंगल बचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।वे ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वन बचाना कितना जरूरी है। वनकर्मी ग्रामीणों को शपथ दिलवा रहे हैं कि वे जंगल को आग से बचाएंगे, जंगली जानवरो की सुरक्षा दे। इतना ही नही जंगलों की सुरक्षा को लेकर विभाग द्वारा लगातार छापामारी अभियान चला कर जंगली क्षेत्र मे सक्रिय माफियाओ को जेल भेजने का भी कार्य कर रहे है। पिछले 15 दिनों में छिपादोहर और बेतला वनक्षेत्र में सक्रिय आधा दर्जन लकड़ी माफिया को जेल भेजा जा चुका है। जबकि भारी मात्रा में अवैध लकड़ी और परिवहन में प्रयुक्त होने वाले बाइक और साईकल को जब्त किया गया है। वही जंगल और जंगली जानवरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड में बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को देखते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन निर्देश पर महुआडांड़ पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पु0अनी अजय कुमार के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों का वाहन कागजात और ड्राइविंग लाइसेंस जांच करते हुए चालान के लिए मोबाइल नंबर एवं गाड़ी नंबर दर्ज किया गया। चेकिंग के दौरान अधिकतर वाहन चालकों के पास ड्राइवरी लाइसेंस नहीं था। साथ ही उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। जांच के दौरान पु0अनी अजय कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग जैसे ही कम होता है चालक लापरवाही बरतना शुरू कर देते हैं। जुर्माना से हो सकता है कुछ सुधार हो इसलिए यह कदम उठाना जरूरी था। इस अभियान में पु0अनी अजय कुमार जिला पुलिस बल शामिल थे।

## तम्बाकू से होने वाली बीमारी को लेकर छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग में बुधवार को राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र सिमरिया के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचओ पुष्पा कुमारी और एएनएम पिंकी उपस्थित थी। कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को तम्बाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कहा कि तम्बाकू के सेवन से कई तरह के रोग उत्पन्न होते है। जिससे मनुष्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। तंबाकू एक जानलेवा बीमारी है। इसका रोकथाम करना अनिवार्य है। उन्होंने छात्र छात्राओं को बताया कि घर में अगर पिता व भाई तंबाकू का सेवन करते है तो उन्हे इसे खाने से रोके और तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करे। साथ ही आस पड़ोस के लोगो को भी तंबाकू का सेवन नहीं करने के प्रति जागरूक करे, ताकि उनका जीवन सुरक्षित रहे। मौके पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

## 20 सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यों ने आंगनबाड़ी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण जताई नाराजगी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत में स्थित महुआटांड़ में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का जांच बुधवार 17 मई को 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान व सदस्यों ने किया।जांच के उपरांत पाया गया कि सेविका सहायिका उपस्थित थे। जहां रजिस्टर में 40 बच्चों का नामांकन है। और उपस्थिति 8 बच्चे थे। जो असंतोष जनक है। उसमें भी यह पाया गया कि 15 मईं और 16 मई में बच्चे का पुरा हाजरी बनाया हुआ था। जो चिंता जनक था। एवं जलमिनार आंगनबाड़ी केंद्र में लगाया गया है। वह घटिया है एवं बेकार पड़ा है। उप स्वास्थ्य केंद्र गांगपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि दो एएनएम और एक सफाई कर्मी 10:30 बजे हाजिरी बनाकर अनुपस्थित थे। जांच करते कांग्रेस अध्यक्ष सह 20सूत्री सदस्य महावीर दांगी जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह 20सूत्री सदस्य मनोज वर्मा थे।

# एनजीओ जनता सेवा संस्थान के द्वारा कोर कार्बन चूल्हा का मुखिया के पहल पर किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड के कटिया पंचायत के तेज तराज महीला मुखिया में गिने जाने वाले मिसी देवी अपनी कार्य शैली से लोगों की हर जुबां पर, लोग तारीफ करते हुए नहीं थकते है। बुधवार को 17/05/2023 को कटिया पंचायत के रतनाग और बरवाडीह गांव में 100 राशन कार्डधारियों के बीच कोर कार्बन चूल्हा (अग्निका Ecomini स्टोव ) का वितरण किया गया। चतरा जिला में पहला पंचायत कटिया है, जहां यह चूल्हा मुखिया श्रीमती मिसी देवी के सार्थक प्रयास से बांटा गया। यह वैज्ञानिक सिद्धांतों और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके विकसित एक बायोमास स्टोव है जिसमें ईंधन के रूप में लकड़ी, मकई के डंठल, कृषि अपशिष्ट आदि का उपयोग कर सकते हैं। इस चूल्हा के प्रयोग से लकड़ी की खपत कम होगा और धुंआ उत्पन्न नहीं होगा।




जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ रहेगा। इस चूल्हे को लेकर ग्रामीण महिलाएं बहुत खुश हुई और मुखिया जी को इस प्रयास के लिए धन्यवाद कहा। इस कोर कार्बन चूल्हा (अग्निका Ecomini स्टोव) का वितरण एन.जी.ओ जनता सेवा संस्था सिमरिया के द्वारा किया गया। जिसमें संस्था सचिव हरेंद्र कुमार रंजन, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, कोर कार्बन झारखंड के मैनेजर मनोज कुमार, ष्ष्टङ्क एंपलॉयी रमेश टोप्पो, अभय कुमार, करमदयाल साहू शामिल हुए। साथ ही साथ मुखिया पति सह समाजसेवी मिथलेश चौबे ने अपनी अहम भूमिका।

# मंदिर शुद्धिकरण को लेकर निकाला गया कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र के नगाड़ा ग्राम के कसिया डीह टोला में बिगत 18 मार्च को कुछ चोरों द्वारा मंदिर में घुसकर घंटा दीपक गागर समेत कई सामग्री की चोरी कर ली गई थी वही भगवान शिव की प्रतिमा को खंडित करने का प्रयास किया गया था। उसके बाद मंगलवार को ग्रामीणों ने मंदिर की शुद्धिकरण व खंडित प्रतिमा को पुनः स्थापित करते हुए प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक एक कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कासियाडीह नगडा शिव मंदिर से आरंभ होगा पूरे टोली मोहल्ले का भ्रमण करते हुए जरी नदी पहुंचा। जहां पुजारी जगनारायण पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरकर पुनः शिवमंदिर पहुंचा। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव, जय श्री राम, समेत के भक्ति नारे लगा रहे थे। कलश लेकर मंदिर पहुंचने के बाद पुजारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ खंडित प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा करते हुए मंदिर का शुद्धिकरण किया गया। इस पूजन कार्य में मुख्य जजमान की भूमिका में दीपक साहू एवं उसकी पत्नी मनीषा देवी शामिल हुए। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में शंकर साहू, गणेश पासवान, चुरामन साव, विपासा ,धनराज पासवान, कृष्णा यादव, पिंटू यादव, दशरथ यादव, कन्हाई कुमार, प्रवीण साव, राजेश साव, राजेंद्र साहू समेत कई लोगों की सक्रिय भूमिका रही वही कलश यात्रा में दर्जनों महिला पुरुष शामिल हुए। एवं मंदिर शुद्धीकरण को लेकर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है।

## झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ ने 11 सूत्री मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। जिसका नैतिक समर्थन मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविन्द सिंह व तमाम मुखियाओं ने किया है। इधर जनसेवकों को अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से प्रखण्ड से लेकर पंचायत तक कार्य वाधित हो रहा है। मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविन्द सिंह ने बताया कि जनसेवकों का 11 सूत्री मांग बिलकुल जायज है। सरकार को मानना चाहिए। यदि इनकी मांग नहीं मानी जाती है तो हम सभी जिला मुखिया संघ भी खुल कर समर्थन दे सकते है। जनसेवकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य मंत्री झारखण्ड सरकार, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री झारखण्ड, कृषि मंत्री, उपायुक्त चतरा, उपविकास आयुक्त चतरा को आवेदन देकर अपनी मांगों का कार्य रूप देने का आग्रह किया है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी पहुंची गिद्धौर पीएम आवास का किया निरीक्षण जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत एवं गांगपुर गांव में बन रहे पीएम आवास का निरीक्षण करने जिला निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी पहुंची। जहां लाभुकों के अधूरे आवास को देखते हुए जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता की समस्याओं का समाधान करना व सुख दुःख में शामिल होना प्राथमिकता : नीरज मंडल



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ शहर वार्ड नंबर 4 सिद्धू कानू मैदान , सेलिब्रेशन मैरिज हॉल के पीछे जगदीश नगर में बुधवार को छावनी परिषद् के द्वारा घर मकान के असेसमेंट के लिए कैंप लगाई गई द्य छावनी परिषद के कैंप टीम में टैक्स सुप्रतिंडेट इंचार्ज श्रीनिवासन राव, ऑफिस एसिस्टेंड पवन कुमार, जेई फहीमूल हक, जेई लोकनाथ कुमार के द्वारा घर घर जाकर ओन द स्पॉट जायजा लेकर असेसमेंट की गई द्य मौके पर वार्ड नं 4 , जगदीश नगर के सभी लोगो ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक सुनिता चौधरी एवम छावनी अधिशासी अधिकारी को विशेष धन्यवाद दिया की हमलोग के इन गंभीर समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए कैंप लगाकर हम लोगों को सुविधा प्रदान की जिससे हम लोगों को काफी लाभ मिलेगा अब हमलोग असेसमेंट शुल्क जमा कर पीने की पानी की पाइप लाइन कनेक्शन ले सकेंगे द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने बताया कि मोहल्ला वासियों के द्वारा दिनांक 15/5/2023 को एक आवश्यक बैठक की गई थी । इस मौके पर सभी मोहल्ला वासियों ने अपनी समस्याओं मेरे समक्ष रखा द्य मौके पर मोहल्ला वासियों ने बताया था कि छावनी परिषद के द्वारा पीने के पानी के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है किंतु अभी तक इसमें पानी सप्लाई नहीं हो पाई है और अभी पाइप लाइन भी बिछाना बाकी है एवं छावनी परिषद के द्वारा सड़क के निर्माण करवाई गई है लेकिन नाली की निर्माण अभी नहीं कराई गई है द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने कहा की सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी एवं विधायक सुनिता चौधरी हर संभव रामगढ़ की जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया है ओर आगे भी समस्याओं का समाधान किया जाएगा द्य मौके पर नगर सचिव नीरज मंडल ने छावनी अधिशासी अधिकारी से फोन में संपर्क कर यहां की समस्याओं से अवगत कराया इस पर छावनी अधिशासी अधिकारी ने गंभीरता पूर्वक सुनते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां के समस्या का समाधान करने हेतु आश्वस्त किया था ओर उसी समस्या के समाधान को लेकर छावनी अधिशासी अधिकारी से प्रतिनिधिमंडल के रूप में कल मिलकर सारी सारी बातों को रखा गया था द्य जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए छावनी अधिशासी अधिकारी ने आश्वस्त किया था कि बुधवार को वार्ड नंबर 4 जगदीश नगर के वहां के जनता के लिए एसेसमेंट के लिए कैंप लगाई गई एवं समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द की जाएगी द्य इस में मुख्य रूप से रामगढ़ नगर सचिव आजसू पार्टी नीरज मंडल, मोहल्ला वासियों में जै न भगत , डी एन ठाकुर, अजीत जयसवाल, रणधीर कुमार, सुरेश शर्मा, सुधाकर सिंह, श्याम सुंदर सिंह, अशोक कुमार सोनी, शिव करमाली,काली साहू, नरेंद्र लाल दास, दीपक कुमार गुप्ता, शशि भूषण वर्मा, पुरषोत्तम कुमार, अरुण कुमार अग्रवाल, एसपी महतो, कार्तिक कुमार मौजूद थे ।

### जन सेवक संघ के हड़ताल नौवें दिन भी जारी




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जन सेवक संघ के हड़ताल का नौवां दिन भी जारी मौके पर पहुंच कर महामंत्री जन सेवक संघ लोकेश कुमार ने बताया कि धरना में बैठने के कारण जिले में जन सेबको के जिममें जो काम थे वे सभी प्रभावित हो रहे हैं उन्होंने उम्मीद जताया की जल्दी सरकार हमारी ओर ध्यान आकृष्ट कर हमारी मांगों को पूरा करेंगे साथ अनुरोध किया गया कि जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सकारात्मक विचार किया जाए । रविंद्र कुमार महतो, विकास प्रसाद, उमेश कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, बिमल कुमार बेदिया, विनीता सिंह, आलोक मित्रा, परमानंद कुमार, ज्ञानी प्रताप भारती, जितेंद्र प्रसाद, विकास कुमार, संदीप कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, छत्रधारी महतो, आनंद कुमार, जॉर्ज टुडू, रवि सागर पाण्डेय बड़ी संख्या में जनसेवक उपस्थित थे।

# मान सम्मान, नियोजन, पेंशन, झारखंडी पहचान के लिए लड़ना होगा : पुष्कर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के साथ बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक बरही पूर्वी पंचायत भवन के सभागार में किया गया। जिसमें बरही अनुमंडल क्षेत्र के चयनित वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी नंदकिशोर सिंह, राजेश्वर सिंह, उमाकांत सिन्हा, आमना खातून, राजा राम मांझी, महेश मांझी, राजकुमार रविदास, बद्री सिंह, जावेद इस्लाम व उमाकांत सिन्हा (कोडरमा) को सम्मानित किया गया। इन्हें रांची के आंदोलनकारी रंजीत उरांव व आनंद तांबा द्वारा सम्मान में आंदोलन का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड राज्य बनाने के पीछे जो मक़सद था वह पूरा नही हुआ है। अभी भी झारखंडियों का आर्थिक, सांस्कृतिक व राजनीत शोषण हो रहा है। आंतरिक उपनिवेशवादियों झारखण्डी विभूतियों की उपेक्षा कर के चौक चौराहे पर जगह जगह उनलोगों की प्रतिमा स्थापित कर रहे है जो झारखंड आंदोलन के विरोधी रहे है व झारखंड के शोषक वर्ग के लोग रहे है। हमे ऐसे लोगो की प्रतिमाओं से चौक चौराहे को मुक्त कराने के लिए एक नया आंदोलन चलाना होगा। हमे मान सम्मान, नियोजन, पेंशन, पहचान लड़ के हासिल करना होगा। ब्लॉक गेट के सामने पुतला जलाया गया ~ झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के सम्मान कार्यक्रम के बाद रांची के एमपी संजय सेठ का पुतला दहन किया गया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पुष्कर महतो ने बताया कि रांची बिरसा चौक के पास सजंय सेठ ने कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा रातों रात चुपके से लगा दी है जो झारखंड विरोधी रहा है। झारखंड आंदोलनकारी व समर्थक ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता आंदोलनकारी बद्री सिंह व संचालन आंदोलनकारी जावेद इस्लाम ने की। बैठक में झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों की पहचान करने के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। कमिटी में जावेद इस्लाम, बद्री सिंह, गौतम सिंह, अशोक सिंह, श्रवण कुमार व फहीम खान को शामिल किया गया। कमिटी के अध्यक्ष बद्री सिंह बनाए गए। वहीं तय हुआ कि यह कमिटी बरही अनुमंडल क्षेत्र के झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों की पहचान करेगी व इसकी सूची आयोग को उपलब्ध कराएगी।

## पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया राष्ट्रीय बैठक में होगें शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** दार्जिलिंग बंगाल पश्चिम बंगाल शहर में आगामी 21 और 22 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक आयोजित होगी । इसमें भारत के सभी राज्यों के प्रदेश संयोजक भाग लेगे। जिसमें पर्यावरण मंच ( बीएमएस ) के झारखंड राज्य के प्रदेश संयोजक सह अरगड्डा निवासी प्रशांत बेलथरिया प्रतिनितत्व करेंगे। इसे ले पर्यावरण मंच बीएमएस के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेलथरिया ने बुधवार को कहा कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में बढ़ते पर्यावरण की क्षति जिससे जलवायु परिवर्तण के व्यापक दुष्प्रभाव तक बढ़ते हुए विश्व में प्रदूषण से मानव जीवन खतरे में पड़ रहा है । उन्होंने बताया कि इन विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी । साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक लक्ष्मण चंद्रा करेंगे तथा भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरण्यमय पण्ड्या भी मौजूद रहेंगे।

## एनटीपीसी सिकरी कार्यलय में स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम हुआ आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जहां स्वच्छता पखवाड़ा-2023 के पहले दिन %स्वच्छता शपथ% का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं देश को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गई थी वहीं दूसरे दिन सीकरी स्थित कार्यालय में अधिकारियों ने परिसर की साफ सफाई की। परियोजना प्रमुख के चंद्रशेखर ने औपचारिक रूप से दूसरे दिन स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं परियोजना के अन्य अधिकारियों के साथ परिसर में झाड़ू लगाकर इस अभियान की गंभीरता को दर्शाया। देश को स्वच्छ बनाने के इरादे से ऊर्जा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस अभियान में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के अधिकारी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। पहले दिन स्वच्छता शपथ में परियोजना के तमाम अधिकारियों ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए अपने आसपास को स्वच्छ रखने के अलावा दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ ली थी वही बुधवार को सभी ने बढ़-चढ़कर परिसर की साफ सफाई अभियान में भाग लिया। आपको बता दें कि स्वच्छता पखवाड़ा 2023 के अंतर्गत पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में अगले 15 दिनों तक कई सामाजिक । उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## पोशाक से बच्चों में आती है एकरूपता : किशुन यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो में ड्रेस कीट, जूता, पानी बोतल, का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव सेविका साजदा खातून सहायिका आबिदा खातून मुख्य रूप से शामिल हुए। जीप उपाध्याय संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप सेआंगनबाड़ी केंद्र आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो,इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना सार्थक कदम है। एवं पोशाक मिलने से बच्चे में खुशी देखने को मिला।देश के भविष्य में बच्चों की शिक्षा पर लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है, अभिभावक सहसमय से बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र भेजे।

## मडमो में उप-मुखिया ने श्रमिक कार्ड का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अन्तर्गत मडमों पंचायत के मुख्य मार्ग पर झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत श्रम विभाग के द्वारा निबंधित श्रमिकों के बीच असंगठित कार्ड का वितरण मडमो पंचायत उप मुखिया पूनम कुमारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता टहल महतो के द्वारा निबंधित श्रमिकों के बीच श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड श्रमिक मित्र राजेश्वर महतो ने असंगठित कर्मकार के श्रम विभाग के द्वारा चलाए जा रहे मृत्यु दुर्घटना बीमा के बारे,अंत्येष्टि



सहायता योजना, छात्रवृत्ति योजना,चिकित्सा सहायता योजना प्रसूति योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। श्रमिक कार्ड वितरण के दौरान तालेश्वर महतो,अनिल कुमार जगरनाथ महतो,मालती देवी,उषा देवी,रत्नी देवी,सुनीता कुमारी, देवंती देवी,कविता देवी समेत बड़ी संख्या में निबंधित श्रमिक मौजूद थे।

## झारखंड की मौलिक पहचान और विशिष्टता खतरे में : संजय मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बरही :** बरही से 1 मई से शुरू हुई जनसंवाद यात्रा अब राजनीतिक चर्चा के केंद्र में आ गया है। नुक्कड़ सभाओं में अब आम जनों को भीड़ उमड़ने लगी है। जनसंवाद यात्रा की नींव रखने वाले संजय मेहता और भुनेश्वर यादव लगातार आम जनों को संबोधित कर रहे हैं। वक्ता यात्रा के उद्देश्यों से लोगों को अवगत करा रहे हैं।यात्रा में मुख्य तौर पर स्थानीय नेतृत्व और झारखंड के हक अधिकारों की बात हो रही है।यात्रा के माध्यम से अब तक पिछले 17 दिनों में 26 छोटी - बड़ी सभाओं का आयोजन किया जा चुका हैं,जनसंवाद यात्रा के सिंघरावां पहुँचने पर आम जनों ने स्वागत किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए संजय मेहता ने कहा कि झारखंड सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं है,यह राज्य असंख्य बलिदान और संघर्ष से हासिल हुआ है। हमारे पुरखों ने इस राज्य को बनाने में वर्षों तक संघर्ष किया। संयुक्त बिहार के समय भी दक्षिण बिहार के इलाके के लोग शोषित-पीड़ित थे।यही कारण था कि छोटानागपुर और संथाल इलाके से अलग राज्य की एक आवाज निकली। यह क्षेत्र सांस्कृतिक, पारंपरिक, जीवनशैली की अनुपम मौलिकता और विशिष्टता को समेटे हुए है।झारखंड राजनीतिक तौर पर भी काफी समृद्ध राज्य रहा है। जयपाल सिंह मुंडा जैसे शख्सियत इसी धरती से संविधान सभा के सदस्य हुए। आज झारखंड के पूरा स्वरूप खतरे में है। विस्थापन को लेकर पुनर्वास की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। नियोजन को लेकर नियोजन की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। स्थानीयता को लेकर कोई स्पष्ट स्थानीय नीति नहीं है।झारखंड की नौकरी में झारखंडियों को प्राथमिकता नहीं मिल पा रही है। नियुक्ति प्रक्रिया में स्पष्टता का आभाव है। राजनीतिक नेतृत्व में भी हकमारी हो जा रही है।कार्यपालिका,

न्यायपालिका में झारखंड के लोग न के बराबर हैं। विधायिका का भी हिस्सा बाहर के लोग हड़प ले रहे हैं। ऐसे में इस राज्य के भोले - भाले लोग कहाँ जाएँगे।यह लड़ाई एक वैचारिक संघर्ष है। हम किसी से निजी लड़ाई नहीं कर रहे हैं। हमारा सवाल बस इतना है कि झारखंड की माटी पर झारखंडियों का पहला अधिकार है। इस अधिकार का अतिक्रमण 23 सालों से चल रहा है। अब यदि आवाज नहीं बुलंद किया गया तो झारखंड पूर्ण तौर पर चारागाह बन जाएगा। संजय मेहता ने कहा कि हम झारखंड और झारखण्डियत की भावना को जागृत कर एक राजनीतिक चेतना का अलख जगाने का संकल्प रखते हैं।भुनेश्वर यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्वकर्ताओं का माटी से भावनात्मक लगाव होना जरूरी है। यह लड़ाई इस बात की है कि हमारी माटी पर सारा अधिकार और हक बाहर के लोग मार लेंगे तो झारखंड के लोग कहाँ जाएंगे। श्री यादव ने कहा कि बरही से यह जन चेतना की आवाज हमलोग हर इलाके में लेकर जाएंगे। हम यह चाहते हैं कि नेतृत्व का कौशल इसी माटी से निकले।प्रतिभा की कमी हमारी धरती में नहीं है। हम सब झारखंड की धरती से नेतृत्व रखने की क्षमता रखते हैं।

## ग्रामीणो के लिए पानी की व्यवस्था नहीं लोग के बीच उदासीनता फैली

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल कोलियरी सिरका प्रबंधन ने 4 दिन पूर्व चाणक ग्रामीणों के आंदोलन के बाद पानी पहुंचाने का वादा किया था। लेकिन लोगों को प्रबंधन के द्वारा पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं की गई। इससे ग्रामीणों में उदासीनता और रोष छाया हुआ हैं। इस संबंध में ग्रामीण गीता देवी, तेतरी देवी, शनिचरिया देवी, नरेश बेदिया, काशी बेदिया ने बताया कि हम लोगों के गांव में 30 घरों में डेढ़ सौ से भी अधिक की आबादी रहती हैं। बीते 8 वर्ष पहले प्रबंधन टैंकर के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य करता था। लेकिन अभी नहीं हो रहा। गर्मी में पानी की कमी का विकराल रूप हो जाता हैं। जिससे पीने का पानी भी नहीं मिल पाता हैं। दिनचर्या के लिए दामोदर नदी एक से दो किलोमीटर परिवार के लोगों को जाना पड़ता हैं। बतलादे कि बीते शनिवार को चाणक ग्रामीणों ने कोलयरी डंपर अनलोड के पत्थर, मिट्टी(ओबी) से अपने जमीन दबने और गांव चाणक में पानी, सड़क, नौकरी, मुआवजा को लेकर कोलियरी डंपिंग कार्य बंद करा अपनी मांगे प्रबंधन के सामने रखी थी। सिरका प्रबंधन की ओर से पीओ श्रीकांत शर्मा, प्रभारी मैनेजर कामेश्वर महतो व अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों का आश्वासन दिया था कि 4 दिनों के अंदर पानी की व्यवस्था चाणक गांव में कर दी जाएगी। लेकिन प्रबंधन का यह वादा भी पूरा नहीं हो पाया। जिससे ग्रामीण आंदोलन के मूड में हैं।

## नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की बैठक

**झुमरीतिलैया :** नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति कोडरमा जिला की औपचारिक बैठक आज दिनांक 16 मई 2023 दिन मंगलवार देर शाम को निर्धारित कार्यक्रम के तहत झुमरीतिलैया स्थित रामसन प्लाजा में आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता संघर्ष समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया जबकि संचालन समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने किया। बैठक में सर्वप्रथम जिले एवं राज्य में होल्डिंग टैक्स पर राहत देने हेतु झारखंड के मुख्यमंत्री सहित कोडरमा जिला प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कृषि पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात नगर प्रशासक झुमरी तिलैया से नगर के वैसे सड़क एवं नाली नाला जहां प्रथम बारिश में ही भयंकर जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है उसके निदान पर चर्चा करते हुए जिला के उपायुक्त एवं नगर प्रशासक द्वारा इसपर किए गए पहल का स्वागत एवं सहयोग की बात कही। विगत दिनों जिला प्रशासन द्वारा बहुमंजिली इमारतों, होटल मॉल को अग्निशमन सुविधा से लैस करने की बात कही गई है जिस पर उपस्थित जनों द्वारा अधिक से अधिक मानकों को पूर्ण करने की बात कही गई।

राज्य सरकार ने वैसे सभी भवन एवं मकान जिनका निर्माण बिना नक्शा पारित कराए हुआ है उन्हें नियमित करने की बात कही है, जबकि सभी गैरमजरूआ जमीन का भी जांच उपरांत रशीद संबंधित रैयत को निर्गत करने की बात हुई है। इन दोनों मुद्दों हेतु मौके पर ही सहाय ने झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से फोन पर वार्ता कर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से अभिलंब संज्ञान लेकर राज्य वासियों को राहत दिलाने की मांग किया, जिस पर कृषि मंत्री ने पहल करने का आश्वासन दिया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सांसद प्रतिनिधि पंकज बर्नवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, निवर्तमान वार्ड पार्षद बाल गोविंद मोदी, युवा व्यवसाई मनीष सूद,पिंटू मजूमदार, पंकज सिंह, गौरव सिंह, चंद्रमोहन सिंह ,शिव नागेश कुमार, सोनू वारसी, महताब आलम,सुरेंद्र कुमार शर्मा, वीरेंद्र कुमार, प्रकाश सिंह, एवं समिति के कई सदस्य उपस्थित थे। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें समिति के सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

## मिशन लाइफ योजना पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मांडू रामगढ़ में केंद्र सरकार के निर्देश पर आगामी 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस को सफ़लता हेतू एक मिशन लाइफ योजना पर्यावरण जागरूकता अभियान का कार्यशाला का आयोजन वन विभाग के पदाधिकारी द्वारा संचालित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी विद्यार्थियों को अपने हर घर में पौधा रोपण और उसको सुरक्षित करने पर्यावरण संरक्षण सपथ दिलाकर उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका समिति सदस्य ने सहयोग प्रदान किया।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने तेज रफ्तार बाइक चालकों पर नकेल कसने के लिए चलाया चेकिंग अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के सड़कों पर रफ्तार के बीच जान गवाते लोगों के आंकड़े दहशत में डालने के लिए काफी है। यातायात नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार वाहन चलाने से रोज हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद भी लोगों की लापरवाही में कमी नहीं आ रही है। जान जोखिम में डालकर लोग सड़कों पर फर्राटा भरते हैं। किशोरों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। गांव से लेकर प्रखंड में भी इन दिनों बाइक पर दो सवारी की जगह तीन चार या अधिक छह सवारियां तक बैठाकर बिना हेलमेट लगाए और मोबाइल पर बात करते हुए बाइक चलाते हुए लोग नजर आ रहे हैं। सड़कों पर यातायात नियमों को तोड़कर और अपनी जान की परवाह किए बिना फर्राटा भरते ऐसे दृश्य रोज दिखते हैं। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे हैं यातायात सुरक्षा नियमों का पालन होता नहीं दिख रहा है।पुलिस बार बार वाहन चेकिंग लगाकर लोगों को हिदायत करती है कि बगैर हेलमेट के ना चले, दो सवारी से अधिक बिठाकर सफर ना करें, फिर भी लोग नहीं मान रहे हैं और जान को जोखिम में डालकर सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं, ऐसे बाइक चालकों पर सख्त नकेल कसना बहुत जरूरी है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बुद्धिजीवी राजबीर ने किया मुफ्त शिक्षा केंद्र में पठन- पाठन की सामग्री का वितरण

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत



महुदा के अंतर्गत वार्ड नंबर 10 के पावर हाउस काली मंदिर प्रांगण में युवा भारत द्वारा चलाई जा रही मुफ्त शिक्षा केंद्र- 2 के बच्चों को समाज के प्रति लगाव रखने वाले राजवीर माली के द्वारा बच्चो को कॉपी,पेंसिल, रबड़, कटर आदि वितरण किया गया। साथ ही उसमें पढ़ा रहे समयदानी शिक्षिकाओ को भी समानित किए गए। मुख्य रूप से उपस्थित मुफ्त शिक्षा केंद्र के संस्थापक उमेश कुमार तूरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के ऐसे ही बुद्धिजीवी और समर्पित व्यक्तियों से ही समाज के अंदर बदलाव आती हैं। राजवीर को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे जरूरतमंद हैं । ऐसे बच्चो को पढ़ाने और आगे बढ़ने के लिए ही मुफ़्त शिक्षा केंद्र चलाई जा रही है। आने वाले दिनों में गांव गांव में केंद्र संचालित हो ऐसी सोच के साथ चले हैं। इस मौके पर काली शर्मा, सचिन राउत, नेंसी डांडेल, शिवनी कुमारी, कौशल्या कुमारी, किरण शर्मा गुड़िया रानी खोलको आदि मौजूद रहे।

## बिजली बिल माफी योजना के तहत शिविर का आयोजन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी के थाना मोड़ में आज बुधवार को



झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के बैनर तले बिजली बिल माफी योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उपभोक्ताओं के लिए कई उपहार स्वरूप स्कीमों की शुरुआत की गयी। जिसमें सर्व प्रथम एक मुश्त समाधान योजना, नवंबर तक ब्याज माफ़, विद्युत विपत्र सुधार योजना, बिजली बिल भुगतान योजना, किस्तों में विद्युत विपत्र भुगतान एवं इन सबों का लाभ उठावें और उपहार पायें। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कार्यपालक विद्युत अभियंता मुकुल कुमार, कनीय विद्युत अभियंता सन्नी कुमार बाड़ा, कनीय विद्युत अभियंता गोविंदपुर घनश्याम कुमार, के अलावा झामुमो के वरिष्ठ नेता फूलचंद किस्कू, कामेश्वर प्रसाद सिंह,पुरनाडीह मुखिया बसंत नारायण तिवारी समेत सभी विद्युत कर्मी उपस्थित थे। टुंडी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित टुंडी बाज़ार के थाना मोड़ पर झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमेटेड के एक मुस्त समाधान योजना के तहत विद्युत अवर प्रमंडल टुंडी द्वारा ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। शिविर मे मुख्य रूप से स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विद्युत कार्यपालक अभियंता मुकुल कुमार, कनीय विद्युत अभियंता सन्नी कुमार बाड़ा, घनश्याम कुमार, उपप्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता आदि उपस्थित थे। इस मेले मे खास कर एक मुस्त बकाया जमा करने पर ब्याज माफ़ी की योजना का लाभ उपभोगताओ को दिया गया जिसमे कि आज के शिविर मे करीब 1 लाख 40 हजार रुपये की वसूली की गई। इसके साथ साथ बिजली से जुड़ी अन्य समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन उपभोगताओं द्वारा दिया गया जिनमे ओटीएस सहित कुल 98 आवेदन आये इनमे से 71 मामलो का निष्पदान उक्त मेले मे ही कर दिया गया जबकी बाकी 27 आवेदनो पर जाँच उपरांत निष्पादन शीघ्र किया जाएगा। इसमे मेले मे आये उपभोगताओं मे से सर्व प्रथम ओटीएस योजना के तहत अपना बकाया बिल जम करने वाले टुंडी के बबलू रजवार को विधायक महतो ने प्रसस्ती पत्र एवं उपहार दिया एवं मेले कि शुरुवात किया। इस शिविर मे उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कार्यपालक अभियंता मुकुल कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस योजना का लाभ सभी ले और अपना बिजली बिल भुगतान करे एवं समय समय पर ये ऊर्जा मेला टुंडी एवं पूर्वी टुंडी दोनो ही प्रखंडों मे आयोजत कि जाएगी जिसकी सूचना अख़बार एवं सोशल मीडिया के माध्यम से सूचित किया जाएगा। मौके पर लेखा लिपिक कृष्णा कुमार, रोहित रवि कार्यालय सहायक समीर कुमार, जेएलएम हीरालाल प्रमाणिक, मानव दिवस कर्मी काशी नाथ पंडित, शिवम जायसवाल, कीनू चंद्रा चंदन तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पत्थर खदान में हादसा, मजदूर की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** धनवार थाना क्षेत्र के परोडीह गांव में बुधवार को पत्थर खदान में पोकलेन मशीन में आग लगने एवं पोकलेन में दबने से सिकंदर पंडित ( 30 ) की मौत हो गई। मृतक सिकंदर पंडित कोडरमा के पूर्णाडीह का रहने वाला था। इस हादसे में पोकलेन पूरी तरह से जल गई । सिकंदर पारोडीह के पत्थर खदान में काम करता था। घटना की जानकारी मिलने के बाद धनवार थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गई है।जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पहुंच कर पत्थर खदान का हाल देखा। जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी पारोदीह पत्थर खदान पहुंचे। घटना के बाद खदान के लीज धारक और मुंशी खदान से फरार हो गये । खदान वेध है या अवैध यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस इसका पता लगाने में जुटी है। बताया जाता है कि सिकंदर पंडित पत्थर खदान में करीब 300 सौ फीट अंदर पोकलेन में चढ़ कर चट्टान काटने का काम कर रहा था। इसी दौरान एक बड़ा चट्टान टूट कर सीधा पोकलेन मशीन में गिर पड़ा, जिसे सिकंदर पंडित की जहा मौके पर मौत हो गई।

## सेल टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से थमने का नाम नहीं ले रहा कोयला चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सेल टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट से थमने का नाम नहीं ले रहा कोयला चोरी। झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा लगातार टासरा प्रोजेक्ट के समीप जंगल में की छापामारी में चार ट्रक और एक चार पहिया वाहन जप्त कर थाने ले आए। बताया जाता है कि चार पहिया वाहन कोयला तस्कर का है। सूत्रों के मुताबिक स्थानीय थाना गोशाला ओपी प्रभारी, आउटसोर्सिंग, सेल प्रबंधन के भ्रष्ट अधिकारी और कर्मियों की मिलीभगत से हो रही है कोयला चारी। स्थानीय थाना पर उठ रहे सवाल, आखिर छापामारी के बाद फिर क्यों हो जाता है शुरू कोयला चोरी? क्या स्थानीय थाना को नही है सूचना? झरिया सीओ कोयला चोरी पर अंकुश लगाने में रात दिन कर रहे है छापामारी, आखिर क्यों है गोशाला प्रभारी और सेल अधिकारी मौन? सेल सुरक्षा विभाग और अधिकारी चोरी रोकने में असफल।

प्रोजेक्ट में भगवान भरोसे सुरक्षा। गौशाला ओपी में सैकड़ों कोयला चोरों पर मामला दर्ज है पर छापेमारी और किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से कोयला तस्करों और सिंडिकेट का मनोबल सातवे आसमान पर है। क्षेत्र में बना हुआ है चर्चा का विषय वहीं स्थानीय प्रशासन की दबी जुबान हो रही है किरकरी।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया-राजधनवार मुख्य मार्ग स्थित पोटमा चौक के पास अहले सुबह अज्ञात वाहन के टक्कर से स्थानीय निवासी केवल महतो उम्र लगभग 70 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी इनके परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 4~30 बजे घर के बाहर टहल रहे थे तभी राजधनवार की ओर से तेज रफ्तार वाहन ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया और भाग निकला जिसके कारण वृद्धि की मौके पर ही मौत हो गई वहीं इस घटना की जानकारी होने के बाद आसपास के सैकड़ों लोग जमा हो गये और प्रशासन से उचित मुआवजा की मांग करने लगे वहीं ग्रामीणों ने घटना की जानकारी सरिया पुलिस को दी, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण कैंप में सैंकड़ों का किया ई-केवाईसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पंचायत वार आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण के लिए ई-केवाईसी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित आच्छादित लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ई-केवाईसी किया जा रहा है। योजना का लाभ वैसे लाभुकों को दिया जा रहा है जिनके पास गुलाबी, पीला या हरा राशन कार्ड उपलब्ध है। इसकी जानकारी देते हुए नोडल पदाधिकारी डॉ विकास कुमार राणा ने बताया कि मंगलवार को सोनबाद और बजना पंचायत के पंचायत भवन में सैंकड़ों लोगों का ई-केवाईसी किया गया।

## चर्चित रंजय हत्याकांड में चश्मदीद की धनबाद कोर्ट में हुई गवाही, पूरे कोर्ट कैंपस को किया था सील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** चर्चित रंजय हत्याकांड में बुधवार को चश्मदीद की एडीजे 16 अखिलेश कुमार की अदालत में गवाही हुई। चश्मदीद के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल में बंद एक आरोपी का प्रति परीक्षण भी किया गया। वहीं रंजय हत्याकांड मामले में महज तीन से चार गवाहों की गवाही कोर्ट में होनी है। गवाही के दौरान पूरे कोर्ट कैंपस को सील कर दिया गया था। चश्मदीद गवाह की सुरक्षा पहले से कहीं ज्यादा चाक-चौबंद नजर आई।



गवाहों को धमकाने की शिकायत रंजय सिंह की पत्नी रूमी सिंह ने अदालत में पूर्व की थी। जिसके बाद अदालत ने जिले के एसएसपी को पूरे परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का आदेश दिया था।

वही अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कांड के मुख्य सूचक व चश्मदीद गवाह राजा यादव आज अदालत में गवाही के लिए पेश हुए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से अभियुक्त कोर्ट में हाजिर किया गया। अधिवक्ता ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नंदकुमार उर्फ मामा को राजा यादव ने इस कांड में शामिल होने की पहचान की है। वहीं अदालत में स्व रंजय सिंह की पत्नी रूमी सिंह भी मौजूद रही।

## गिरिडीह ने बिजली व्यवस्था सुधार को लेकर केंद्रीय मंत्री ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** बुधवार को बिजली बोर्ड के गिरिडीह सर्किल में केंद्र सरकार द्वारा शुरू होने वाले नए योजनाओं को लेकर गिरिडीह सर्किट हाउस में बैठक हुआ। बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, बगोदर विधायक विनोद सिंह, ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी , संसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव, बिस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह , के साथ बिजली बोर्ड के जीएम परतोष कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा ने बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे ज़िले में 180 नए ट्रांसफार्मर लगाएजाने हैं। जबकि शहर में प्रीपेड मीटर लगना है। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को नए मीटर लगाने को लेकर जल्द टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आरडीएस योजना के तहत सारे नए काम होना है।इसमें 55 करोड़ का राशि से शहर में प्रीपेड मीटर लगाए जाने हैं इसके लिए बिजली बोर्ड वक्त पर टेंडर की प्रक्रिया शुरू करे । उन्होंने कहा कि पूरे ज़िले में 1800 मीटर लगाए जाने की योजना इसी आरडीएसएस के तहत है।केंद्रीय मंत्री ने कहा की केंद्र सरकार की सोच है कि हर ज़िले में नई सिस्टम के अनुसार बिजली आपूर्ति की जाए। इसके बाद आधारभूत संरचना को बदला जा रहा है।

## राजमंदिर सिल्क इंपोरियम शोरूम के नए ब्रांच का मंत्री ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के टावर चौक के समीप राजमंदिर सिल्क इंपोरिअर शोरूम के दूसरे प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हाथों फिता काटकर किया गया। बताया गया कि राजमंदिर के इस नए शोरूम में पूरे परिवार के लिए कपड़े एक साथ उपलब्ध रहेंगे साथ ही अब शहर के लोगों को शादी विवाह के कपड़े की खरीदारी के लिए गिरिडीह से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।टावर चौक स्तिथ राज मंदिर शोरूम के नए ब्रांच में कम कीमत पर किलर, रेमंड, मान्यवर, पार्क एवेन्यू समेत कई ब्रांड के कपड़े उपलब्ध होंगे।इस बाबत राजमंदिर शोरूम के संचालक विनोद खंडेलवाल ने बताया कि इस नए शोरूम में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों के लिए सभी तरह के कपड़े अच्छे ब्रांड में उपलब्ध है।

## बरौनी-लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के रेक का अत्याधुनिक एलएचबी रेक में परिवर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की यात्रा को और भी सुरक्षित एवं आरामदायक बनाते हुए बरौनी और लखनऊ के बीच चलने वाली गाड़ी सं. 15203/04 बरौनी-लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस के 04 रेक में से 01 रेक को पारंपरिक आईसीएफ कोच के बदले अत्याधुनिक एलएचबी कोच के रेक में परिवर्तन किया जा रहा है । यह परिवर्तन बरौनी से दिनांक 20.05.2023 से तथा लखनऊ से 23.05.2023 से प्रभावी होगा। इस ट्रेन के अन्य 03 रेकों को भी जल्द ही एलएचबी कोच के रेक में बदला जायेगा । विदित हो कि एलएचबी कोच यात्रियों को अपेक्षाकृत अधिक आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान कराता है । स्टेनलेस स्टील से निर्मित बेहतर आंतरिक सज्जा युक्त उच्च गति क्षमता वाले अत्याधुनिक एलएचबी कोच पारंपरिक कोच की तुलना में वजन में हल्के और मजबूत होते हैं। कोचों में आधुनिक सीबीसी कपलिंग लगे होने से संरक्षा में वृद्धि होती है। एंटी क्लाइम्बिंग विषेषताएं दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती हैं । कोच बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम व सस्पेंशन के साथ-साथ बेहतर आंतरिक सज्जा व शौचालय युक्त होते हैं। फलस्वरूप एलएचबी कोच युक्त ट्रेनों से यात्रा अपेक्षाकृत अधिक संरक्षित, सुरक्षित व आरामदायक होता है।

## जबरन जमीन खरीदने के खिलाफ दलित महिला ने थाना से की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया प्रखण्ड के केसवारी निवासी अनु देवी पति रामजी पासवान ने सरिया थाना को आवेदन देकर लुटे जा रहे उसके जमीन को बचाने की मांग की है, इन्होंने कहा है उनके पति रामजी पासवान जो दिमागी रूप से कमजोर हैं को बहला फुसलाकर 12 फिट जमीन अर्जुन मण्डल ने सदामन्दि के तहत लिखवा लिया है जबकि हमलोग जमीन नहीं बेचना चाहते हैं हम लोग गरीब परिवार से है मेरे दो बेटे और दो बेटियां हैं और रहने के लिए इतना ही जमीन है जिसे हमारे पति को बहला-फुसलाकर हमारे रिश्तेदार के द्वारा बेच दिया जा रहा है हम प्रशासन से जांच के बाद उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष के अर्जुन मण्डल ने बताया कि जो जमीन हम लिए हैं वो रामजी पासवान, काली पासवान वगैरह का पुस्तैनी जमीन है जिसे कानूनी तरीके से हमने सदामन्दि के तहत ख़रीदगी की है, बहलाकर जमीन खरीदने की बात गलत है, कहा कि प्रशाशन जांच कर उचित कार्रवाई करे।

## प्रमुख ने मासिक बैठक का किया बहिष्कार, उप प्रमुख ने कहा दुर्भाग्यपूर्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** एगयरकुण्ड प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुल बीस विभाग के पादाधिकारी को उपस्थित होना था परंतु 14 विभाग के ही अधिकारी ही उपस्थित हुए। जिससे नाराज प्रखण्ड प्रमुख संगीता महतो एवं समिति सदस्यों ने इस बैठक का बहिष्कार करते हुए प्रमुख ने कहा कि एगयरकुण्ड प्रखण्ड कार्यालय में प्रत्येक माह बैठक का आयोजन की जाती है। सभी विभागों के अधिकारियों को पूर्व सूचना दी जाती है लेकिन कभी भी बैठक में सम्बंधित अधिकारियों का पूर्ण उपस्थिति दर्ज नही होती है। जिसके कारण आज की बैठक को विरोध करती हूँ और अगर



यही हाल रहा तो सभी समिति प्रतिनिधि प्रखण्ड कार्यालय में घरना देने का कार्य करेंगे। वही इस मुद्दे पर प्रखण्ड उप प्रमुख बिनोद कुमार दास ने कहा कि जनता ने हम सभी को बड़ी उम्मीद के साथ प्रतिनिधि चुना है ताकी उनकी हर समस्या को हर विभाग के अधिकारियों के समक्ष्य प्रमुखता से उठाई जाए और जल्द से जल्द समस्या का निवारण हो परंतु अक्सर देखा गया गया है कि विभागीय अधिकारियों के अनुपस्थिति के कारण बैठक पूर्ण रूप से सफल नही हो पाता है और कार्य अधूरा रह जाता है। प्रमुख मैडम कार्यालय में उपस्थित होकर बैठक में नही आना और बैठक का विरोध करना उचित नही है जिससे जनता के बीच गलत संदेश जाएगा। जनता ने बड़ी आशा और विश्वास के साथ हम सभी को यह दायित्व दिया है। जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने का कार्य करें।

## ई-पासपोर्ट सेवा, पुलिस सत्यापन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ई-पासपोर्ट सेवा एवं पुलिस सत्यापन को लेकर आज न्यू टाउन हॉल में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) राँची द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें ई-पासपोर्ट सेवा तथा पुलिस सत्यापन के विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रेष्मा रमेशन, सभी पुलिस उपाधीक्षक सहित ज़िले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## एगारकुंड सीओ से बालू व्यवसायियों ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मैंथन :** चिरकुंडा के डुमरकुणडा घाट में बालू घाट के सीमांकन का मामला तूल पकड़ लिया है। जिला प्रशासन के आदेश पर एगारकुण्ड प्रखंड के डुमरकुंडा दक्षिण पंचायत को चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत सूंदर नगर बालू घाट से बालू उठाव का आदेश मिलने के बाद बालू उठाव शुरू हो गया। जिसके बाद सीमांकन का पेंच फ़ंसने के कारण सीओ ने उठाव कार्य पर रोक लगा दिया। आज बालू उठाव से जुड़े सभी व्यवसायी वर्ग के एक प्रतिनिधिमंडल एगारकुण्ड सीओ से मुलाकात कर बालू उठाव कार्य शुरू करने का आग्रह किया।



सीओ ने कहा पुनः सीमांकन किया जाएगा जिसके बाद सुंदर नगर बालू घाट से बालू उठाव किया जाएगा। फिलहाल डुमरकुंडा बालू घाट से बालू उठाने के लिये कहा है। वही सीओ से मिलने आये व्यवसायी ने कहा कि कुछ राजनीति दल के लोगो के कारण अरसे बाद शुरू हुआ बालू उठाव बंद हो गया है। इस कार्य से जुड़े ग़रीब मजदूर को काम न मिलने के कारण पलायन कर गए थे। लोगो में रोजगार का फिर एक आस जगा था। सीओ से मुलाकात कर पुनः बालू उठाव का आदेश देने के लिए आग्रह किया। वहीं झामुमो नेता रंजीत बाउरी ने कहा कि राज्य के हेमंत सरकार ने राज्य में विकास कार्य तेजी लाने के लिये बालु उठाने का काम शुरू कराया पर अधिकारी अपना कागजी जांच कर रहे हैं।

## ईसीएल के पूर्व अधिकारी व सीआईएसएफ के पूर्व इंस्पेक्टर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आसनसोल :** सीबीआई के द्वारा कोयला तस्करी के मामले में गिरफ्तार ईसीएल के पूर्व अधिकारी सुनील कुमार झा और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के पूर्व इंस्पेक्टर आनन्द कुमार सिंह को आसनसोल के विशेष सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें आसनसोल के सीबीआई कोर्ट ने 14 दिनों की जेल हिफाजत के निर्देश दिए हैं। सीबीआई ने इन दोनों को कोयला तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी अनूप माजी उर्फ लाला को कोयले के अवैध कारोबार में सहयोग करने के आरोप में कोलकाता के निजाम पैलेस में बुलाया गया था और वहां दो लोगों को लंबी पूछताछ के बाद सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। वही सीबीआई के द्वारा इस मामले में अपनी जांच और भी तेज कर दी है। इसके बाद और भी कई बड़े अधिकारी एवं बड़े माफियाओं को शिकंजे में लेने के लिए सीबीआई तैयार है। शिलपांचल में चल रहे पूरे कोयला के अवैध कारोबार पर शिकंजा के साथ-साथ सिंडिकेट राज कोयला डीओ में धांधली पर बहुत जल्द गाज गिर सकता है।

# जंगल, जमीन, नदी को बचाना हमारी जिम्मेवारी तभी होगा पर्यावरण में सुधार : डॉ. रामेश्वर उरांव

➲विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करनेवालों को किया गया सम्मानित
➲पद्मश्री मुकुंदलाल नायक और मधु मंसूरी हँसमुख ने दी प्रस्तुति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला की 40वीं वर्षगाँठ आज ललित नारायण स्टेडियम में मनायी गयी। इस मौके पर स्टेडियम में स्टार्टअप मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्री,वित्त विभाग,योजना एवं विकास विभाग, खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक मामले, विभाग झारखण्ड द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर मुख्य मंच पर पद्मश्री मुकुंद लाल नायक,मधु मंसूरी हंसमुख,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल,उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार,जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सुखैर भगत, युवा नेता रोहित उरांव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय मंत्री ने कहा कि लोहरदगा जिला में प्राकृतिक संपदा भरपूर है। यहां नदियां हैं, हरे भरे जंगल हैं। लेकिन अब मौसम में काफी बदलाव आया है। मानसून अब देर से आता है। पर्यावरण बिगड़ रहा है। नदी, जंगल, जमीन को बचाना हम सभी की जिम्मेवारी है तभी पर्यावरण में सुधार आएगा। वर्ष 1901 में लोहरदगा जिला को रांची सदर ले जाया गया,तब से रांची जिला हो गया। वर्ष 1972 में सब-डिवीजन बनाया गया और 1983 में रांची और लोहरदगा जिला अलग-अलग हो गया। लोहरदगा जिला बनाने और लोहरदगा जिला में बड़ी रेल लाईन बिछाने में स्वर्गीय शिपप्रसाद साहू का महत्वपूर्ण पहल रही। जब में पुलिस सेवा में रहा तो यहां पदस्थापित रहा। जोनल डीआईजी रहते हुए भी इस जिला में आना-जाना रहा। राजनीति में आने के बाद पार्टी के निर्देश पर लोहरदगा से चुनाव लड़ा और यही मेला कर्मक्षेत्र रहा। लोहरदगा जिला का एक व्यवसायिक और ऐतिहासिक महत्व है। ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश इंडिया के समय यह प्रमुख केंद्र रहा। शेरघाटी, चतरा, लोहरदगा, जशपुर औ रायपुर उस समय महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करते थे। यहां वर्ष 1983 के समय जनजातीय समूहों को महत्वपूर्ण निवास स्थल हुआ करता था। लेकिन बाद में स्थितियों में सुधार आता गया। लोहरदगा जिला बनने के बाद यहां पांच प्रखण्ड बने,बाद में कैरो और पेशरार प्रखण्ड बना। आज जिला में स्टेडियम हैं, खेल के क्षेत्र में प्रतिभाएं निखर कर बाहर आ रही हैं। आज बिजली की सुविधा है,सड़के अच्छी बन गई हैं, पावर सब-स्टेशन का निर्माण हुआ है। माननीय मंत्री ने लोहरदगा जिला के अच्छे भविष्य की कामना की।

**आनेवाले 10 वर्षों में और बेहतर होगा लोहरदगा : राजेंद्र बहादुर पाल**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि आनेवाले 10 वर्षों में और बेहतर होगा यही कामना है। हम सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत व सामूहिक प्रयास करना होगा। यहां की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए हमें आगे आना होगा। यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस भटकाव से बचने की जरूरत है। नैतिक व शारीरिक पतन से बचना होगा। जिला के विकास की गति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।

**लोहरदगा वीरों की भूमि : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा वीरों की भूमि रही है। शहीद पाण्डेय गणपत राय यहां जन्मे और स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, शहीद हुए। बाबू वीर कुंवर सिंह की बहन लोहरदगा जिला में ब्याही गयीं। यहां के युवाओं के उर्जा है, प्रतिभा है। यहां के युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिला को पहचान दिला रहे हैं। प्रकृति की ओर से लोहरदगा जिला को असीम सुंदरता मिली है। लोहरदगा जिला में अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करनेवाली महिलाओं को जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम में अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## रानी टोंगरी से गिरने पर घटना स्थल पर ही युवक का हुआ मौत



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोराम्बे रानी टोंगरी से फिसल कर गिरने पर युवक का घटना स्थल पर मौत हो गया। सूचना मिलते ही घटना सतर्क पहुंची सेन्हा थाना पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिये भेजा अस्पताल। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे रानी टोंगरी से पैर फिसलने के कारण एक युवक नीचे गिर गया। जिससे बांया पैर टूट गया और गम्भीर अंदरूनी चोट लगने के कारण उसकी मौत घटना स्थल पर हो गया। मृतक का पहचान इचरी टेंगरिया निवासी स्वर्गीय रामचन्द्र उराँव का 20 वर्षीय पुत्र विरेन्द्र उराँव के रूप में किया गया वही बताया जाता है कि गांव में शादी समारोह था। और गांव में तेतर टोली से आया शराती लोग का स्वागत के पश्चात विरेन्द्र उराँव शराब के नशे में देर शाम रानी टोंगरी की ओर घूमने गया था। कुछ ही समय के बाद उसके गिरने की सूचना ग्रामीणों को मिला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ मृतक का घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया गया। घटित घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों का कहने के अनुसार युवक की मौत टोंगरी से गिरने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है।

## आंदोलनकारियों की पहचान सहित अन्य लाभ देने के मामले में झारखंड सरकार विफल : राजू महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो,महासचिव कयूम खान, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, केन्द्रीय सदस्य इसरार अहमद, सीता उरांव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की पहचान और सम्मान सहित अन्य लाभ देने के मामले में झारखंड सरकार अभी तक विफल रही है। आगामी 09 जून को राज्य स्तरीय सम्मेलन में आगामी रणनीति बनाकर आंदोलनकारियों को लेकर जबरदस्त आंदोलन कर झारखंड सरकार को विवश किया जाएगा। श्री महतो ने सरकार से मांग करती है कि जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए तय सीमा के अंदर सभी आंदोलनकारियों को चिन्हित करते हुए व्यवस्था का लाभ सुनिश्चित करें। केन्द्रीय महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड राज्य बने 22 वर्ष से अधिक हो गए, लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। चिन्हितीकरण आयोग का पुनर्गठन तो कर दी गई है, लेकिन पूर्ण रूप से पावर नहीं दी गई, जिससे हजारों आंदोलनकारियों का चिन्हितीकरण कार्य अधर पर लटका है। उन्होंने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें। मुख्यमंत्री की हठधर्मिता से आंदोलनकारियों, झारखंड वासियों में तीव्र जनाक्रोश भड़क रहा है, जिससे उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा चिन्हितीकरण के नाम पर लोगों को बरगला कर आर्थिक दोहन करने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सावधान रहें। उन्होंने कहा कि जो सही में आंदोलनकारी हैं उन सभी का चिन्हितीकरण होगा। इसके लिए आयोग के चेयरमैन से बात हुई है।

## कोलेबिरा विधायक ने किया क्षेत्र की समास्याओं को लेकर आधिकारियों व अपने प्रतिनिधियों संग बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं एवं अनियमितता को लेकर विभाग के पदाधिकारियों, संवेदकों और क्षेत्र के सभी प्रतिनिधियों के साथ बैठक किए। विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखण्डों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र पेयजल की घोर समस्या से विधायक को अवगत कराया। लोगों ने कहा कि जो केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना हर घर नल जल योजना में घोर अनियमितता बरती जा रही है।जिस चापाकल में पानी की कमी है उसमें भी जलमीनार लगा दिया गया है, जहां बोरिंग किया गया परन्तु पानी निकला ही नहीं और जलमीनार लगा दिया गया है, कहीं कहीं पाईप लीकेज हो रहा है। कहीं चापाकल खराब है तो कहीं जलमीनार। इस गर्मी में जनता पानी के लिए बदहाल है। सारी बातों की जानकारी मैं विभाग से दिनांक 5.04.2023 को ही सारी जानकारी मांगी थी परन्तु विभाग ने कोई भी जानकारी देना उचित नहीं समझा। इससे साफ जाहिर है कि विभाग के पदाधिकारी बेलगाम हो गया है।और सरकार को बदनाम करने का खेल खेल रहे हैं।जो बर्दाश्त के बाहर है। अनियमितता का ये हाल है कि घटिया स्तर का सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, मैं बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार ने गर्मी आने से पहले अक्टूबर माह में पैसा मुहैय्या कराने का कार्य किया, किन्तु सिमडेगा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कारनामा देखिए अभी तक काम आधा अधूरा रखे हुआ है। इससे स्पष्ट है कि ये पदाधिकारी सरकार को बदनाम करने केलिए कार्य किया जा रहा है। इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष सहित विभाग के सचिव को विभागीय अधिकारियों के करनामा की जानकारी देते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए लिखुंगा। विभाग के अधिकारी संवेदकों से मिलकर लूट खसोट कर रहे हैं । यही कारण है कि संवेदक इन अधिकारियों का बात तक नहीं सुनते हैं। और मनमाना कार्य कर रहे हैं।

## 40 वां वैचारिक क्रांति शिविर में भाग लेने हेतु 50 सदस्यीय दल दिल्ली के लिए हुए रवाना



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में 40 वां वैचारिक क्रांति शिविर आगामी 19 मई से 28 मई 2023 तक आर्य समाज मंदिर,रानी बाग दिल्ली में आयोजन हेतु झारखंड से 50 प्रशिक्षु भाग लेने के लिए आज रवाना हुए हैं। टीम का नेतृत्व गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक एवं आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य कर रहे हैं। शिविर में चतरा, लोहरदगा एवं लातेहार के प्रतिनिधि भाग लेंगे। जहां बच्चों को आगामी 10 दिनों के शिविर में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रेम एवं चरित्र निर्माण की भावना जागृत करने हेतु अपनी संस्कृति और गौरव की रक्षा आदि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से इन्हें संस्कार एवं संस्कृति व चरित्र निर्माण बौद्धिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

## लोहरदगा स्थापना दिवस पर युवा सद्भावना मंच द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर युवा सद्भावना मंच के द्वारा आज बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 25-25 ओवर का एक मैच लोहरदगा वर्सेस रांची के बीच खेला गया। रांची की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। रांची की टीम ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 165 रन बनाए टीम की ओर से विवेकानंद तिवारी ने 55, सार्थक ने 35 तथा सोनू ने 25 रन बनाए। लोहरदगा टीम की तरफ से बॉलिंग में जय जीत ने 3 विकेट तथा सिवा और सुमित ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी लोहरदगा की टीम ने 23 ओवर में 6 विकेट खोकर 166 रन बना लिए। टीम के तरफ से सुमित उरांव ने नाबाद 45 रन प्रेम ने 30 रन तथा शमशाद ने नाबाद 25 रन बनाए। रांची की टीम की तरफ से सोनू ने 3 विकेट तथा प्रशांत ने दो विकेट लिए। इस मैच को लोहरदगा की टीम ने 4 विकेट से जीत लिया इस मैच के उद्घाटन में लोहरदगा उपायुक्त महोदय वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार और अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद,अमित बेसरा के अलावे खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बाल विवाह रोक पर जागरुकता चलाए पंचायत सचिव : बीडीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह पर रोक को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुआ। बैठक में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बाल विवाह पर रोक के लिए गांव,टोला और मुहल्ला में जागरूकता अभियान चलाये और लोगों को बताएं कि लड़की 18 वर्ष से कम उम्र की हो और लड़का 21 वर्ष से कम उम्र का हो तो दोनों ऐसी स्थिति में बाल विवाह की श्रेणी में आएगा और कानून के तहत गैर जमानती है। इस विवाह में कोई व्यक्ति शामिल होता है। तो वह भी अपराध की श्रेणी में आयेगा और उस पर भी कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। जब तक बच्चे बालीग ना हो तब तक उनका विवाह नहीं करें। बाल विवाह में सबसे पहले लड़का के माता-पिता को गिरफ्तार किया जाएगा। उसके बाद लड़की का माता पिता की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही उस उत्सव में अगर कोई भी व्यक्ति खाने पीने,बाजा या विवाह कराने में किसी तरह से शामिल होता है। तो वह भी बाल विवाह अपराध में साथ देने की श्रेणी में आएगा और उसके ऊपर भी कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। बीडीओ श्री चोपड़ा ने निर्देश देते हुए कहा कि इसको लेकर आप सभी विद्यालय में शिक्षक एव प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय में इस विषय पर जागरूकता चलाए। पंचायत सचिवव आंगनबाड़ी सेविकाएँ गांव गांव में लोगों को जागरूक करें।

## मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक, सर्वसमति से लिया गया निर्माण का निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** शिव मंदिर निर्माण को लेकर हिन्दू संगठन की अध्यक्षता में मंदिर निर्माण हेतु बैठक चितरी कोयल नदी तट पर विवाह मंडप में आयोजित कर लिया गया सर्वसमति से क्लिय गया निर्माण का लिया गया निर्णय। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडु पंचायत स्थित चितरी कोयल नदी तट पर विवाह मंडप प्रांगण में शिव मंदिर निर्माण हेतु हिन्दू संगठन के नेतृत्व में ग्रामीणों का बैठक आयोजन हुआ। आयोजित बैठक के दौरान हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा शिव मंदिर निर्माण को ले कर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए मंदिर निर्माण के लिए कमिटी का गठन किया गया। बताया जाता है कि शिव मंदिर निर्माण का आधार शिला अग्रवाल साइकिल स्टोर के संचालक तालकेश्वर अग्रवाल द्वारा चितरी कोयल नदी तट पर रखा गया था। परंतु तालकेश्वर अग्रवाल का आकस्मिक निधन के पश्चात मंदिर निर्माण कार्य स्थगित हो गया था। जिस निमित तलकेश्वर अग्रवाल का पुत्र मनीष अग्रवाल ने अपने पिता का स्मृति पर एवं उनके मनोकमना को पूर्ण करने हेतु हिन्दू संगठन के नेतृत्व में मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणो के साथ बैठक कर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण कार्य 22 मई को भूमिपूजन के उपरांत प्रारम्भ किया जायेगा।


## राजकीयकृत मध्य विद्यालय में जिला स्थापना दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** जिला स्थापना दिवस के 40 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडी पाड़ा लोहरदगा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधानाध्यापक अरुण राम के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने व अपने लोहरदगा जिला की हरियाली बनाये रखने का संदेश दिया। अरुण राम ने लोहरदगा वासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि लोहरदगा जब जिला बना था पेड़ पौधे से आच्छादित यह क्षेत्र खूबसूरत एवं हर भरा था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ना शुरू हो गया है। बचाव के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। हम सभी को लोहरदगा जिला के विकास में अपना सहयोग देना चाहिए। इस के लिए शिक्षा के अधिकार को हरएक बच्चों तक पहुंचाना होगा, सभी बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहैय्या कराना होगा। ज्ञान रूपी हथियार से विकास के सारे दरवाजे खुलते हैं। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने कहा की विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण से विद्यालय की सुंदरता तो बढ़ती हीं है साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी होती है। हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि विशेष आयोजनों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम अवश्य करें। इस अवसर पर अरुण राम, राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार के साथ-साथ माता समिति के सदस्य किरण देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक जिला में 17 स्थानों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के संबंध में सदर प्रखण्ड, सेन्हा, भण्डरा और कुडू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 6 एचएससी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी पायी गई है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा तत्काल छह सीएससी में कार्य रोकने का निदेश दिया गया। साथ ही, उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया गया जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और कार्यपालक दण्डाधिकारी पूजा कुमारी रहेंगी। समिति द्वारा जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, उन स्थानों के बदल अन्य छह स्थानों पर प्रस्ताव समर्पित किये जाने का भी निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त फण्ड से सदर अस्पताल स्थित पीएसए प्लांट में एक तकनीकी सहायक और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक एक्स-रे तकनीशियन की व्यवस्था करने का निदेश सिविल सर्जन,लोहरदगा को दिया गया। आज की बैठक में संस्थागत प्रसव,नेशनल डिवार्मिंग डे,एनीमिया मुक्ति संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध,डीपीएम, एपीडेमियोलॉजिस्ट, पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## सार्थक इंस्टीट्यूट कोटा द्वारा जीटीपीएस के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी : प्रवीण सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के चेयरमैन सह पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह ने कहा है कि ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के छात्रों को देश के नामी कोचिंग संस्थान सार्थक इंस्टीट्यूट कोटा (राजस्थान) के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सत्र 2023 -24 के लिए ऑनलाइन कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 6 एवं 7 जून 2023 को जीटीपीएस में डेमो क्लास का आयोजन किया गया है,जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि लोहरदगा क्षेत्र के विद्यार्थियों में मेघा की कमी नहीं है। यदि उन्हें उचित माहौल और व्यवस्था दी जाए तो बड़ा से बड़ा लक्ष्य वे आसानी से प्राप्त कर सकते हैं,किंतु दुख का विषय है कि 40 वर्ष लोहरदगा को जिला बने हो गया किंतु अब तक प्रशासन या कोई भी ऐसी शिक्षण- संस्थान इस दिशा में पहल नहीं किया। प्रवीण सिंह ने कहा कि चूंकि मैं प्रारंभिक काल से ही सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा हूं। अतः शुरू से ही मेरी यह इच्छा रही है कि एक ऐसी शिक्षण -संस्थान इस क्षेत्र में भी विकसित किए जाएं जहां छात्र हर प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर अपने लक्ष्य को हासिल कर सके और यही सपना लेकर मैंने ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा की स्थापना की । उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं यह क्षेत्र एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है । आर्थिक रूप से यहां के लोग संपन्न नहीं हैं ,फिर भी बहुत हिम्मत करके अपने बच्चों को अभिभावक दिल्ली,कोटा जैसे सुदुर संस्थानों में भेज कर इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि की तैयारी कराते हैं। दिल्ली, कोटा (राजस्थान) लोहरदगा से काफी दूर है वहाँ काफी खर्च हो जाता हैं और असुरक्षा का भी माहौल बना रहता है जिसके कारण अभिभावक हमेशा अपने बच्चों को वहां भेजने के बाद चिंतित दिखाई पड़ते हैं। यही कारण है कि मैंने सार्थक इंस्टीट्यूट कोटा (राजस्थान )के प्रशिक्षकों से संबंध स्थापित कर जीटीपीएस में ही ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था सुनिश्चित की है। यहां IIT, JEE Neet, ओलम्पियाड, CA आदि की, ऑनलाइन तैयारी कराई जाएगी। प्रवीण सिंह ने कहा सार्थक इंस्टीट्यूट देश के बड़े कोचिंग शिक्षण-संस्थानों में गिना जाता है, जहां लगभग 5 करोड विद्यार्थी जुड़कर लाभ उठाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोहरदगा क्षेत्र के अभिभावकों और छात्रों का उचित सहयोग हमें मिला तो हम अगले सत्र से ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन क्लास कि तैयारी भी कराने की व्यवस्था करेंगे। सत्र 2320 में आठवीं से लेकर 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ गणित, साइंस, कॉमर्स, अंग्रेजी आदि विषयों की भी तैयारी कराई जाएगी।

## भूंइहर मुंडा आदिवासी समुदाय संवैधानिक अधिकारों से वंचित : सुखदेव भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा :** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर प्रखंड के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया। इस क्रम में डूमर पाठ काटो पाना अंबाकोना गोरा पाठ सुखवा पानी गुदरी माइंस अमती पानी माय क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। इससे पूर्व सदियों से निवास करने वाले भूंइहर मुंडा समुदाय से आदिवासियों को सूची में शामिल नहीं करने और सरकारी योजनाओं से वंचित होने की पीड़ा सबों ने व्यक्त की। श्री भगत ने कहा कि मैं इस पीड़ा से अवगत हूं और जनजातीय सलाहकार परिषद में भी यह बात मैंने उठाया था और कांग्रेस इस मुद्दे पर अत्यंत संवेदनशील है। मैं शीघ्र ही सभी तकनीकी एवं संवैधानिक पहलुओं का अध्ययन कर आदिवासी सूची में शामिल कराने का हर संभव प्रयास करूंगा। हिंडालको कंपनी द्वारा बॉक्साइट खनन से उत्पन्न दुष्परिणाम से भी ग्रामीणों ने अवगत कराया। ग्रामीणों ने श्री भगत को बताया कि गरीब आदिवासी एवं आदिम जनजाति लोगों का हिंडालको द्वारा शोषण कर रही है बुनियादी सुविधा भी रास्ता बिजली शिक्षा स्वास्थ्य के मामले में कंपनी उपेक्षा पुर्ण रवैया अपनाती है ब्लास्टिंग से भी घर काफी क्षति पहुंची है। खनन कार्य करने के बाद भूमि का समतलीकरण भी नहीं की है। हिंडालको बाहर की कंपनी ह्यष्टक्क कोठे का में काम देती है जो सरकारी प्रावधानों का खुलकर उल्लंघन करती है। गरीब आदिवासी जनों को प्रशासन से धमका कर एग्रीमेंट साइन भी करा लेती है। सुखदेव भगत ने ग्रामीणों तथा मजदूरों को कहा कि डरने की बात नहीं है हमारी सरकार संवेदनशील सरकार है ग्रामीणों का वाजिब हक मिलेगा जरूरत पड़ी तो आंदोलन किया जाएगा गरीब आदिवासी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पूर्व सुखदेव भगत के पहुंचने पर ग्रामीणों ने पूरे उल्लास एवं जोश के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर बिशुनपुर प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, बिशुनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजू उरांव, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रेम दत्ता, फादर विनोद, प्रसन्ना, माइकल मुंडा, संजीत असुर,वेजिना मुंडा, अनिल असुर, धर्मेंद्र असुर, दीनदयाल सारस, फुलदेव उरांव, सत्यजीत सिंह, अनिल कुमार, गुड्डू शर्मा, दयाल लकड़ा, अनवर अंसारी, अमर बेक, रंजीत उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

